* ओड़िशा संस्करण

07 जून, 2024
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 227

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







# मोदी का शपथ ग्रहण 9 जून को शाम 6 बजे

- सहयोगी दल जदयू और टीडीपी के साथ बनी बात
- भाजपा से जीते कई मंत्री रिपीट होंगे
- एनडीए संसदीय दल की बैठक आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार के शपथ ग्रहण की गुरुवार को नयी तारीख आ गयी है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। मोदी 9 जून को शाम 6 बजे शपथ ले सकते हैं। पहले 8 जून को शपथ लेने की खबरें थीं। सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में भाजपा के जीते सभी मंत्री इस बार भी रिपीट होंगे। विवाद से जुड़े चेहरों के नाम मंत्री पद की लिस्ट से काटे जा सकते हैं। चुनाव हारीं स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर को पार्टी एक और मौका दे सकती है। इन्हें फिर से मंत्री पद मिल सकता है। एनडीए संसदीय दल की बैठक शुक्रवार को बुलायी गयी है। इसमें नरेंद्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुना जायेगा। इसके बाद वह राष्ट्रपति के पास सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

**नीतीश और चंद्रबाबू के साथ बात बनी:** दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर गुरुवार को अहम बैठक हुई। इसमें अमित शाह और राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में नयी सरकार बनाने, भाजपा और उसके सहयोगी दलों को मंत्रिमंडल में जगह देने और शपथ ग्रहण की तैयारियों समेत कई मुद्दों पर चर्चा की खबर है। सूत्रों की मानें तो जदयू के नीतीश कुमार और टीडीपीए नेता चंद्रबाबू नायडू के साथ मंत्रिमंडल को लेकर सहमति गयी है। भाजपा ने उनके मान-सम्मान और मंत्रिमंडल में उचित प्रतिनिधित्व का आश्वासन दे दिया है।

**14 सहयोगी दल हैं भाजपा के साथ:** गौरतलब है कि भाजपा को बहुमत हासिल नहीं है। उसे 240 सीटें मिली हैं, जबकि बहुमत के लिए 272 सीटों की जरूरत है। एनडी ने 293 सीटों के साथ बहुमत हासिल किया है। भाजपा के साथ 14 सहयोगी दलों के 53 सांसद हैं। भाजपा को इन सभी पर ध्यान देना होगा। सूत्रों की मानें तो सबसे बड़े सहयोगी दल टीडीपी और जदयू के अलावा अन्य दलों के नेताओं से भी भाजपा नेतृत्व ने अलग-अलग बात की है। इन्हें भी उचित सम्मान का भरोसा दिया गया है।

## शपथ ग्रहण की तैयारी शुरू

नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। सूत्रों की मानें तो प्रधानमंत्री के साथ कुछ मंत्री पद के लिए भी शपथ लेंगे। इसमें 40 नये चेहरे हो सकते हैं। वहीं, भाजपा अपने पुराने मंत्रियों को फिर से मौका दे सकती है। वहीं शपथ ग्रहम समारोह में किन लोगों को निमंत्रण दिया जायेगा, इसकी भी सूची तैयार की जा रही है। इनमें श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड समेत मॉरीशस और भूटान के नेता शामिल होंगे।

# मोदी-शाह ने निवेशकों के 30 लाख करोड़ डुबोये: राहुल गांधी

कांग्रेस नेता ने लगाया आरोप, कहा ये शेयर मार्केट का सबसे बड़ा स्कैम, संसदीय समिति इसकी जांच करे



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 4 जून चुनाव परिणाम के दिन स्टॉक मार्केट की गिरावट को बड़ा घोटाला बताया। उन्होंने इसकी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) से जांच कराने की मांग की है। राहुल ने कहा कि 31 मई को भारी स्टॉक एक्टिविटी थी। ये वो लोग थे, जो जानते थे कि कोई न कोई घपला हो रहा है। हजारों करोड़ों यहां इन्वेस्ट हुए। 30 लाख करोड़ का नुकसान हुआ। रीटेल इन्वेस्टर का नुकसान हुआ। ये हिंदुस्तान का सबसे बड़ा स्कैम है।

राहुल गांधी ने कहा कि पहले गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आने वाली 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आयेंगे, तो शेयर बाजार आसमान पर जायेगा। इसके तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी आने की बात कहते हुए लोगों को शेयर खरीदने की सलाह दी। इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी इसी तरीके से शेयर बाजार में जोरदार उछाल की बात कही थी।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों वाले दिन सेंसेक्स में 4389 अंकों (5.74%) की गिरावट देखने को मिली थी। इससे निवेशकों को 30 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। 4 जून को बीएसइ पर लिस्टेड कंपनियों का ओवर ऑल मार्केट कैप 395 लाख करोड़ रुपये हो गया थे। एक दिन पहले यह लगभग 426 लाख करोड़ रुपये था।

एक सवाल के जवाब में राहुल ने कहा कि ये एकदम क्लियर है कि स्कैम हुआ है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने डायरेक्ट कहा कि स्टॉक मार्केट ऊपर जायेगा। पीएम ने साफ कह दिया कि स्टॉक खरीदना चाहिए। जब प्रधानमंत्री और गृहमंत्री इस तरह की बात करते हैं तो जनता का विश्वास बढ़ता है। इन लोगों को पहले से मालूम था कि रिजल्ट 400-300 सीट का नहीं है। फिर भी मार्केट को अस्थिर करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हम हवा में बात नहीं कर रहे हैं। अगर मामले की जांच होगी तो सब साफ-साफ पता चल जायेगा। इसके लिए गलत एग्जिट पोल चलाये गये। उन्हीं के लोगों ने इन्वेस्ट किया और उनको फायदा हुआ और बाकी लोगों को घाटा हुआ। इस मामले में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सीधे तरीके से संलिप्त हैं।

### भाजपा नेता ने किया पटलवार

## देश को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं : पीयूष गोयल



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता पीयूष गोयल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत के अर्थव्यवस्था की उपलब्धि साधारण उपलब्धि नहीं है। पूरा विश्व इसे गंभीरता से देख रहा और समझ रहा है। भारत का विकास पीएम मोदी के नेतृत्व में होने जा रहा है। एक बार फिर मोदी सरकार बन रही है, इस बात से राहुल गांधी बहुत परेशान नजर आ रहे हैं। ऐसे में वे अपने बयान से निवेशकों को हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं। इक्विटी मार्केट में चुनाव के हिसाब से अलग-अलग तरीके से बदलाव होते रहते हैं। देश की जनता को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं है। गोयल ने कहा कि दुनिया भर में इस तरह से इक्विटी मार्केट चलती है। देखना यह है कि लंबे अरसे में इक्विटी मार्केट में क्या हुआ है। देश के निवेशक जानते हैं कि पिछले दस वर्ष के सफलतापूर्वक मोदी सरकार के कार्यकाल में हमारा मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ का कीर्तिमान हासिल किया है। पीएसयू का मार्केट कैप भी चार गुना मोदी सरकार के कार्यकाल में बढ़ा है। यूपीए काल में भारत का मार्केट कैप मात्र 67 लाख करोड़ रुपये था। आज यह बढ़कर 415 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह 348 लाख करोड़ रुपये की बढ़त पिछले दस वर्षों में हुई है।









### हेमंत सोरेन के पोस्ट पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने साधा निशाना

# जेल में यातनाएं दी जा रहीं, तो सीसीटीवी फुटेज को सार्वजनिक करायें : बाबूलाल

सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कसा तंज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से किये गये पोस्ट पर निशाना साधा है। मरांडी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा है कि हेमंत सोरेन जी की बड़ी तमन्ना थी, लोगों को उठा कर जेल में डालने की। सत्ता के अहंकार में आपने सैकड़ों निदोर्षों को जेल में डाला। तब आपको ना तो मानवाधिकार का ख्याल आया, ना जेल के अंदर की बदतर हालातों का। ईश्वर का न्याय देखिये कि जिस 'जेल के खेल' को आपने शुरू किया, अपने कुकर्मों के कारण आप भी उसी खेल का शिकार हो गये। उन्होंने कहा है कि वैसे अब आप बेकार में ही मानवाधिकार और आदिवासी बंधुओं की चिंता में दुबले हुए जा रहे हैं। जब संताल में सैकड़ों आदिवासी बेटियों को लव जिहाद में फंसाया गया। शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिये गये। गाड़ियों से कुचला गया। तब आपको आदिवासियों की याद नहीं आयी? हेमंत सोरेन जी यदि आपको जेल में कथित यातनाएं दी जा रही हैं, तो न्यायालय से अनुरोध कर अपने बैरक का सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करायें। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि जेल मैनुअल के अनुसार आपको सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मैं आपके पक्ष में खड़ा रहूंगा। चंपाई सोरेन सरकार को जेल मैनुअल के अनुसार सारी सुविधाएं देने के लिए मजबूर कर दूंगा।

## हेमंत सोरेन ने क्या किया था पोस्ट

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सोशल मीडिया को उनकी पत्नी कल्पना सोरेन हैंडल कर रही हैं। उन्होंने हेमंत की तरफ से झारखंडवासियों से आह्वान करते हुए पोस्ट किया था कि अगर हेमंत सोरेन के पक्ष में मजबूती से खड़ा नहीं हुए तो भाजपा के लोग इस राज्य को मणिपुर बनाने से बाज नहीं आयेंगे। कल्पना ने दिवंगत फादर स्टेन स्वामी को आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता बताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा है कि पुलिस हिरासत में उनकी मौत भारत के लोकतंत्र और मानवाधिकार पर काला धब्बा है। जेसुइट पादरी फादर स्टेन स्वामी 84 साल के थे। वह आदिवासी अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे। भाजपा सरकार ने झूठे आतंकवाद का आरोप लगा कर उन्हें जेल में रखा। उन्हें जमानत नहीं दी। चिकित्सा उपचार से वंचित रखा। स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण फादर स्टेन स्वामी की 5 जुलाई 2021 को हिरासत में ही मौत हो गयी। उन्होंने लिखा, जैसे सबसे कमजोर वर्ग के लिए आवाज उठाने वाले फादर स्टेन को संस्थागत उपेक्षा और अन्याय से चुप कराया गया, आज उसी तरह का जुल्म हेमंत सोरेन पर हो रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फादर स्टेन स्वामी के साथ पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की तस्वीर भी साझा की है।

## न्यूज रील्स

### कंगना को महिला कांस्टेबल ने थप्पड़ मारा

चंडीगढ़। कंगना रनोट को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर थप्पड़ मारने वाली सीआइएसएफ की महिला कांस्टेबल का एक वीडियो सामने आया है। इसमें आरोपी कह रही है कि कंगना ने कहा था कि 100-100 रुपये की खातिर लोग किसान आंदोलन में बैठ रहे हैं। जब उसने यह बयान दिया तो मेरी मां भी वहां बैठी थी। कांस्टेबल का नाम कुलविंदर कौर है। इस घटना के बाद उसे सस्पेंड कर हिरासत में ले लिया गया है। ये घटना गुरुवार दोपहर की है। कंगना चंडीगढ़ से दिल्ली जा रही थीं। तभी एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी चेक के दौरान महिला कांस्टेबल ने थप्पड़ मारा था। कंगना ने इस मामले में शिकायत भी दर्ज कराई है।

# पक्ष-विपक्ष दोनों के लिए अलार्मिंग हैं चुनाव के आंकड़े

भाजपा 28 में से 23 ट्राइबल विधानसभा सीटों पर पिछड़ी

सत्तारूढ़ गठबंधन को 52 विधानसभा सीटों पर शिकस्त

शंभु नाथ चौधरी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के नतीजे राज्य के बदलते सियासी हालात का संकेत दे रहे हैं। इन नतीजों से वोटों का जो अंकगणित सामने आया है, वह राज्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए अलार्मिंग है। राज्य की सभी पांच ट्राइबल सीटों पर हार से जहां भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए नेतृत्व के माथे पर चिंता की लकीरें हैं, वहीं वोटों की विधानसभावार गिनती के आंकड़ों में खासे अंतर से पिछड़ जाना झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन को परेशानी में डालने वाला संकेत है।

झारखंड की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल जनवरी 2025 के पहले हफ्ते में पूरा हो रहा है। ऐसे में अगले चार से पांच महीनों के भीतर चुनाव संभावित हैं। लिहाजा, लोकसभा चुनाव परिणाम के आंकड़ों का आकलन पक्ष-विपक्ष दोनों तरफ की पार्टियां कर रही हैं।

लोकसभा चुनाव के नतीजों का विधानसभावार विश्लेषण करने पर यह फैक्ट सामने आया है कि राज्य की 81 में से 50 विधानसभा सीटों पर एनडीए को बढ़त हासिल हुई है। राज्य के मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन को एनडीए से काफी कम मात्र 29 सीटों पर बढ़त मिली है। दो सीटों पर एक नये संगठन जेबीकेएसएस (झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति) को बढ़त हासिल हुई है।

अगर विधानसभा चुनाव में भी एनडीए इसी आंकड़े को बरकरार रखने में कामयाब हो जाये, तो राज्य की मौजूदा सरकार की जमीन खिसकनी तय है। लेकिन, लोकसभा चुनाव की बढ़त को विधानसभा चुनाव में भी बरकरार रखना एनडीए के लिए कठिन चुनौती है। 2019 के चुनाव में भाजपा की तत्कालीन रघुवर दास के नेतृत्व वाली सरकार भी उस साल हुए लोकसभा चुनाव की




बढ़त से उत्साहित थी। उन्होंने उत्साहित होकर अबकी बार 65 पार का नारा दिया था। लेकिन, जब विधानसभा चुनाव के नतीजे आये थे, तो पार्टी मात्र 26 सीटों पर सिमट गयी थी और उसे राज्य की सत्ता गंवानी पड़ी थी।

भाजपा राज्य में आदिवासियों के लिए रिजर्व 28 में से 26 सीटें हारने की वजह से सत्ता से बाहर हो गयी थी। तब पार्टी नेतृत्व ने स्वीकार किया था कि उनसे झारखंड के आदिवासियों के सेंटिमेंट्स को समझने में चूक हुई है। पार्टी ने इसकी भरपाई के लिए कई कोशिशें कीं। केंद्र सरकार ने झारखंड के सबसे बड़े जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया।

भाजपा से 2004 में अलग होकर अपनी पार्टी बनाने वाले बाबूलाल मरांडी को वापस भाजपा में सम्मानपूर्वक लाया गया और उन्हें पार्टी की कमान सौंपी गयी। आदिवासी कल्याण के लिए केंद्र सरकार की ओर से कई योजनाएं लागू की गयीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भगवान बिरसा मुंडा के गांव गए। झारखंड की राज्यपाल रहीं द्रौपदी मुर्मू देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनायी गयीं। लेकिन, इन तमाम कोशिशों-कवायदों के बाद भी इस लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी पांच आदिवासी आरक्षित सीटों पर भाजपा को शिकस्त मिली। विधानसभावार आंकड़ों पर भी निगाह डालें तो भाजपा 28 में से 23 ट्राइबल सीटों पर पिछड़ गई है। संकेत साफ है कि आदिवासी भाजपा से बिदके हुए हैं। उनकी नाराजगी का सबसे बड़ा कारण झारखंड के आदिवासी नेता पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को माना जा रहा है। बहरहाल, भाजपा में अब एक बार फिर झारखंड में आदिवासियों को अपने पक्ष में लाने के लिए नये सिरे से मंथन की तैयारी चल रही है।

इधर, सत्तारूढ़ जेएमएम-कांग्रेस-राजद के खेमे में सबसे ज्यादा इस बात को लेकर चिंता है कि सरकार के सात मंत्रियों सहित करीब 20 विधायक अपने ही विधानसभा क्षेत्रों में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को बढ़त दिलाने में नाकाम रहे। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल, मिथिलेश ठाकुर, सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी और बसंत सोरेन की विधानसभा सीटों पर भी उनके दल-गठबंधन के प्रत्याशी पीछे रह गये। केवल चार मंत्री आलमगीर आलम, दीपक बिरुआ, रामेश्वर उरांव और हफीजुल हसन ऐसे रहे, जिनके क्षेत्रों में इंडिया के प्रत्याशियों को बढ़त हासिल हुई। विधानसभावार कुल 52 सीटों पर पिछड़ना गठबंधन के लिए चिंता का विषय है। जाहिर है, विधानसभा चुनाव के लिए यहां भी नयी रणनीति पर विचार-विमर्श शुरू हो गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 68,800 रु./10 ग्राम
चांदी 97,000 रु./प्रति किलो



# आदिवासी, सवर्ण और कुरमी मतदाता भाजपा से छिटके

## ■ सवर्ण और कुरमी वोटरों के खिसकने से हिल गयी भाजपा की जमीन

## ■ पांच सीटों की हार का असर होगा सीधे विधानसभा की 31 सीटों पर

आजाद सिपाही विशेष

लोकसभा चुनाव परिणाम का विश्लेषण अपने-अपने हिसाब से किया जा रहा है, लेकिन झारखंड के चुनाव परिणाम के बारे में एक बात सभी स्वीकार कर रहे हैं कि यह भाजपा के लिए खतरे की घंटी है। खतरे की घंटी इसलिए, क्योंकि झारखंड चुनावी राज्य है और अगले छह महीने में यहां विधानसभा चुनाव होना है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने झारखंड की 13 सीटों पर प्रत्याशी उतारा था, जबकि उसकी सहयोगी आजसू ने एक सीट पर चुनाव लड़ा था। 2019 में भी इन दोनों दलों ने इतने ही प्रत्याशी उतारे थे और 12 सीटों पर जीत हासिल की थी। इस बार आजसू ने अपनी सीट तो बचा ली, लेकिन भाजपा तीन सीटों पर हार गयी। इन तीन सीटों पर हार से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि भाजपा को झारखंड की सभी एसटी यानी पांच सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। इसका असर विधानसभा चुनाव पर भी पड़ेगा, जैसा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में हुआ था, जब भाजपा आदिवासियों के लिए आरक्षित 28 में से 26 सीटों पर हार गयी थी। लोकसभा चुनाव परिणाम ने एक तरफ जहां भाजपा की संगठनात्मक कमजोरियों को उजागर किया है, वहीं पार्टी के कतिपय फैसलों को भी सवालों के घेरे में ला दिया है। उदाहरण के लिए, झारखंड में सवर्णों की चार बड़ी जातियां, राजपूत, कायस्थ, भूमिहार और ब्राह्मण के अलावा कुरमी वोटरों ने इस बार भाजपा का साथ नहीं दिया, जिसके कारण उन नौ सीटों पर 2019 के मुकाबले भाजपा की जीत का अंतर बहुत कम हो गया, जहां उसने जीत हासिल की है। इतना ही नहीं, जिन सीटों पर भाजपा की हार हुई, वहां दुमका को छोड़ कर अन्य सीटों पर अंतर बढ़ गया। इस तरह लोकसभा चुनाव परिणाम ने भाजपा की अंदरूनी खामियों और चुनावी कुप्रबंधन को सामने ला दिया है, जिस पर तत्काल नियंत्रण करना जरूरी है। यहां यह बात महत्वपूर्ण है कि झारखंड में इस बार पिछली बार की तुलना में भाजपा को 7 प्रतिशत वोट कम मिला है। वहीं आजसू का वोट भी घटा है। उसे भी पिछली बार की तुलना में 1.78 प्रतिशत वोट शेयर कम मिला है। पिछली बार भाजपा का वोट शेयर 51.6 प्रतिशत था, जो इस बार घट कर 44.60 प्रतिशत रह गया। उसी तरह आजसू का गिरिडीह में वोट प्रतिशत पिछली बार 4.40 प्रतिशत था, जो इस बार घट कर 2.62 प्रतिशत ही रह गया। यही नहीं भाजपा को पिछली बार कुल 81 विधानसभा सीटों में से 63 सीटों पर भाजपा को बढ़त मिली थी, जो इस बार घट कर मात्र 47 सीटों पर उसे लीड मिली है। इसके अतिरिक्त आजसू को शामिल कर लें, तो 50 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली है। गिरिडीह की सीट भी शामिल है। झारखंड की एक-एक सीट पर क्या रहा चुनाव परिणाम और क्या रहा जीत-हार का अंतर और कारण, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के साथ ही झारखंड में भाजपा का सपना टूट गया है। यहां पर इंडिया गठबंधन ने अपना दम दिखाया है। राज्य की सभी 14 सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा को बड़ा झटका तो लगा ही है, साथ ही उसके लिए खतरे की घंटी भी बज गयी है। झारखंड में 2019 चुनाव के मुकाबले भाजपा को काफी नुकसान हुआ है। राज्य की आठ सीटों पर भाजपा, तीन सीट पर झामुमो, दो सीट पर कांग्रेस और एक सीट पर आजसू ने जीत दर्ज की है।

इस तरह से एनडीए के खाते में नौ सीटें गयी है, वहीं इंडिया गठबंधन के खाते में पांच। झारखंड का चुनाव परिणाम इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां अगले छह महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसलिए भाजपा का झारखंड पर खास फोकस था। झारखंड को भाजपा ने कितना महत्व दिया था, यह इसी बात से साफ होता है कि यहां पीएम मोदी चुनाव के पहले से ही दौरा कर रहे थे। चुनाव के दौरान पीएम मोदी चार बार झारखंड के दौरे पर आये और पांच रैलियां और एक रोड शो में हिस्सा लिया।

### आदिवासी सीटों पर मिली करारी हार

झारखंड में भाजपा की सबसे बुरी स्थिति आदिवासी सीटों पर हुई। राज्य की जिन पांच सीटों पर भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा, वे सभी आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं। इनमें खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा, दुमका और राजमहल हैं। सिंहभूम और राजमहल में पिछली बार भी भाजपा को हार मिली थी, लेकिन इस बार सबसे चौंकानेवाली हार बाकी तीन सीटों पर हुई। आदिवासी सीटों पर भाजपा की हार का कारण हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के कारण पैदा हुई सहानुभूति को बताया जा रहा है। हालांकि भाजपा से आदिवासियों की नाराजगी 2019 के विधानसभा चुनाव में ही सामने आ गयी थी। यह भाजपा के लिए बेहद चिंता का विषय है।

### भाजपा से कट गये सवर्ण और कुरमी

झारखंड में इस बार भाजपा का कोर वोट बैंक, यानी सवर्ण और कुरमी उससे नाराज रहा। सवर्णों की चार बड़ी जातियां, ब्राह्मण, कायस्थ और राजपूत ने इस बार भाजपा का साथ नहीं दिया। इसका प्रमुख कारण टिकट वितरण में इन जातियों की उपेक्षा रही।

भाजपा ने दो राजपूतों, धनबाद से पीएन सिंह और चतरा से सुनील सिंह का टिकट काट दिया। इनके बदले धनबाद से ढुल्लू महतो और चतरा से कालीचरण सिंह को उतारा। इतना ही नहीं, भाजपा का हमेशा से साथ देनेवाले कुरमी भी इस बार उससे बिदक गये, क्योंकि भाजपा नेताओं ने उन्हें एसटी का दर्जा देने से साफ मना कर दिया था। टिकट काटने से नाराज सवर्णों को मनाने की कोशिश भी नहीं की गयी, उल्टे जयंत सिन्हा और राज सिन्हा जैसे नेताओं को चुनाव के दरम्यान कारण बताओ नोटिस जारी कर कायस्थों के जले पर नमक छिड़कने की कोशिश की गयी। भाजपा में सवर्णों की उपेक्षा का आलम यह रहा कि टिकट तो दूर, उन्हें चुनाव प्रभारी तक नहीं बनाया गया। आठ अनारक्षित सीटों में से केवल एक पर ब्राह्मण प्रत्याशी को उतारा गया, वह भी पार्टी की मजबूरी ही थी। झारखंड भाजपा का पूरा दारोमदार केवल वैश्य संभालते रहे, जिसका असर चुनाव परिणाम पर साफ देखा जा सकता है।

### संगठन का ढीला रवैया भी कर गया नुकसान

झारखंड भाजपा ने इस बार जिस ढीले-ढाले रवैये से चुनाव लड़ा, उसका नुकसान भी पार्टी को उठाना पड़ा। पार्टी ने पन्ना प्रमुख बना कर इसका खूब प्रचार किया था और दावा किया गया था कि प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख से लेकर कार्यकर्ता तक सक्रिय हैं। लेकिन हकीकत कुछ और थी।

पन्ना प्रमुख तो बनाये गये, लेकिन उन्होंने इस बात का ध्यान भी नहीं रखा कि किसका नाम मतदाता सूची से कट गया है और किसका जोड़ना है। नतीजा यह हुआ कि रांची सीट पर ही करीब एक लाख ऐसे वोटरों के नाम मतदाता सूची से गायब मिले, जो भाजपा के वोटर थे। पार्टी प्रत्याशी संजय सेठ ने तो इसकी शिकायत बाकायदा चुनाव आयोग से भी की। अगर पन्ना प्रमुख अपने कर्तव्य के प्रति सजग होते, तो वोटर लिस्ट आते ही उसका मिलान कर लेते और जिन लोगों के नाम कट गये थे, उनका नाम जुड़वा लेते। यह स्थिति धनबाद और हजारीबाग में भी देखी गयी। कोडरमा में भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने मार्च महीने में ही छूट गये मतदाताओं का नाम दर्ज करा दिया था। भाजपा का प्रचार अभियान भी बेहद अनमने ढंग से चला। शुरुआत में पार्टी नेताओं का एक वर्ग काफी उत्साहित था, लेकिन दिन बीतने के साथ जिस तरह कुछ गिने-चुने मठाधीश टाइप नेताओं ने पूरे चुनाव प्रबंधन पर कब्जा जमा लिया, उससे ये नेता हताश होकर चुप बैठ गये। संघ के लोग भी इस बार भाजपा का साथ देने से बचते रहे।



## रांची: भाजपा की जीत हुई, लेकिन कम हो गया अंतर

झारखंड की सबसे हॉट सीट रांची में एक बार फिर भाजपा का परचम लहराया। उसके प्रत्याशी संजय सेठ ने लगातार दूसरी बार जीत जरूर दर्ज की, लेकिन पिछली बार से तुलना में जीत का अंतर कम रहा। पिछले चुनाव में जहां संजय सेठ की जीत का अंतर 2.82 लाख था, वहीं इस चुनाव में जीत का अंतर 1,20,512 का रहा। कांग्रेस की युवा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय का प्रभाव युवा मतदाओं पर संजय सेठ की अपेक्षा ज्यादा देखा गया था। वहीं जेबीकेएसएस प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो भी संजय सेठ के मत कम होने का एक कारण रहे। कुरमी समाज के लोगों का इन्हें अच्छा-खासा वोट मिला। देवेंद्रनाथ महतो को 1,32,647 वोट मिले। यह उम्मीद दोनों पार्टियों को नहीं थी। पूर्व के चुनाव में कुरमी समाज का अधिकांश वोट भाजपा की तरफ जाता रहा था। इस बार यह वोट भाजपा को नहीं मिल पाया। वहीं, मुस्लिम और इसाई का वोट एकमुश्त कांग्रेस प्रत्याशी की तरफ गया। आदिवासी समाज का भी ज्यादातर वोट गठबंधन की ओर ही गया। हालांकि भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को रांची सहित अन्य कस्बों में अच्छा समर्थन मिला, लेकिन ग्रामीण इलाकों में उतनी सफलता नहीं मिली। चुनाव विश्लेषक तो यहां तक कह रहे हैं कि देवेंद्रनाथ महतो ही भाजपा के लिए संजीवनी बन गये, नहीं तो ये वोट इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी के साथ जुड़ जाता और फिर कहानी कुछ और होती। कुरमी मतदाता किसी भी हालत में भाजपा को वोट नहीं देने की ठान ली थी। यह झारखंड की लगभग सभी सीटों पर हुआ।

| परिणाम एक नजर में | |
|---|---|
| 2024 में कांग्रेस को मिले मत | 5,44,220 |
| 2024 में भाजपा को मिले मत | 6,64,732 |
| 2024 में अंतर | 1,20,512 (भाजपा के पक्ष में) |
| 2019 में अंतर | 2,82,780 (भाजपा के पक्ष में) |

## खूंटी: कई गुना बढ़ गया मार्जिन

खूंटी सीट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा चुनाव हार गये। केंद्रीय जनजातीय कार्य और कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने क्षेत्र को कई बड़ी योजनाओं की सौगात दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को कमजोर जनजातीय समूहों के विकास के लिए 24 हजार करोड़ रुपये की योजना की शुरुआत की। उन्होंने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' भी शुरू की। प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू भी गये, लेकिन इस सबके बावजूद खूंटी में भाजपा का बेड़ा पार नहीं हो सका। 2019 में अर्जुन मुंडा ने खूंटी में कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को 1445 मतों के अंतर से हराया था, लेकिन इस बार कांग्रेस प्रत्याशी ने उस अंतर को करीब डेढ़ लाख तक पहुंचा कर अर्जुन मुंडा से बदला ले लिया। खास बात यह रही कि इतना बड़ा अंतर 2009 और 2014 में भी नहीं था। अर्जुन मुंडा की इस हार की सबसे बड़ी वजह रही जीत के बाद मतदाताओं से दूरी। पिछली बार कम अंतर से जीतने के बावजूद अर्जुन मुंडा ने अपने लोकसभा क्षेत्र का दौरा कम किया। इस बीच कांग्रेस के कालीचरण मुंडा जनता के बीच रहे और अपना जनाधार मजबूत करते रहे। वह खूंटी के ही रहने वाले हैं, ऐसे में आसपास के विधानसभा क्षेत्र और इलाके का दौरा करते रहे, जिससे जनता ने जुड़ाव महसूस किया। खूंटी में प्रचार के लिए कांग्रेस ने उतना जोर नहीं लगाया। भाजपा के कई दिग्गज नेता खूंटी प्रचार के लिए पहुंचे, लेकिन कालीचरण जनता के बीच यह संदेश देने में सफल रहे कि जो लोकल होगा, वही साथ देगा। कालीचरण मुंडा की जीत का भी प्रमुख कारण तमाड़ के कुरमी मतदाताओं का अर्जुन मुंडा से पूरी तरह कट जाना और आदिवासियों का पूरा वोट कालीचरण मुंडा को मिल जाना रहा।

| परिणाम एक नजर में | |
|---|---|
| 2024 में कांग्रेस को मिले मत | 5,11,647 |
| 2024 में भाजपा को मिले मत | 3,61,972 |
| 2024 में अंतर | 1,49,675 (कांग्रेस के पक्ष में) |
| 2019 में अंतर | 1445 (भाजपा के पक्ष में) |

## सिंहभूम: नहीं चल पाया भाजपा का दांव

पिछली बार कांग्रेस के टिकट पर सिंहभूम से चुनाव लड़ने वाली गीता कोड़ा ने चुनाव से ठीक पहले पाला बदला और भाजपा के साथ चली गयीं। इस सीट पर प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 मई को पहुंचे थे। यहां झारखंड के पहले चरण में चुनाव था। गीता कोड़ा ने भी डोर टू डोर कैंपेन किया, लेकिन इस प्रचार और कैंपेन के बावजूद सिंहभूम की जनता दोबारा गीता कोड़ा पर भरोसा नहीं कर सकी। गीता कोड़ा का कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में जाने का फैसला जनता को पसंद नहीं आया। कई सभाओं में इसे लेकर गीता कोड़ा को विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने सवाल किया कि जब उन्होंने किसी और पार्टी में होते हुए वोट देकर जीत दिलायी, तो वह चुनाव से पहले अपना पाला कैसे बदल सकती हैं। गीता कोड़ा ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के लिए क्या काम किया, इसे लेकर भी सवाल खड़े हुए। दूसरी तरफ इंडी गठबंधन की तरफ से यह साफ संदेश दिया गया कि अगर भाजपा सत्ता में आयी, तो आरक्षण खत्म करेगी। संविधान में ऐसे बदलाव लायेगी, जिससे आदिवासी और उनकी पहचान पर संकट होगा। इंडी गठबंधन इस बात को जनता तक पहुंचाने में सफल रहा, जिसका लाभ उसे मिला। यह सीट झामुमो के खाते में गयी, जिसने जोबा मांझी को उतारा। जोबा मांझी की छवि के आगे गीता कोड़ा टिक नहीं सकीं और 1.68 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हार गयीं। इस सीट पर भी हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से आदिवासियों के बीच गुस्सा देखा गया। यहां चंपाई सोरेन ने अपना सब कुछ झोंक दिया था।

| परिणाम एक नजर में | |
|---|---|
| 2024 में झामुमो को मिले मत | 5,20,164 |
| 2024 में भाजपा को मिले मत | 3,51,762 |
| 2024 में अंतर | 1,68,402 (झामुमो के पक्ष में) |
| 2019 में अंतर | 72,155 (कांग्रेस के पक्ष में) |

## लोहरदगा में महंगा पड़ा प्रत्याशी बदलना

लोहरदगा लोकसभा सीट से भाजपा ने अपना उम्मीदवार बदला। सुदर्शन भगत की जगह इस बार समीर उरांव को मौका मिला। इस सीट पर इंडिया गठबंधन ने सुखदेव भगत को मौका दिया। झामुमो के चमरा लिंडा ने पार्टी से बगावत की और निर्दलीय चुनाव में खड़े हो गये। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में इसाई और मुस्लिम वोट एक तरफा रहा। तमाम प्रयासों के बाद भी एनडीए इस वोट बैंक को अपनी तरफ करने में सफल नहीं रहा। दूसरी तरफ आदिवासी और इसाई वोट बैंक पर चमरा लिंडा की नजर थी। अगर चमरा लिंडा इस वोट बैंक पर कब्जा करने में सफल होते, तो इसका लाभ भाजपा को मिल सकता था, लेकिन चमरा लिंडा इस सीट पर बड़ा फैक्टर बन कर नहीं उभरे। बिशुनपुर, गुमला जैसे इलाकों में चमरा लिंडा का असर माना जा रहा था, लेकिन इन इलाकों से भी उन्हें खास वोट नहीं मिला। शहरी इलाकों में भी वोट बैंक में बिखराव का असर कांग्रेस के सुखदेव भगत को मिला। सुखदेव भगत इस खास वोट बैंक तक यह बात पहुंचाने में सफल रहे कि उनके साथ भाजपा की सरकार अन्याय कर रही है। अपने चुनाव प्रचार में सुखदेव भगत ने संविधान में बदलाव और जातीय भेदभाव का प्रमुखता से जिक्र किया, जिसका लाभ सुखदेव भगत को मिला। इस सीट पर भी सुखदेव भगत ने अपने सभी चुनावी मंच से सरना धर्म कोड, आरक्षण जैसे कई मुद्दों को उठाया जो जनता के बीच पहुंची।

| परिणाम एक नजर में | |
|---|---|
| 2024 में कांग्रेस को मिले मत | 4,83,038 |
| 2024 में भाजपा को मिले मत | 3,43,900 |
| 2024 में अंतर | 1,39,138 (कांग्रेस के पक्ष में) |
| 2019 में अंतर | 10,363 (भाजपा के पक्ष में) |

## राजमहल : लोबिन नहीं बन सके ताला की चाबी

झामुमो के विजय हांसदा ने एक बार फिर यह सीट अपने नाम कर ली। भाजपा के ताला मरांडी और निर्दलीय लोबिन हेंब्रम इस सीट पर विजय हांसदा को टक्कर नहीं दे सके। भाजपा 2004 से इस सीट पर जीत हासिल करने का प्रयास कर रही है। राजमहल लोकसभा क्षेत्र पूरे साहेबगंज और पाकुड़ जिलों को कवर करता है। यह क्षेत्र झामुमो के मजबूत क्षेत्रों में है। इस सीट पर झामुमो के पारंपरिक वोटर हैं, जो सालों से तीर-धनुष के निशान पर वोट करते रहे हैं। इस चुनाव के परिणाम में दूसरा असर रहा मुस्लिम वोटरों का। भाजपा अक्सर सीएए और एनआरसी का जिक्र करती रही। भाजपा को इसका नुकसान हुआ। इस सीट पर मुस्लिम वोट का फैक्टर एक बड़े अंतर के रूप में उभर कर सामने आया। लोबिन हेंब्रम झामुमो का पारंपरिक वोट नहीं काट सके। इस क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा भाजपा नो जोर-शोर से उठाया था। राजमहल में भी हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को आदिवासी और संताल मतदाताओं ने गलत माना।

| परिणाम एक नजर में | |
|---|---|
| 2024 में झामुमो को मिले मत | 6,13,371 |
| 2024 में भाजपा को मिले मत | 4,35,107 |
| 2024 में अंतर | 1,78,264 (झामुमो के पक्ष में) |
| 2019 में अंतर | 99,155 (झामुमो के पक्ष में) |

## दुमका: सीता नहीं बन सकीं जाइंट किलर

दुमका सीट पर भाजपा ने आधिकारिक घोषणा के बाद सुनील सोरेन का टिकट काट कर सीता सोरेन को दिया था। चुनाव से ठीक पहले झामुमो छोड़ कर सीता सोरेन भाजपा में शामिल हो गयी थीं। उन्होंने भाजपा में आने के बाद हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन पर कई गंभीर आरोप भी लगाये थे। दुमका से नलिन सोरेन ने झामुमो के टिकट पर जीत हासिल की। इस बार दुमका का मतदान प्रतिशत बढ़िया रहा, लेकिन भाजपा के वोटर नहीं निकले। पिछली बार की तरह इस बार भाजपा का बूथ मैनेजमेंट कमजोर रहा। सुनील सोरेन का नाम कटने के बाद भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं में निराशा भी वजह रही। दूसरी वजह यह रही कि नलिन सोरेन की पहचान एक स्थानीय और मजबूत नेता के रूप में रही है। यहां से हेमंत सोरेन के जेल में होने का भी असर सहानुभूति वोट में बदला। आदिवासी मतदाता एकजुट रहे। इस सीट पर कल्पना सोरेन ने भी प्रचार किया था। उनकी तरफ भी मतदाताओं की सहानुभूति रही, जिसका असर वोट बैंक पर हुआ। सीता सोरेन का व्यक्तिगत प्रभाव भी कम हुआ। इतना ही नहीं, पार्टी को पता था कि जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र उसके लिए बड़ी रुकावट है, लेकिन इसे दूर करने में नेताओं ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी।

| परिणाम एक नजर में | |
|---|---|
| 2024 में झामुमो को मिले मत | 5,47,370 |
| 2024 में भाजपा को मिले मत | 5,24,843 |
| 2024 में अंतर | 22,527 (झामुमो के पक्ष में) |
| 2019 में अंतर | 47,590 (भाजपा के पक्ष में) |

**(पलामू, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, गोड्डा, जमशेदपुर और धनबाद के चुनाव परिणाम का विश्लेषण कल के अंक में)**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 41.0 °c | 28.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.32 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.01 बजे |



# बायोम इंस्टीट्यूट ने निकाली सक्सेस रैली

## झारखंड थर्ड टॉपर हलीमा, आयुष समेत अन्य को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट रांची ने गुरुवार को नीट यूजी 2024 के टॉपर विद्यार्थियों संग सक्सेस रैली निकाली। टॉपर छात्र-छात्राओं को ओपेन जीप में लेकर रैली इंस्टीट्यूट कैंपस न्यू नगड़ाटोली से लेकर महेंद्र प्रसाद कॉलेज से होते हुए वापस बायोम कैंपस पहुंची। दूसरी रैली हिनू कैंपस से होते हुए इंद्रा कॉलोनी, हिनू चौक तक निकाली गयी। सक्सेस रैली में टॉपर विद्यार्थियों के साथ-साथ इंस्टीट्यूट में अध्ययनरत अन्य विद्यार्थी भी शामिल हुए। बैंड-बाजे के साथ विद्यार्थियों की सफलता का जश्न मनाया गया। सक्सेस रैली के बाद संस्था में झारखंड थर्ड टॉपर और संस्था के टॉप रैंकर विद्यार्थियों के बीच सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी सह निदेशक पंकज सिंह ने नीट यूजी की झारखंड थर्ड टॉपर छात्रा हलीमा महजबीन को सम्मानित किया।



इसके अलावा सफल छात्र-छात्राओं में शामिल आयुष कुमार, गुलाम दस्तगीर, हिमांशु कुमार, अनिल कुमार महतो, प्रियांशु भारती, कौशवी राज, कुंदन कुमार, प्रेम कुमार, विशाल मंडल, लव कुमार साहा, अक्षिता आनंद, अरिबा तस्नीन, फैसल शमशाद, आदित्य राज, अलिशा श्रीवास्तव, आकांक्षा नितु, चंदन कुमार वर्मा समेत अन्य सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

मौके पर संस्था के सदस्यों और विद्यार्थियों ने केक काटकर सफलता का जश्न मनाया।

### संस्थान के 1412 विद्यार्थी सफल: पंकज सिंह

निदेशक पंकज सिंह ने सफल विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पांच मई को आयोजित नीट यूजी 2024 प्रवेश परीक्षा में बायोम इंस्टीट्यूट से 1412 से अधिक विद्यार्थी सफल हुए हैं। इनमें से 70 से अधिक ऐसे विद्यार्थी हैं, जिन्होंने परीक्षा में 650 से अधिक अंक हासिल किया है। वहीं, 130 से अधिक विद्यार्थियों ने नीट यूजी में 600 से अधिक अंक हासिल किया है। संस्था से सफल हुए विद्यार्थियों में से 200 से अधिक विद्यार्थियों को आने वाले दिनों में सरकारी मेडिकल कॉलेज में नामांकन मिलेगा।

### टॉपर ने कहा बायोम ने दिखायी सफलता की राह

नीट यूजी में सफल रही छत्रा हलीमा महजबीन ने अपनी सफला का श्रेय संस्थान के बेहर शैक्षणिक माहौल को दिया है। हलीमा ने कहा कि बायोम के शिक्षक डाउट क्लियर कराने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन उपलब्ध रहते हैं। शिक्षकों से संपर्क करना आसान है। इससे विषय संबंधी हर छोटी समस्या का हल मिला। इसके साथ ही संस्था के स्टडी मैटेरियल और ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज से तैयारी पूरी करने में मदद मिली। वहीं, आयुष ने कहा कि शिक्षक बायोलॉजी के अलावा फिजिक्स और केमिस्ट्री के बेसिक कंसेप्ट को पूरा करने में मदद करते हैं। बेसिक कंसेप्ट में पकड़ मजबूत होने के बाद प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने में आसानी हुई।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि। चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण बनेगा।

**वृष** संकल्पित काम पूरे होंगे,भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी,उद्योग-धंधे में सफलता। अधिकांश समय आमोद-प्रमोद से व्यतीत होगा।

**मिथुन** आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति। धनलाभ के अवसर बनेंगे, नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है।

**कर्क** नये लोगों से सम्पर्क,शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।

**सिंह** सामयिक-सामाजिक विकास,शत्रुओं पर विजय मिलेगा। मानसिक शक्तियों में वृद्धि।

**कन्या** धनागम के अवसर बढ़ेंगे,परिवार में मांगलिक कार्य होगा। सगे-सम्बन्धियों का आवागमन बना रहेगा।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, सेहत में सुधार होगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।

**वृश्चिक** नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति होने का संभावना बन रहा है।

**धनु** निराशा दूर होगी,बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा जो बाद में लाभकारी सिद्ध होगा।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। धन लाभ के अवसर बनेंगे, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है परंतु आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

---

## तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा

# झारखंड में बनानी है मजबूत सरकार : बाबूलाल मरांडी

**सीएम और स्पीकर नहीं बचा पाये इंडी एलायंस की लाज: बाउरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के नवनिर्वाचित सांसदों का अभिनंदन गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में किया गया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा हुआ है। यह उपलब्धि ऐतिहासिक है। जनता ने मोदी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों पर मुहर लगाकर आत्म निर्भर भारत, विकसित भारत बनाने का जनादेश दिया है। कहा कि जनता ने नौ सीट पर जीत दिला कर एनडीए को झारखंड में सबसे बड़ा गठबंधन बनाया है। जनता ने 50 से अधिक सीटों पर भाजपा को जीत दिलायी है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश मोदी सरकार की उपलब्धियों के समर्थन में है। भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण में आकंठ डूबी राज्य की ठगबंधन सरकार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हम सब को अभी आराम नहीं करना है। हमें तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने के बाद झारखंड में भी भाजपा के नेतृत्व में एनडीए को मजबूत बनाना है।



नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह जनादेश भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण, परिवारवाद के खिलाफ है। लोकसभा चुनाव में उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं, लेकिन लक्ष्य बड़ा रहने के कारण कम महसूस हो रहा है। चुनाव में राज्य के मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष अपनी विधानसभा सीट पर इंडी एलायंस की लाज नहीं बचा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संघर्ष से डरते नहीं और मजबूत होते हैं। आगे विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ता अपने परिश्रम से कमी की भरपाई कर देंगे। उन्होंने कहा कि गलत नैरेटिव सेट कर इंडी एलायंस ने जनता को दिग्भ्रमित किया है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि अभी विश्राम का समय नहीं है। हमें संगठनात्मक संरचना को मजबूत और सक्रिय रखते हुए झारखंड में भी मजबूत सरकार के संकल्प को पूरा करना है। जब-जब भाजपा सरकार बनी, विकास कार्य तेजी से धरातल पर उतारा गया है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक राज्य की भ्रष्ट सरकार को हटा नहीं देते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का जनाधार भी बढ़ा है और जन समर्थन भी। इस चुनाव में भी भाजपा को पिछले चुनाव से ज्यादा मत प्राप्त हुए। भाजपा को देश भर में 23 करोड़ 64 लाख रिकॉर्ड वोट मिले हैं।

### कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, विद्युत वरण महतो, वीडी राम, संजय सेठ, ढुल्लू महतो, मनीष जयसवाल, कालीचरण सिंह, समीर उरांव, सीता सोरेन, गीता कोड़ा, ताला मरांडी, सीपी सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, बिरंची नारायण, रामचंद्र चंद्रवंशी, अनंत ओझा, नवीन जयसवाल, नीरा यादव, राज सिन्हा, रणधीर सिंह, किशुन दास, नारायण दास, कोचे मुंडा समेत अन्य मौजूद थे।

---

# एएसआइ हत्याकांड का आरोपी जवान गिरफ्तार

## मृतक के परिजनों ने लगाया पुलिस पर लापरवाही का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा मे एएसआई धर्मेन्द्र सिंह हत्याकांड का आरोपी सिपाही अनंत सिंह मुंडा को पुलिस ने करीब 12 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया। गुरुवार को बक्शीडीपा स्थित न्यू पुलिस लाइन परिसर में मृतक एएसआई धर्मेंद्र सिंह को पुलिस अधिकारी और जवानों ने अंतिम विदाई दिया। मृतक धर्मेंद्र सिंह व्यवहार न्यायालय परिसर में बतौर एएसआई पदस्थापित थे। पूरी घटना के बाद पुलिस महकमें में गम का माहौल छाया रहा। घटना में पुलिस की लापरवाही को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। दरअसल, रिनपास में इलाज कराने वाले मानसिक असंतुलित पुलिस जवान को विभागीय अधिकारियों ने राइफल थमा दिया। बताया गया की, घटना के बाद आरोपी जवान ने गोली लगने से घायल एएसआइ धर्मेंद्र सिंह समेत स्वयं को मकान के भीतर कैद कर लिया था गोली लगने से घायल धर्मेंद्र सिंह का तत्काल इलाज किया जाता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। आरोपी जवान का दिमाग खराब होने और उसके हाथ में इंसास राइफल होने के कारण पुलिस टीम खैर और सतर्कता से उसे दबोचने में लगी थी। इस बीच सुबह के 8बज गए। कमरे में जब आंसू गैस छोड़ गया तब, आरोपी जवान बाहर निकाला तब पुलिस टीम उसे गिरफ्त में ले लिया।



उल्लेखनीय है कि, सदर थाना क्षेत्र के एसपी आवास के निकट रघुटोली के एक मकान में आरोपी अनन्त सिंह मुंडा व एएसआई धर्मेन्द्र सिंह भाड़ा के मकान में रहते थे। मकान नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष बलराम साहू की है। बताया गया कि, बुधवार रात लगभग 9 बजे सिपाही अनन्त सिंह मुंडा अपनी पत्नी से लड़ाई झगड़ा कर रहा था। बीच बचाव करने के लिए जैसे ही धर्मेंद्र सिंह कमरे में घुसा तो अपने हाथ में लिया इंसास राइफल से उसने धर्मेंद सिंह के सीना पर गोली मार दिया। धर्मेंद्र सिंह वहीं गिर पड़े फायरिंग की आवाज सुन जा लोग पहुंचे तो सिपाही आनंद सिंह मुंडा ने बलपूर्वक भीतर से दरवाजा बंद कर लिया घटना के बाद एसपी हारिश बिन जमा समेत सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार समेत पुलिस के अधिकारी पहुंच गये। घटना के बाद आरोपी अनन्त सिंह मुंडा हाथ में इंसास राइफल लिए मकान पर घूम रहा था। जिसे पुलिस सतर्कता से उसे गिरफ्तार में लेने के लिए मशक्कत कर रही थी। लगातार 12 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गुरुवार सुबह आरोपी जवान को गिरफ्तार किया गया। इधर, मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि आरोपी जवान अनन्त सिंह मुंडा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसका इलाज रिनपास में चला था। चुनाव के दौरान उसे हथियार थमा दिया गया। अब घटना के बाद पुलिस विभाग मामले में लीपापोती कर रही है।

---

## सीएम से नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मोरहाबादी स्थित आवास में खूंटी लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें खूंटी लोकसभा क्षेत्र से मिली शानदार जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का कालीचरण मुंडा ने आभार व्यक्त किया।

---

## एक्शन मोड में झारखंड सरकार, 12 को बड़ी बैठक

# नियोजन से लेकर अबुआ आवास और अन्य योजनाओं की समीक्षा की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव और गांडेय उप चुनाव संपन्न होने के बाद अब झारखंड सरकार एक्शन मोड में आ गयी है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन करीब दो महीने के अंतराल के बाद प्रोजेक्ट भवन स्थित झारखंड मंत्रालय पहुंचने लगे हैं। इससे सचिवालय का माहौल भी बदलने लगा है। अब सीएम ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा का सिलसिला शुरू करने का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार इसकी शुरुआत 12 जून को होगी। उस दिन सरकारी नियुक्तियों के साथ अबुआ आवास योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। सभी विभागीय सचिवों को इसकी जानकारी दे दी गयी है और उन्हें पूरी तरह तैयार होकर बैठक में आने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री इसके बाद विधि-व्यवस्था के साथ अपराध नियंत्रण और इससे जुड़े दूसरे मुद्दों की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा सड़क, ग्रामीण विकास, स्वच्छता पेयजल, स्वास्थ्य और भवन निर्माण विभाग की समीक्षा भी करेंगे। इन बैठकों में सचिवालय के साथ फील्ड में तैनात अधिकारियों, जैसे प्रमंडलीय आयुक्त, उपायुक्त, आइजी, डीआइजी और एसपी भी शामिल होंगे।

---

# उत्तरप्रदेश के नतीजे भाजपा के लिए सबक

**सरकार गठन के बाद पार्टी में कई बदलाव दिखने की संभावना**

**रुपाला का बयान, नेतृत्व की टिकट बांटने में मनमानी, योगी का किनारा मुख्य वजह माना जा रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार सबसे चौंकने वाला है। भाजपा के लिए यह एक सबक है। इसे लेकर खुद भाजपा भी चिंतित है। मंथन शुरू हो गया है। अभी तक जो बातें सामने आ रही हैं, उनमें केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला का राजपूत शासकों पर बयान, नेतृत्व द्वारा टिकट देने में मनमानी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को किनारा किया जाना माना जा रहा है। भाजपा सूत्रों की मानें तो आने वाले समय में भाजपा की कार्यशैली और पदाधिकारियों की जिम्मेदारी में कई बदलाव देखने को मिलेंगे।



चुनाव परिणाम के बाद पुरुषोत्तम रुपला ने कहा कि मेरी गलती थी, लेकिन पार्टी फंस गयी। यह मेरे लिए दुखद है, क्योंकि मेरी वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को परेशानी हुई। मैं पहले भी लोगों से माफी मांग चुका हूं। लोगों को लगा होगा, मैं चुनाव की वजह से माफी मांग रहा। मैं एक बार फिर क्षत्रिय समाज से माफी मांग रहा हूं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट और योगी आदित्यनाथ पर शोध और सबसे अधिक लिखने वाली रीना सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ को नजरअंदाज किया जाना भाजपा को उत्तर प्रदेश में भारी पड़ा। योगी की कार्यकुशलता को नजरअंदाज किया गया। उनके खिलाफ कथित साजिश से जनता में निराशा थी। उसका परिणाम सामने दिखा। रीना सिंह ने यह भी कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने जेल से बाहर आकर दो आरोप लगाये कि मोदी दो साल बाद प्रधानमंत्री पद से हट जायेंगे और योगी आदित्यनाथ को हटाया जायेगा। पार्टी के बड़े नेताओं ने केजरीवाल के पहली बात का खंडन तो किया, लेकिन दूसरी बात योगी को हटाने पर कोई कुछ नहीं बोले। नड्डा आखिरी चरण में योगी के पक्ष में बोले, लेकिन तब तक भाजपा को नुकसान हो चुका था। रीना सिंह ने यह भी कहा कि टिकट बंटवारे में नेतृत्व ने योगी को दूर रखा। उधर, यह भी चर्चा है कि राजपूतों को टिकट देने में कोताही बरती गयी। उन्हें उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। इतना ही नहीं, कांग्रेस समेत दूसरे दल से आये नेताओं को टिकट दिया गया। जिस वजह से पार्टी में अंदरूनी नाराजगी थी। साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का चुनाव के पहले आरएसएस को लेकर दिया गया बयान भी काफी असर कर गया। आरएसएस के लोगों ने चुनाव में दूरी बना कर रखी। ये तमाम बातें उत्तर प्रदेश में भाजपा के लिए घातक साबित हुईं।

सूत्रों की मानें तो भाजपा सरकार गठन के बाद तमाम बातों पर मंथन करेगी। हार के कारणों की समीक्षा होगी। ये तमाम बातें उसके सामने भी आयेंगी। योगी आदित्यनाथ के खिलाफ तथाकथित साजिश का भी खुलासा होगा। निश्चय ही राष्ट्रीय स्तर से प्रदेश स्तर तक कई बदलाव देखने को मिलेंगे, क्योंकि भविष्य में कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में भाजपा को फिर से जगह बनाने के लिए कार्यशैली में सुधार तो करनी ही होगी।

---

## नशे के कारोबार को लेकर डीजीपी सख्त

# नशीले पदार्थ बरामद होने पर डीआइजी का जाना अनिवार्य

**खूंटी और चतरा जिले को लेकर विशेष ध्यान देने का आदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने नशा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई को लेकर गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सभी जिलों के एसपी, एसएसपी, रेंज के डीआइजी और जोनल आइजी शामिल हुए। समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने निर्देश देते हुए कहा है कि जिस जिले में बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थ की बरामदगी होगी, उस स्थान पर रेंज के डीआइजी को जाना अनिवार्य है। डीजीपी ने चतरा और खूंटी जिले में हो रहे नशीले पदार्थ के उत्पादन को लेकर नाराजगी जतायी। साथ ही दोनों जिले के एसपी को इस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीजीपी ने कहा कि जहां पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया था। उसी स्थान पर फिर से अफीम की खेती हो रही है। इस पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। अफीम समेत अन्य नशीले पदार्थों के उत्पादन को लेकर झारखंड हमेशा सवालों के घेरे में रहा है। इसके उत्पादन और उपभोग में वृद्धि देखी गयी है। कई बार तो हाइकोर्ट ने भी संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया है। झारखंड पुलिस के मुताबिकए बीते पांच सालों में करीब 2024 केस दर्ज किये गये हैं। अफीम उत्पादन और उपभोग के सबसे ज्यादा केस चतरा, पलामू, लातेहार और रांची में दर्ज किये गये हैं। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के जरिये उक्त कांडों में करीब 4949 लोगों की गिरफ्तार किया गया है। इस समस्या के समाधान के लिए दीर्घकालीन योजना तैयार की गयी है।



## कोडरमा में महिलाओं ने सुहाग के दीर्घायु के लिए वट सावित्री पूजा की



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को जिले के विभिन्न जगहों पर सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग की दीर्घायु और उनकी मंगल कामना के लिए वट सावित्री की पूजा की। जिला मुख्यालय कोडरमा, झुमरीतिलैया, डोमचांच, चंदवारा, जयनगर, सतगावां, मरकच्चो समेत विभिन्न जगहों पर महिलाओं ने सुबह से ही विभिन्न मंदिर परिसर व वट वृक्षों के नीचे पूजा अर्चना की और अपने पति की लंबी आयु और परिवार की मंगल कामना के लिए वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधा। पूजा अर्चना करने के उपरांत महिलाओं ने कथा का श्रवण कर वट सावित्री व्रत संपन्न किया। पूजा के बाद घर आकर महिलाओं ने पति के पैर पघारे, शर्बत-पानी दिया और बेनी (बांस से बने पंखे) झेले। हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ मास की अमावस्या के दिन वट सावित्री की पूजा की जाती है। इस दिन महिलाओं द्वारा पूरा दिन या पूजा तक उपवास रखा जाता है जो बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। शास्त्रों के अनुसार वट सावित्री व्रत को करवा चौथ जितना ही महत्वपूर्ण बताया गया है। शास्त्रों के अनुसार ऐसा माना जाता है कि ज्येष्ठ अमावस्या के दिन ही सावित्री अपने मृत पति सत्यवान के प्राण को यमराज से वापस ले आयी थीं। तब से विवाहित महिलाएं हर साल ज्येष्ठ अमावस्या के दिन वट सावित्री व्रत रखती हैं और अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं।

## पेयजलापूर्ति की समस्याओं को लेकर बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में नगर निकायों क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति से जुड़े समस्याओं के निदान के लिए बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि पेयजलापूर्ति हेतु बिछाये जा रहे पाइपलाइन से संबंधित समस्या का निदान करते हुए पाइपलाइन बिछाने की कार्रवाई यथाशीघ्र करें। साथ ही एनएच को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य में तेजी लायें। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिन रैयतों का राशि का भुगतान किया गया है लेकिन संरचना नहीं हटाया गया है, उन्हें नोटिस करें और जिन मामलों में भुगतान करना बाकी है, उन्हें भुगतान करें। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो, प्रशासक नगर परिषद झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, सहायक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, एनएच के प्रतिनिधि व अन्य मौजूद रहे।

## सचिन का अग्निवीर में चयन होने पर हुआ स्वागत



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम गड़गी निवासी सचिन कुमार पिता रामचंद्र यादव का चयन अग्निवीर में होने के पश्चात प्रशिक्षण पूर्ण कर अपने पैतृक गांव आने पर जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत माला पहनाकर मिठाई खिलाकर किया गया। उन्होंने रंग अबीर लगाकर एक दूसरे के बीच खुशियां जाहिर किया। सचिन कुमार के दादी - मां और पूरे परिवार की महिलाओं ने दीया जलाकर तिलक लगाकर घर पर आगमन होने पर भव्य आरती उतारा गया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख जय प्रकाश राम, मुखिया प्रतिनिधि सरफीउद्दीन अंसारी, पूर्व मुखिया लखपत यादव, कृष्ण देव यादव, राजेंद्र यादव, रामचंद्र मोदी, प्रयाग यादव, डेगलाल चौधरी, धनेश्वर साव, रामचंद्र यादव, राजेश यादव, उमेश यादव, विकास यादव, पंकज यादव, जाफर अंसारी, हरिओम साव और सैकड़ों पुरुष-महिला मौजूद थे।

## ग्रीष्मकालीन खेल मेला का आयोजन

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** जन जागरण केंद्र द्वारा विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज में भुताही मुरगांव और चलंगा के बीच छलांग परियोजना के तहत पिरामल फोडेसन और जन जागरण केंद्र हजारीबाग के द्वारा गर्मी की छुट्टी में खेल मेला का आयोजन किया गया। खेल मेला के आयोजन में जनजागरण केंद्र के फील्ड कोऑर्डिनेटर राहुल राज, धीरज सोनी और वॉलिंटियर सूरज कुमार शामिल थे। खेल मेला में उपस्थित गांव की ग्रामीण और बच्चे बच्चियां द्वारा मेले में विभिन्न प्रकार के खेल करायी गयी। बायल्डिंग बिल्डोजर, खजाने की खोज, स्वास्थ्य, चकमा गेंद, हटो और रुको करवाया गया। विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें राहुल कुमार, सिमरन कुमारी, आरव राज, परी कुमारी, विवेक कुमार और सनी कुमार का नाम शामिल है।

## भाजपा का गढ़ साबित हुआ हजारीबाग लोकसभा

# पांचों विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी को मिली बढ़त

**जेपी पटेल अपने विधानसभा मांडू में भी नहीं ले पाये बढ़त**

दीपक सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के दौरान हजारीबाग लोकसभा सीट पर दिलचस्प मुकाबला देखा गया। मनीष जायसवाल को मैदान में उताकर भाजपा यहां लगातार तीसरी बार जीत की कोशिश की जो सफल रही। वहीं इंडिया अलायंस की ओर से कांग्रेस के जेपी पटेल को उम्मीदवार बनाया गया था। निर्दलीय प्रत्याशी संजय मेहता भी बीजेपी और कांग्रेस को तगड़ी चुनौती दे रहे थे। भाजपा के मनीष जायसवाल ने कांग्रेस के जय प्रकाश भाई पटेल को 2,75,775 मत से पटखनी दे दी। जिससे हजारीबाग लोकसभा फिर एक बार भाजपा के गढ़ साबित हुआ है। मतगणना से पहले हजारीबाग लोकसभा सीट में नेक टू नेक फाइट की बात कही जा रही थी। मगर हजारीबाग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल की जीत एकतरफा हो गई। राजनीतिक गणितज्ञ हजारीबाग लोकसभा सीट पर कम मार्जिन से जीत हार की बात कर रहे थे, वहां पौने तीन लाख मतों विशाल अंतर ने भाजपा प्रत्याशी की जीत हजारीबाग लोकसभा सीट को फिर से भाजपा का गढ़ साबित कर दिया है। सबसे रोचक बात तो यह रही की हजारीबाग लोकसभा के पांचों विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल पीछे रहे। मांडू विधानसभा से खुद विधायक है वहां भी लीड नही कर सकें। इसके अलावा बरही और बड़कागांव विधानसभा में कांग्रेस के ही विधायक है वहां भी जेपी पटेल भारी अंतर से पीछे रह गए। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को कुल 647416 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को 371641 मत मिले। जीत का अंतर 2,75,775 रहा। जेबीकेएसएस के संजय कुमार मेहता को 156298 मत मिला।

**17 उम्मीदवार में किसे कितना वोट मिला:** भाजपा के मनीष जायसवाल -654613, कांग्रेस के जेपी पटेल को 377927,निर्दलीय संजय मेहता 157977,निर्दलीय शशिभूषण केशरी 15386, सीपीआई के अनिरुद्ध कुमार को 10468,मो मोइनुद्दीन को 7438, मो सेराज को 5506, विनोद कुमार राणा को 4841, कुंज बिहारी कुमार को 4234, छठी देवी 3316, अभिषेक कुमार 2972, निशांत कुमार सिन्हा, 2956, मनोज कुमार बेदिया 2578, राजकुमार 1935,श्याम बिहारी प्रजापति 1839, प्रकाश सोनी 1217 और नोटा को 7200 मत प्राप्त हुए।

### विधानसभा वार भाजपा, कांग्रेस और जेबीकेएसएस प्रत्याशी को मिले मत

| विधानसभा | भाजपा | कांग्रेस | जेबीकेएसएस |
|---|---|---|---|
| सदर विधानसभा | 153883 | 87979 | 7404 |
| मांडू विधानसभा | 118777 | 86609 | 53296 |
| बड़कागांव विधानसभा | 133579 | 74548 | 31639 |
| बरही विधारनसभा | 133167 | 51988 | 8494 |
| रामगढ़ विधानसभा | 108110 | 70517 | 55485 |

## ध्रुव शर्मा नीट परीक्षा में 707 अंक लाये




आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड के सरस्वती पब्लिक हाई स्कूल पावर हाउस डंडाडीह से 2021 मैट्रिक परीक्षा में पास हुए छात्र का ककरचोली निवासी शिक्षक राजेश शर्मा के पुत्र ध्रुव शर्मा ने 2024 में हुए नीट परीक्षा में 720 अंक में 707 नंबर लाकर बहुत ही शानदार सफलता अर्जित की है। उसने ऑल इंडिया कोटा में 731 रैंक प्राप्त किया जबकि ओबीसी कोटा में 218 रैंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, सरस्वती पब्लिक हाई स्कूल, साथ प्रखंड जिला का नाम रोशन किया। सरस्वती पब्लिक हाई स्कूल के प्राचार्य अर्जुन चौधरी ने नीट परीक्षा में सफल छात्र ध्रुव शर्मा को मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने कहा कि उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि ध्रुव शर्मा का नामांकन भारत का नंबर वन मेडिकल कॉलेज एम्स नई दिल्ली में हो जायेगा। उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से ध्रुव शर्मा और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दिया।

## नीट परीक्षा में सत्यम सफल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र सत्यम कुमार ने मेडिकल परीक्षा नीट की परीक्षा को उत्तीर्ण करके विद्यालय के साथ-साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। सत्यम विद्यालय से 10वां 2021 में 90प्रतिशत और 12वां में 87प्रतिशत लाकर विद्यालय अच्छा प्रदर्शन किया था। इन्होने नीट परीक्षा में 650 अंक लाकर सफलता प्राप्त की है। सत्यम कुमार ग्राम पैसरा के सहायक शिक्षक नरेश कुमार के पुत्र है। उनकी इस सफलता से ग्रामीणों के साथ-साथ क्षेत्र में भी हर्ष का माहौल है। विद्यालय निर्देशक आइपी भारती जी ने बताया कि जिस सपने के साथ उन्होंने विद्यालय की स्थापना की थी, उसका फल अब मिल रहा। उन्होंने बताया कुछ दिन पूर्व ही जेइइ एडवांश में भी विद्यालय के दो छात्रों ने अच्छे रैंक लाकर क्वालीफाई किया है और अब सत्यम कुमार ने अच्छे रैंक के साथ नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने ने कहा कि विद्यालय की स्थापना के समय से ही उनका सपना था कि ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले छात्र भी आइआइटी और एआइआइएमएस जैसी संस्थानों से पढ़कर इंजीनियर और डॉक्टर बनें। उन्होंने बच्चे के साथ-साथ सभी शिक्षकों और अभिभावकों को धन्यवाद दिया है।

## ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बाजार रोड स्थित बुढिया माता मंदिर के नजदीक गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया। इन सभी के पास 14 पुड़िया लगभग 4 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया। इस बाबत बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश भोक्ता व एसआई रमेश हजाम ने जानकारी दी कि बरकट्ठा में सूचना मिल रही थी क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री हो रही है इसी आधार पर आज छापामारी की गयी। जिसमें इन तीनो युवकों की गिरफ्तारी की गयी। जेल भेजे गये युवकों में रोहित कुमार पिता सुखदेव साव, आनंद कुमार पिता अनिल साव और कृष्णा कुमार पिता धानेश्वर साव तीनों ग्राम बरकट्ठा निवासी शामिल है। इन लोगों के पास से चौदह पुड़िया ब्राउन शुगर मिला जिसकी कीमत लगभग दस हजार है।

# मनीष जायसवाल की बाजीगरी में पर्दे के पीछे से रंजन चौधरी की अहम भूमिका

**डेढ़ दशक से खामोशी से साये की तरह निभा रहे साथ**

**सोशल मीडिया, स्वास्थ्य और सेवा के क्षेत्र में भी कर रहे उल्लेखनीय कार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** वर्ष 2010 में दूसरी बार संप्रग मनमोहन सिंह की सरकार देश में चल रही थी और हजारीबाग में बदल रही थी सियासी फिजां। इस समां में जन-जन के मन में समा रहे थे विधायक मनीष जायसवाल और इसी दौरान बदल रहा था पत्रकारिता का दौर। पत्रकारिता के बदलते इस नये दौर में मनीष जायसवाल अपने मीडिया मैनेजमेंट की बागडोर एक ऐसे युवा के हाथों में सौंप रहे थे, जिन्होंने पर्दे के पीछे रह कर न सिर्फ मनीष जायसवाल के फैसले और दूरदर्शिता को सौ फीसदी सही साबित कर दिखाया, बल्कि ह्यमीडिया मैनेजमेंट के असल हीरो के रूप में खुद को स्थापित भी किया। यह युवा शख्स हैं ह्यरंजन चौधरी। बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड के ग्राम पंचायत सिमुलिया से हजारीबाग पढ़ने आए रंजन चौधरी की माली हालत अच्छी नहीं थी। लेकिन उनका जज्बा, समर्पण और परिश्रम ने उन्हें इस काबिल बना दिया कि आज जिला और राज्य ही नहीं, देश के दिग्गजों के मीडिया प्रभारी के समकक्ष लिखने-पढ़ने में किसी से पीछे नहीं हैं। सबसे बड़ी बात ह्यटाइम फैक्टर। इसे समझ पिछले डेढ़ दशक से वह मनीष जायसवाल के साथ खामोशी से उनका साया बन साथ निभाया। शायद ही कोई कार्यक्रम, भाषण या इवेंट को वक्त पर कवर करने में वह पीछे रहे हों। जहां हैं, वहीं से मीडिया को पल-पल की गतिविधियों की खबर भेजते रहे। जरूरत पड़ी तो मनीष के कार्यक्रमों के अलावा अपनी लेखनी का परचम भी खूब लहराया। प्लेटफॉर्म मिला तो शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जनसेवा के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई। लोगों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहे। चुनाव कैंपेन के हर गतिविधि को फोटो, वीडियो और शानदार म्यूजिक और संगीत के साथ रील्स के माध्यम से प्रस्तुत कर शुरुआती दौर से लेकर मतगणना तक मनीष जायसवाल को छाये रखा। रंजन चौधरी ने जिस सक्रियता और सुलभता से दूसरे के दुःख-दर्द को अपना समझते हुए तत्पर होकर सेवा देते जनप्रतिनिधि की सर्वसुलभता का अहसास आमजनों के बीच कराया, वह किसी से छिपा नहीं है। चिलचिलाती धूप हो या हो कड़ाके की ठंड, मूसलाधार बारिश हो या रातों का सन्नाटा, किसी को आपातकालीन स्थिति में खून की आवश्यकता हो या किसी को एंबुलेंस नहीं मिल रही हो, शहर में किसी भूखे को भोजन कराना हो या किसी विद्यार्थी को सहायता की आवश्यकता हो, अस्पताल में डॉक्टर नहीं हों या दवाई, मरीज और उनके परिजनों के एक फोन पर तत्परता और सक्रियता से उनकी सेवा को अंजाम दिया। रंजन चौधरी हर जरूरी स्पॉट पर जरूरतमंदों के लिए न सिर्फ खड़ा रहे, बल्कि हरसंभव सहयोग कर उनकी भरपूर भी मदद की। कोरोना काल से लेकर चुनाव प्रचार के दौरान उनका समर्पण अद्भुत, अविस्मरणीय और अकल्पनीय रहा। रंजन चौधरी वर्ष 2010 में उस वक्त मनीष जायसवाल के साथ बतौर मीडिया प्रतिनिधि जुड़े थे, जब वह हजारीबाग नगर परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। रंजन चौधरी कहते हैं कि मनीष जायसवाल के व्यक्तित्व और उनके मानवीय मूल्यों के प्रति कार्यों को देखकर वह न सिर्फ उनसे प्रभावित होते हैं, बल्कि उन्हें अपना आदर्श मानकर नित्य कुछ बेहतर करने की प्रेरणा उनसे प्राप्त करते हैं। इस वर्ष संसदीय चुनाव में उन्होंने अपने लिए चलता फिरता वार रूम तैयार किया। इस चुनाव में विपक्षियों के निशाने पर भी रहे। चलते-चलते वाहन से ही सारा काम करते रहे। मनीष जायसवाल के साथ लगातार 78 दिनों तक साथ चलते अथक मीडिया मैनेजमेंट सलीके से संभालते रहे। इस बीच गमों का दौर भी आया और शारीरिक तकलीफों का भी सामना करना पड़ा। हर विघ्न की परवाह किये बिना आगे बढ़ते रहे। वह कहते हैं कि इक रास्ता है जिंदगी, जो थम गये कुछ नहीं।

## टाटीझरिया में की गयी वट सावित्री की पूजा



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु के लिए सुहागिन महिलाएं ने की वट सावित्री पूजा प्रखंड क्षेत्र में जगह जगह सुहागिन स्त्रियां सोलह श्रृंगार कर अपने आस पड़ोस के साथ मिलकर पहुंचे वट वृक्ष के पास और पूजा अर्चना कर वटसावित्री की पूजा की और अपने - अपने पति के लिए लंबी आयु और घर परिवार की सुख समृद्ध की कामना की कोई व्रती 108 बार कोई 11 तो कोई 51 बार वट वृक्ष की फेरा लगाई फिर सावित्री सत्यवान की कथा सुनी। प्रखंड क्षेत्र के खैरा, अमनारी, झरपो, टाटीझरिया, भराजो गोधिया, नारायणपुर, बेडमक्का, डहरभंगा, केसड़ा, डूमर, धर्मपुर, खम्भवा, होलंग, सहित अन्य गांवो में महिलाएं उपवास कर सुबह से दोपहर तक वट वृक्ष के नीचे महिलाएं जुटीं और पूजा कीं। पश्चात प्रसादी वितरण भी किया गया। इसके पश्चात पति की विधिवत पूजा करके पंखे और वट वृक्ष के पत्ते से हवा देकर पति की पूजा करने बाद पति को भोजन कराकर अपना व्रत पारण किया। पूरे प्रखंड में जगह जगह ऐसे पूजन का आयोजन देखा गया। महिलाओं में इस व्रत को लेकर काफी उत्सुकता दिखाई दिया।

## सुहागिनों ने की पति के दीर्घायु की कामना



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सभी गाओं में हर्षोल्लास के साथ सुहागिनों ने अपने पति की दीर्घ आयु की कामना के लिए वट सावित्री की पूजा अर्चना की। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों व गांवो मे वट वृक्षो के नीचे महिलाओ ने अपने पति की दीर्घ आयु की कामना के लिए सति सावित्री के ध्यान मे मग्न रही। सुहागिनों ने अपनी सुहाग की रक्षा के लिए वट वृक्ष के नीचे अपनी सुहाग की रक्षा की कामना करती हैं। इस व्रत के दौरान महिलाओ में बड़ा ही उत्साह देखा जाता है। पुरोहित मनोज पांडे ने वट सावित्री के पुजा बड़े ही शांति पूर्ण ढंग से कराया और सति सावित्री और सतनारायण का कथा महिलाएं को सुनाया गया। महिलाओं वृक्ष की पूजा के उपरांत घर पहुंचकर अपने-अपने पति को बड़े श्रद्धा भाव से आसन पर बैठाकर चंदन का तिलक लगाकर दीपक से आरती लगाई। दीर्घायु के लिए वटवृक्ष का पत्ता और पंखा डुलाकर हवा लगाई। महिलाओं का कहना है कि आज जो भी सुहागिन स्त्री इस व्रत को करती है उसे अखंड सुहाग रहने का शौभाग्य प्राप्त होता है। इस अवसर पर सभी गांव के वाट वृक्षों के नीचे हजारों की संख्या में महिलाओं ने पूजा अर्चना की।

## सुहागिनों ने सुनी सावित्री-सत्यवान की कथा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर और दारू प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में पति की लंबी दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को पूरे विधि विधान के साथ को वट सावित्री की पूजा अर्चना की। इस दौरान सुहागिन महिलाओं संपूर्ण श्रृंगार कर वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए सात बार धागे द्वारा फेरे लगाये। बाद में महिलाओं ने बट वृक्ष के नीचे मौजूद पंडित द्वारा बताये जा रहे हैं सावित्री सत्यवान की कथा सुनी। इस दौरान महिलाएं अपने-अपने बाल में बरगद के पत्ते भी लगाये थे। पूजा अर्चना के क्रम में महिलाओं ने बांस के बने पंखे में लाल धागा बांधकर वट वृक्ष को पहले पंखा झेली। इसके पश्चात घर आने पर महिलाओं ने पति को पंखा झेलने की प्रथा निभाई और पूजा-अर्चना के पूर्व महिलाओं ने स्नान कर गांव में जगह-जगह वट वृक्ष की पूजा करने के लिए सुबह से ही जूटने लगे थे। यह पर्व पति-पत्नी के बीच प्रेम व स्नेह का प्रतीक माना जाता है। वट सावित्री व्रत हिंदू धर्म की महिलाओं का एक महत्वपूर्ण व्रत है। सदर प्रखंड के हुटपा, मेरु, सीलवार, अमनारी, बड़ासी, नगवा, सखिया, बेहरी, ओरिया, गुरहेत, पौता, मोरंगी, हरहद, मंडई खुर्द, सिंघानी, भेलवारा, नयाखाप, चुटियारो, सिंदूर, करवेकला और दारू प्रखंड के हरली, दिग्वार, रामदेव खैरिका, मेंढकुरी, काबिलासी, पुनाई, दारु, ईरगा, जीनगा पंचायतो के विभिन्न गांवो में नई सुहागिन भी हर्षउल्लास और आनंदमें से पूजा अर्चना की।

## विष्णुगढ़ में वटसावित्री पूजा की धूम



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ में सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा की। अहले सुबह से ही सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष के समीप जाकर पूजा-अर्चना की। अपने पति की लंबी आयु, सुखद वैवाहिक जीवन, सुख, समृद्धि के लिए उपवास रख कर पूजा की। सोलह श्रृंगार से सुसज्जित होकर विधि-विधान से वट वृक्ष (बरगद वृक्ष) की पूजा के लिए जुट गयी थी। वृक्ष का परिक्रमा कर रक्षा सूत्र धागा बांधते हुए पति की लंबी आयु की कामना की। मंगल गीत गाये गये। वहीं वट वृक्ष के नीचे सावित्री सत्यवान की कथा सुन अपने अंखड सौभाग्य और सुखद वैवाहिक जीवन की कामाना की। इस संबंध में सुहागिनों ने बताया कि इस पूजा में बांस के बने पंखे जिससे वट वृक्ष को हवा दिया जाता है और पति की लंबी आयु की कामना करते हैं। वहीं इस व्रत करने वाली व्रती पति को पैर धोकर व पंखे से हवा देकर प्रसाद ग्रहण करते है। वट सावित्री पूजा मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। सावित्री की अल्पआयु पति सत्यवान से विवाह हुई थी उसने इस व्रत को करके यमराज से अपने पति की लंबी आयु प्राप्त की थी और सौ पुत्रों का वरदान पाया था। इस दौरान विष्णुगढ़, रमुवा, चेडरा, बेदाहड़ियारा, भेलवारा, गोविंदपुर, चलङ्गा, अलपिटो, गैड़ा, वराई, अचलजामु, सिरई, करगालो, सारूकुदर, मडमो, चानो, नवादा, बनासो, नागी, जमनिजारा, कोनारडैम, नरकि, खरकी, चानो, बंदखारो, गाल्होबार, समेत प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा की।

## शिव भक्तों ने किया धुरिया लोटन, उमड़ी भीड़



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** दुनिया का हैरत अंग्रेज पर्व बनस पूजा को लेकर बड़कागांव में शिव भक्तों द्वारा धुरिया लोटन किया गया। शिव भक्त अहले सुबह भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा अर्चना करने के बाद धुरिया लोटन किया। शिव भक्तों ने शिव मंदिर से लेकर हरदरा नदी( सूर्य मंदिर) तक 800 मीटर तक रोलिंग अर्थात लेटते हुए पहुंचे। शिव भक्त नदी में पहुंचकर स्नान किया। इसके बाद गंगा स्तुति करके वैतरणी पार किया। अर्थात बेंत की लकड़ी को मोड़कर से बालू में गाड़ दिया गया। जिससे शिव भक्त इस पार से उस पार तक प्रवेश कर जलाशय में डूबकर अपनी भक्ति और शक्ति का परिचय दिया। इसे देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी। आज संजत के मौके पर शिव भक्तों और भक्ताईनों ने नहाय खाय किया।रात में खड़ना कर 24 घंटे का उपवास शिव भक्त करेंगे।7 जून के शाम मेला जमेगा एवं 8 जून को शिव भक्त झूलेंगे। 7 जून की रात भगवान शंकर एवं पार्वती की विवाह कार्यक्रम की जायेगी। 8 जून के 3 :00 बजे सुबह शिव भक्त दहकते अंगारों पर चलकर अपने भक्ति का परिचय देंगे। इसके बाद भक्त सात बार नदी में जाकर स्नान करेंगे। मौके पर समिति से अध्यक्ष पिंटू कुमार गुप्ता, सचिव पवन कुमार, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार महतो, कोषाध्यक्ष दर्शन प्रसाद कुशवाहा, संयोजक जय हिंद महतो, आदि मुख्य भूमिका निभाई।

# सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिए वटसावित्री की पूजा की

आजाद सिपाही संवाददाता







**रजरप्पा।** वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ माह के अमावस्या तिथि को मनाया जाता है इसी दिन वेदों में कहा गया कि भगवान का जन्म भी हुआ था वट सावित्री व्रत में सुहागिन अपने पति की लंबी उम्र के लिए उपवास व्रत करती हैं इस पूजा में बट वृक्ष की विशेष पूजा अर्चना की जाती है और बट पूजा करने पर विशेष वक्त खास महत्व है सुहागिन महिलाएं विशाल बरगद वृक्ष के नीचे बैठकर विधि विधान से अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए पूजा करती हैं अमर सुहाग की कामना करते हैं इस पूजा में सावित्री और सत्यवान की कथा पूजा स्थल पर पुरोहित द्वारा सुनाया जाता है पूजा अर्चना के पश्चात वट वृक्ष के चारों ओर लाल धागा बांधकर परिक्रमा करते हैं और सूट को भी अपने गले में भी धारण किया जाता है इस व्रत को सच्चे मन से करने पर सुहागिन महिलाएं की मनोकामना पूरी होती है और अपने घरों में सुख समृद्धि और शांति की प्राप्ति मिलती है सावित्री और सत्यवान की कथा पर आधारित यह पूजा बहुत ही धूमधाम से साल में एक बार मनाया जाता है पूजा की कथा में सावित्री की सच्चाई सत्य और साहस त्याग से यमराज काफी खुश होते हैं और तीन वरदान मांगने को कहा जाता है, पत्नी को अखंड सौभाग्यवती का आशीर्वाद दिया गया। उसे समय से लेकर सावित्री अपने पति को लेकर बट वृक्ष के समक्ष बैठी थी तब से यह प्रचलन का प्रारंभ हुआ और सुहागिन महिलाएं अपने परिवार और जीवनसाथी की दीर्घायु बना रहने के लिए बरगद वृक्ष पर लाल धागा लपेटकर पूजा किया गया। रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में महिलाओं ने अमर सुहाग की कामना करने के लिए बरगद पेड़ समक्ष पूजा अर्चना कर पति को लंबी और दीर्घायु होने, जीवन सुखमय और आनंददाई के लिए मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना में शामिल होते, सुहागिन एक दूसरे महिलाओं को मांग पर सिंदूर लगाकर शुभकामना भी देते हैं, वट सावित्री पूजा को लेकर रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र के कुंदरू कलां, छतरमांडू, लारी, चितरपुर, मुरुबंदा, लोधमा सांडी, रजरप्पा प्रोजेक्ट आवासीय कॉलोनी, सोंढ, सुक्रिगड़ा, बारलोंग, बोरोबिंग, माइल, भूचूंगडीह के अलावे ढूंठवा, सोसो, कोरचे, सिकनी, कुलही, दुलमी, सिरु, मदगी, उसरा, पोटमदगा, होन्हे सहित के दर्जन गांवों में महिलाओं ने अपनी अमर सुहाग के लिए और पति की दीर्घायु उम्र के लिए मनोकामना की।

## टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 'एडल्ट बीसीजी टीकाकरण' को लेकर बैठक

# 7 से 20 जून तक किया जायेगा सर्वे, की जायेगी टीबी संक्रमित मरीजों की पहचान

**एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन के तहत किये जाने वाले सर्वे पर दे विशेष ध्यान: डीसी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यवाहक उपाधीक्षक सदर अस्पताल, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला मलेरिया पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों, पिरामल स्वास्थ्य के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

**रामगढ़।** टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत देश को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए 1 जुलाई से शुरू होने वाले एडल्ट बीसीजी टीकाकरण अभियान को लेकर गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद और जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज के द्वारा डीसी, डीडीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों विभिन्न एजेंसियो के प्रतिनिधियों आदि को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 1 जुलाई से शुरू होने वाले एडल्ट बीसीजी टीकाकरण कार्यक्रम की जानकारी दी गयी। इस दौरान उनके द्वारा बताया गया की देश को 2025 तक टीवी मुक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा बृहद रूप से टीबी मरीजों की पहचान करने और उन्हें टीबी रोग से बचाने के लिए एडल्ट बीसीजी टीका दिया जाना है। इसके लिए 7 से 20 जून तक जिले के अलग-अलग संभावित क्षेत्र जहां वर्तमान में टीबी मरीज इलाजरत हैं अथवा उन क्षेत्रों जहां लोगों के टीबी रोग से पीड़ित होने की संभावना है को चिन्हित कर बृहद रूप से सर्वे किया जाना है। सर्वे के उपरांत चिन्हित व्यक्तियों को 1 जुलाई से बीसीजी का टीका दिया जायेगा।

**टीबी का इलाज संभव, स्वास्थ्य केंद्रों में है निःशुल्क दवा उपलब्ध:** बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि वर्तमान में टीबी का इलाज संभव है। वहीं, सदर अस्पताल सहित अन्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क रूप से दवाईयां भी उपलब्ध हैं। इसके बावजूद जागरूकता के अभाव में कुछ लोग टीबी का रोग झेल रहे हैं। मौके पर डीसी ने सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को 7 जून से 20 जून तक टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किये जाने वाले सर्वे में अपना योगदान देते हुए गंभीरता पूर्वक कार्यों को सफलतापूर्वक सर्व संपन्न कर सभी व्यक्ति जिन्हें टीबी होने की संभावना हो अथवा उनमें किसी प्रकार का कोई लक्षण दिखाई दे चिन्हित करने का निर्देश दिया।

**कोल्ड चैन की व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश:** सफलतापूर्वक एडल्ट बीसीजी टीकाकरण अभियान संपन्न करने को लेकर डीसी ने डीआरसीएचओ डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह को टिकों के रखरखाव के लिए कोल्ड चैन की व्यवस्था सुदृढ़ रखने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिये।

**बीसीजी का टीका उपलब्ध कराया जायेगा:** गौरतलब होकि 1 जुलाई से शुरू होने वाले एडल्ट बीसीजी टीकाकरण अभियान के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, तंबाकू पदार्थ का प्रयोग करने वाले व्यक्ति, 1 जनवरी 2021 के उपरांत टीबी मरीजों के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों, मधुमेह रोग से पीड़ित व्यक्तियों वैसे व्यक्तियों जिनका बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 18 से कम हो, वैसे व्यक्ति जिन्होंने विगत 5 वर्षों में अपना टीबी का इलाज कराया हो और वर्तमान में स्वस्थ हो उन्हें बीसीजी का टीका उपलब्ध कराया जायेगा।

## पतरातू में धूमधाम से की गयी वट सावित्री की पूजा



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू क्षेत्र में गुरुवार को सुहागिनों ने वट सावित्री की पूजा धूमधाम से मनायी। पीटीपीएस पतरातू सांकुल पालू जयनगर समेत कई स्थानों में बरगद पेड़ के नीचे सुहागिनों ने वट सावित्री की पूजा कर अपने पति की दुर्घायु के लिए मंगल कामना की। पतरातू स्टीम कॉलोनी दुर्गा मंडप के पास वट वृक्ष के नीचे पूजा का विशेष आयोजन किया गया। पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने बरगद पेड़ के चारों ओर मोली धागा बांधते हुए परिक्रमा लगायी। सुहागिनों ने बरगद के पेड़ के नीचे पंडित मुकेश पाठक से वट वृक्ष की महिमा और सावित्री सत्यवान की कथा सुनी।

## महिलाओं ने बरगद पेड़ के चारों ओर मोली धागा बांध परिक्रमा की



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र घुटुवा, नया नगर बरकाकाना, हेहल सहित बरकाकाना के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने धूम धाम से मनाया वट सावित्री पूजन समारोह। पूजन समारोह के दौरान सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुहाग की रक्षा के लिए वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के दौरान महिलाओं ने बरगद पेड़ के चारों ओर मोली धागा बांध परिक्रमा की साथ ही सिंदूर लगा कर एक दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं संदेश दिया। मौके पर उपस्थित सुहागिनों ने बरगद के पेड़ के नीचे पुरोहित राजू पांडे द्वारा कहे जा रहे वट वृक्ष की महिमा और सावित्री सत्यवान की कथा सुन अपने जीवन में चरितार्थ करने की बात कही।

## महिलाओं ने की पति की दीर्घायु की कामना



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी कोयलांचल क्षेत्र के उरीमारी, पोटंगा, गरसुला, सयाल उत्तरी, सयाल पश्चिमी और केके पंचायत में सुहागिन महिलाओं ने बरगद पेड़ के समीप बैठ कर वट सावित्री पूजा कर पति की दीघार्यु के लिए कामना की। पूजा-अर्चना के दौरान सुहागिन महिलाओं ने बरगद पेड़ के चारों ओर मौली धागा बांध परिक्रमा की। इसके बाद सिंदूर लगाकर एक दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व सुहागिन महिलाओं ने बरगद पेड़ के नीचे बैठकर पंडित के द्वारा वट सावित्री व्रत पूजा की कथा सुनी। वट सावित्री पर सुहागिनों अपने पति की लम्बी आयु के लिए व्रत रखती है। साथ ही विधि-विधान के साथ पूजा करके वट सावित्री व्रत वट वृक्ष के नीचे कथा सुनी और सुनाई जाती है।वट सावित्री व्रत में बरगद पेड़ का महत्व होता है। इस दिन महिलाएं पूरे दिन उपवास में रहती हैं।

## पतरातू में अपराध समीक्षा बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** एसडीपीओ कार्यालय पतरातू में गुरुवार को एसडीपीओ विरेन्द्र कुमार राम ने पतरातू अंचल क्षेत्र के थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा को लेकर बैठक की। इस मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार सिंह भी उपस्थित थे। बैठक में एसडीपीओ विरेन्द्र कुमार राम ने सभी पुलिस पदाधिकारी को क्षेत्र में विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने लंबित कांडो का निष्पादन करने, अपराधियों पर नकेल कसने, वारंटीयो के गिरफ्तारी में तेजी लाने, नशाखोरी पर छापामारी अभियान चलाने, अवैध रूप से बालू कोयला चलाने वाले लोगों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। इस मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी पतरातू शिव लाल कुमार गुप्ता, भुरकुंडा अभिषेक कुमार, बरकाकाना प्रभारी मो अख्तर अली, बासल कैलाश कुमार, भदानी नगर संजय कुमार रजक आदि पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

## हुरूमगढ़ा में संयुक्त विस्थापित संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक

# लोकल सेल चालू करने को लेकर हुई चर्चा

**मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की दी गयी चेतावनी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** हुरूमगढ़ा स्थित मैदान गुरूवार को संयुक्त विस्थापित संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राणा प्रताप सिंह और संचालन अजय साहू ने किया। बैठक में चारों राजस्व ग्राम कुरसे, बलकुदरा, देवरिया और दुंदुवा के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में भुरकुंडा रोड सेल में मोर्चा की 60 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करते हुए रोड सेल चालू करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही सीसीएल प्रबंधक के वादा खिलाफी को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए मोर्चा ने कहा कि प्रबंधन अविलंब विस्थापितों और प्रभावितों को 60 प्रतिशत की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल अविलंब चालू करे। अन्यथा चारों राजस्व ग्राम के ग्रामीण विस्थापित और प्रभावितों द्वारा भुरकुंडा सीसीएल उत्पादन ठप और डिस्पैच अनिश्चितकाल के लिए ठप कर देंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी और जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। बताया गया कि संयुक्त विस्थापित संघर्ष मोर्चा की अगली बैठक 12 जून को सुबह सात बजे कुरसे पंचायत भवन में आयोजित की जायेगी। जिसमें आगामी रणनीतियों की घोषणा की जायेगी। मौके पर मुख्य रूप से फुलेश्वर राम, कैलाश प्रसाद, राजेश मुंडा, राजाराम प्रसाद, बिहार मांझी, देवानंद प्रसाद, महेश, राजेश्वर सिंह, कपूर सिंह, जलाल सिंह, श्रीनाथ करमाली, वीरेंद्र यादव, बबलू यादव, हरिचरण करमाली, राजकुमार साहू, गोविंद, ललित कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार, महेश सिंह, राजकुमार राम, मदन सिंह, चरकू मुंडा, योगेंद्र सिंह, परमवीर सिंह, विशेश्वर राम, शंकर मुंडा, राजकृष्ण सिंह, प्रीतम सिंह, राजदेव कुमार, लक्खी राणा, राजदीप सिंह, मुकेश सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थें।

# चिराग की बंपर जीत पर रामगढ़ में दिखा उत्साह, फोड़े पटाखे, बांटी मिठाई

**देश की जनता ने एनडीए को बहुमत देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को किया मजबूत: केवल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार में लोजपा रामविलास की पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में बंपर जीत पर पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं में उत्साह है। रामगढ़ पार्टी जिलाध्यक्ष केवल पासवान के नेतृत्व में बुधवार की देर शाम शहर के सुभाष चौक पर जमकर आतिशबाजी करते हुए लोगों के बीच मिठाई का वितरण किया। मौके पर जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत कहा की इस बार के लोकसभा चुनाव में बिहार में पार्टी ने 5 लोकसभा क्षेत्रों में प्रत्याशी खड़ा किया था और सभी सीटों में पार्टी को जीत मिली है। उन्होंने कहा की यह हमारे केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के बेहतर नेतृत्व और लोगों से उनके हमेशा जुड़े रहने के कारण संभव हो पाया है। लोजपा जिलाध्यक्ष ने कहा की पिछले 10 वर्षो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं चलायी हैं, उससे भी लोगों का विश्वास एनडीए की प्रति बढ़ा है और यह जीत उसी का परिणाम है। इसके अलावा उन्होंने हजारीबग लोकसभा क्षेत्र से मनीष जायसवाल की जीत पर किया खुशी का इजहार। मौके पर जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता, मीता देवी, लाला करमाली, निर्मल महतो, मो शाहबान, बांटी, अमर, कृष्णा महतो, कर्मवीर सिंह, सूरज सिंह, संजू विश्वकर्मा, अजय साव, बिट्टू सोनी, निशु कुमार, राजकिशोर पासवान, गौरव कुमार आदि उपस्थित थे।

# भुरकुंडा में श्रद्धापूर्वक मनी वट सावित्री पूजा

**सुहागिनों ने पति के दीर्घायु होने की कामना की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोयलांचल, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को सुहागिनों पूरे विधि-विधान और भक्ति मंत्रोच्चारण के बीच वट सावित्री पूजा की। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने वटवृक्ष की पूजा कर पति के दीर्घायु होने की कामना की। इसके पूर्व सुहागिन महिलाएं उपवास रखते हुए वटवृक्ष की पूजा-अर्चना के बाद बरगद पेड़ की परिक्रमा कर उसमें रक्षा सूत्र बांधा। साथ ही पति व अपने पूरे परिवार की सुख-समुद्धि की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने पुरोहित से सावित्री-सत्यवान और भगवान यमराज द्वारा सावित्री को दिये गये वरदान की कथा भी सुनी। इधर पटेलनगर चपरासी धौड़ा में प्राचीन बरगद के वृक्ष के समीप दर्जनों सुहागिन अहले सुबह ही पूजा-अर्चना के लिए एकत्रित हुईं। जहां सभी ने पूजा-अर्चना के बाद पुरोहित वृजनन्दन बैध के द्वारा सत्यवान सावित्री की कथा सुनी। साथ ही दान दक्षिणा देकर पूजा का समापन किया गया। इस दौरान सुहागिन महिलाएं एक-दूसरे को सिंदुर लगाकर वट सावित्री पूजा की बधाईयां देते हुए सुख-समुद्धि की कामना की।

## भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों कि समस्याओं से अवगत हुए कमांडर, कहा

# सभी की समस्याओं का किया जायेगा निराकरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** ब्रिगेडियर संजय चंद्र कांडपाल स्टेशन कमांडर ने इसीएचएस पॉलीक्लिनिक देवघर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों और स्टाफ के साथ बातचीत की और उपलब्ध सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने देवघर के भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों के साथ मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। बातचीत के दौरान उन्होंने इसीएचएस से संबधित मुद्दो तथा सेवानिवृत होने के बाद मिलने वाली पेंशन, अन्य सुविधाओं तथा एम्स देवघर के साथ चल रहें एमओयू के बारे मे भी जानकारी दी। स्टेशन कमांडर ने भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान करने और इसीएचएस स्वास्थ्य योजना के तहत भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों को मिलने वाली सुविधाओं सेवाओं मे सुथार का आश्वासन दिया।

# कालीचरण सिंह ने मां बागेश्वरी मंदिर में की पूजा-अर्चना, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** 17 लोकसभा क्षेत्र और निर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह रांची जाने के क्रम में गिद्धौर प्रखंड के बलबल स्थित बागेश्वरी मंदिर में चतरा लोकसभा के निर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह ने 108 दीपक जलाकर पूजा-अर्चना किया। जबकि क्षेत्र की सुख शांति के लिए मां बागेश्वरी से आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने अपने निर्वाचित सांसद का चुनरी ओढ़ाकर और माला पहनाकर स्वागत किया। पूजा के पश्चात सांसद काली चरण सिंह ने उपस्थित लोगों से कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जायेगा। सभी को समान अधिकार मिलेगा। उन्होंने भारी मतों से जीतने के लिए मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ मतदाताओं ने सांसद चुना है, उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। मौके पर जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, बिंदेश्वरी यादव, कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, पंचायत संयोजक राकेश कुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, विकास कुमार, सुनील कुमार राणा, अमीर कुमार, उज्जवल दास, महेन्द्र राम, उप प्रमुख प्रीतम यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## कालीचरण सिंह की जीत पर जदयू जिलाध्यक्ष ने दी बधाई



**चतरा।** चतरा लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह के जीत पर जदयू जिला अध्यक्ष राम आशीष कुमार ने बधाई दी है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि चतरा लोकसभा सीट से पहली बार चतरा के बारे में बेहतर जानने वाले सांसद को काम करने का मौका मिला है। इनके जीतने से चतरा में बाइपास, चंदवा टोरी रेलवे ओवर ब्रिज, जैसी समस्या पर जल्द लोकसभा क्षेत्र वासियों को निजात मिल पायेगा। कालीचरण सिंह के जीत पर जदयू प्रदेश सचिव नंद कुमार निराला प्रवक्ता मुकेश कुमार यादव ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवकुमार दांगी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय कुमार महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललीता देवी अनुसुचित मोर्चा जिलाध्यक्ष बब्लू पासवान, प्रखंड अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार, राजु ठाकुर, विसुजि दांगी, शेखर यादव, अशोक वर्मा, मुसाफिर कुशवाहा, बिनोद दांगी, सतेन्द्र यादव, चतरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी केदार भुइयां, सतेन्द्र सिंह, दिलीप शर्मा, पवन चन्द्रवंशी, धनश्याम दांगी आदि ने बधाई दिया।

# सहयोगी दलों पर बढ़ी बीजेपी की निर्भरता

लोकसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद स्वाभाविक ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सरकार गठन को लेकर गहमागहमी शुरू हो गयी है। बहुमत बेशक एनडीए के पास है, लेकिन विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए भी अपेक्षा से ज्यादा सीटें लाने की वजह से उत्साह में है। प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी के अब तक के दोनों कार्यकाल ऐसे रहे हैं, जिसमें उनकी अपनी पार्टी भाजपा को बहुमत हासिल रहा है। इसके बावजूद उन्होंने एनडीए को साथ लेकर सरकार चलायी, लेकिन भाजपा के बहुमत की वजह से सहयोगी दलों के पास ज्यादा सौदेबाजी करने की गुंजाइश तब नहीं थी। अब पहली बार मोदी की अगुआई में ऐसी सरकार बनने के आसार दिख रहे हैं, जो अस्तित्व के लिए सहयोगी दलों के समर्थन पर निर्भर होगी। ऐसी स्थिति में अक्सर सरकार को समर्थन देने वाले दल अलग-अलग रूपों में इसकी कीमत वसूलना चाहते हैं। इस बार सहयोगी दलों की ओर से आधिकारिक तौर पर ऐसी कोई मांग सामने आने की सूचना अभी तक नहीं है, लेकिन सूत्रों के हवाले से मीडिया में ऐसी खबरें चलने लगी हैं कि लोकसभा अध्यक्ष पद और विशेष राज्य का दर्जा जैसी मांगें आगे की जा चुकी हैं। इसमें दो राय नहीं कि पीएम नरेंद्र मोदी के पास राजनीति का इतना लंबा अनुभव है कि उनके लिए इस तरह के दबावों को झेलना और तालमेल बनाये रखना ज्यादा मुश्किल नहीं होना चाहिए। लेकिन एन चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार दोनों अटल बिहारी वाजपेयी के दौर में भी एनडीए का हिस्सा रह चुके हैं। उस दौर में वाजपेयी सरकार को एनडीए के सहयोगी दलों के दबाव में तीन अहम मुद्दों - राम मंदिर, अनुच्छेद 370 और समान आचार संहिता - से दूरी बनाये रखनी पड़ी थी। सवाल उठना लाजिमी है कि क्या इस बार भी मोदी की अगुआई वाली सरकार को सहयोगी दलों की ओर से इस तरह की बंदिशों के बीच काम करना पड़ेगा। अगर हां तो यह सरकार के कामकाज की गति और दिशा पर किस तरह का प्रभाव डालेगा? मगर इन सवालों से पहले यह देखना होगा कि सरकार गठन की प्रक्रिया बिना किसी बाधा के पूरी हो जाती है या नहीं। दिलचस्प है कि आइएनडीआइए के भी कुछ घटक दलों की ओर से सरकार बनाने की इच्छा जतायी गयी है, लेकिन बहुमत से दूर होने की वजह से उनकी इच्छा पूरी होती नहीं दिख रही। यह जरूर है कि आइएनडीआइए के बेहतर प्रदर्शन की बदौलत देश को लंबे अर्से बाद मजबूत विपक्ष मिला है। उम्मीद है कि सहयोगी दलों के तालमेल वाली सरकार और मजबूत विपक्ष का समन्वय देश में न केवल लोकतंत्र को मजबूती देगा बल्कि खुशहाली का नया दौर लायेगा।

**सवाल उठना लाजिमी है कि क्या इस बार भी मोदी की अगुआई वाली सरकार को सहयोगी दलों की ओर से इस तरह की बंदिशों के बीच काम करना पड़ेगा। अगर हां तो यह सरकार के कामकाज की गति और दिशा पर किस तरह का प्रभाव डालेगा?**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पुलिस चाहे तो बड़ी से बड़ी घटना को प्राकृतिक एवं सामान्य रूप दे सकती है तथा दूसरी तरफ छोटी घटना को एक बहुत बड़ा रूप भी दे सकती है। ऐसा तभी संभव होता है, जब या तो नीचे से ऊपर तक सभी भ्रष्टाचार का नंगा नाच कर रहे होते हैं या फिर कुछ ऐसे ईमानदार अधिकारी भी हैं, जो खुद सत्यनिष्ठ व ईमानदार तो हैं, मगर वह या तो कानून की बारीकियों के बारे में अनभिज्ञ होते हैं या फिर वो आंखें मूंद कर अपना समय निकालते रहते हैं।**

# कानून के लंबे हाथ कभी-कभी छोटे भी पड़ जाते हैं

**राजेंद्र मोहन शर्मा**



**आरोपी के पिता ने फौरेंसिक लैब के निदेशक को 3 लाख रुपये देकर अपने आरोपी बेटे के खून के सैंपल ही बदलवा दिये। इस बात का खुलासा उस समय हुआ जब पुलिस ने आरोपी के ब्लड सैंपल एक अन्य लैब में भी भेज रखे थे तथा इस लैब की रिपोर्ट के अनुसार आरोपी ने शराब पी रखी थी।**

कहते हैं कि कानून के हाथ काफी लंबे होते हैं तथा यदि पुलिस व न्यायालय चाहे तो अपराधी को पाताल से भी निकाल कर सलाखों के पीछे धकेल सकते हैं। मगर हमारे देश में पैसे एवं रसूख से कुछ भी खरीदा जा सकता है। हमारी रगों में भ्रष्टाचार का खून बहता है, जो साफ करने पर भी गंदा ही बना रहता है। कई ऐसी हृदयविदारक घटनाएं होती हैं, जिन्हें देख कर किसी भी सामान्य व्यक्ति की संवेदनाएं जागृत हो उठती हैं। यह भी ठीक है कि हमारी पुलिस एवं पूरी न्यायिक व्यवस्था अपराधियों को पकड़ने एवं उन्हें सजा देने से पीछे नहीं रहती मगर कहते हैं कि पैसे के आगे सब कुछ नतमस्तक हो जाता है। हमारा कानून अपनी आंखों पर काली पट्टी पहने रहता है तथा सबूतों का ही इंतजार करता रहता है। आम सामान्य अपराधियों को भले ही सजा हो जाती है, मगर धनबली जिनको राजनीतिज्ञों एवं पुलिस इत्यादि सभी एजेंसियों का आशीर्वाद होता है, सजा से मुक्त होने में कामयाब हो ही जाते है।

सभी कानूनी संस्थाओं को अपने अपने नियमों का भली-भांति ज्ञान होता है तथा यह एजेंसियां दिन को रात एवं रात को दिन बनाने में भी सक्षम होती हैं। आमतौर पर देखा गया है कि ट्रैफिक घटनाओं में पुलिस मुकद्दमा दर्ज ही नहीं करती तथा दोनों पक्षों में समझौता करवाने की कोशिश करती है।

**आमतौर पर देखा गया है कि ट्रैफिक घटनाओं में पुलिस मुकद्दमा दर्ज ही नहीं करती तथा दोनों पक्षों में समझौता करवाने की कोशिश करती है।**

पुलिस चाहे तो बड़ी से बड़ी घटना को प्राकृतिक एवं सामान्य रूप दे सकती है तथा दूसरी तरफ छोटी घटना को एक बहुत बड़ा रूप भी दे सकती है। ऐसा तभी संभव होता है, जब या तो नीचे से ऊपर तक सभी भ्रष्टाचार का नंगा नाच कर रहे होते हैं या फिर कुछ ऐसे ईमानदार अधिकारी भी हैं, जो खुद सत्यनिष्ठ व ईमानदार तो हैं, मगर वह या तो कानून की बारीकियों के बारे में अनभिज्ञ होते हैं या फिर वो आंखें मूंद कर अपना समय निकालते रहते हैं।

अभी हाल ही में पुणे में 19 मई की एक ऐसी सड़क दुर्घटना का उदाहरण है, जो पुलिस, आबकारी विभाग एवं न्यायपालिका पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह पैदा करती है, जिससे इन संस्थाओं पर से लोगों का विश्वास तुरंत उठ जाता है। एक बड़े धनबली के साढ़े 17 वर्ष के नाबालिग बेटे ने 19 मई की रात को एक होटल में 48,000 रुपये की महंगी से महंगी शराब पी तथा उसके बाद नशे में धुत्त होकर अपनी 2 करोड़ की गाड़ी को 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सड़क पर एक मोटर साइकिल सवार जिस पर एक 24 वर्षीय लड़का एवं लड़की जा रहे थे, को बहुत बुरी तरह से कुचल कर मौके पर ही मार देता है तथा घटनास्थल से भागने की कोशिश करता है।

मगर कुछ साहसी लोगों ने अपनी नैतिकता का फर्ज समझते हुए उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। अब पुलिस किस तरह अपने लंबे हाथों को बांध कर उस अपराधी को बचाने की कोशिश करने लगती है, जो सचमुच पुलिस की छवि को धूमिल कर देती है। पुलिस ने इस बिगड़ैल लड़के को थाने में ले जाकर सुबह बर्गर एवं पिज्जा इत्यादि खिलाया तथा घटना की एफआइआर लगभग 6 घंटे के बाद सोच-समझ कर 8 बजे दर्ज की। उसका तुरंत मेडिकल नहीं करवाया गया तथा घटना के 15 घंटे के बाद शाम 3 बजे उसका ब्लड सैंपल लिया गया। उसका एक किशोर अपराधी की तरह किशोर अपराधी अधिनियम 2015 के अंतर्गत समायोजन किया गया तथा किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश कर दिया।

हालांकि इस एक्ट में विशेष प्रावधान है कि यदि कोई युवक (18 वर्ष की कम आयु वाला) कोई जघन्य अपराध करता है, तो उसे एक व्यस्क व्यक्ति की तरह ही गिरफ्तार करके उस पर आगामी कार्रवाई करनी चाहिए। बेईमानी की सीमा अभी समाप्त नहीं हुई। आरोपी के पिता ने फौरेंसिक लैब के निदेशक को 3 लाख रुपये देकर अपने आरोपी बेटे के खून के सैंपल ही बदलवा दिये। इस बात का खुलासा उस समय हुआ जब पुलिस ने आरोपी के ब्लड सैंपल एक अन्य लैब में भी भेज रखे थे तथा इस लैब की रिपोर्ट के अनुसार आरोपी ने शराब पी रखी थी। पुलिस ने इस सूचना के आधार पर आरोपी डाक्टरों को षड्यंत्र रचाने के लिए गिरफ्तार कर लिया है। ऐसा तभी संभव हो सका, जब जागृत जनता एवं मीडिया ने एकजुट होकर आवाज उठायी। न जाने इन आरोपी डाक्टरों ने पहले भी कितने अपराधियों को लाभ पहुंचा कर अपने ईमान को बेच दिया होगा।

पुलिस के इस ढुलमुल रवैये के बाद हमारी न्यायपालिका का रोल आरंभ होता है। जरा देखिए यह भी किस तरह अपनी आंखों पर काली पट्टी बांध कर तराजू के दोनों पलड़ों को बराबर रखते हुए अपनी न्यायिक प्रक्रिया शुरू करती है। यह न्यायिक बोर्ड जिसका चेयरमैन ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट होता है। इस बिगड़ैल को 300 पंक्तियों का एक निबंध लिखवा कर छोड़ देता है।

अभी आप सोच रहे होंगे कि इस घटना में राजनीतिज्ञों का क्या रोल रहा होगा। वो भी जरा जान लीजिए। घटना का पता चलते ही स्थानीय विधायक महोदय थाना में दस्तक दे देते हैं तथा वह निश्चित तौर पर पुलिस को इस केस को कमजोर करने की ही बात करते होंगे। यदि हम चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवारों की बात कहें, तब इस समय लगभग 40 प्रतिशत उम्मीदवारों के विरुद्ध आपराधिक मामले लंबित हैं तथा कई तो ऐसे भी हैं, जिनके विरुद्ध हत्या के एक से अधिक मामले लंबित हैं। हालांकि उच्चतम न्यायालय ने कई बार कहा है कि ऐसे दागी उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं होनी चाहिए।

**(लेखक : रिटायर्ड डीआइजी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### काले की माता की अंतिम अरदास में शामिल हुए लोग, दी श्रद्धांजलि

# अर्जुन मुंडा, बन्ना गुप्ता, पशुपतिनाथ सिंह नागेंद्र, सरयू और कालिंदी हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**जमशेदपुर।** 6 जून भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रसिद्ध समाजसेवा अमरप्रीत सिंह काले की मां सरदारनी बलवंत कौर खनूजा के स्वर्गवास पर आज साकची गुरुद्वारा में पुण्यआत्मा की शांति के लिये अंतिम अरदास (श्राद्ध) और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। इसके पूर्व उनके आवास पर परसो आरंभ हुआ अखंड साहिब पाठ संपन्न हुआ। साकची गुरुद्वारा में एक घंटे के सब्दकीर्तन और अरदास के बाद श्रद्धांजलि सभा हुई तथा गुरु का लंगर चला।

श्रद्धांजलि सभा में समाज के सभी तबके के लोग उपस्थित हुए। खासकर जन प्रतिनिधि और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही। जमशेदपुर से बाहर रांची, डाल्टेनगंज, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ आदि कई स्थानों के अलावे दिल्ली, आगरा, लखनऊ, मुंबई, हैदराबाद, आदि से भी शुभचिंतक और मित्र उपस्थित हुए। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी सीधे दिल्ली से और विधायक विरंची नारायण बोकारो से लंगर में शामिल होने के लिये पहुंचे। इसके पहले गुरुद्वारा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राज्य के स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व सासंद (धनबाद) पशुपति नाथ सिंह, विधायक सरयू राय, विधायक मंगल कालिंदी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की धर्मपत्नी मीरा मुंडा, पूर्व विधायक रामचंद्र सहिस, सीजीपीसी प्रधान भगवान सिंह, झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह, अल्प संख्यक आयोग के पूर्व सदस्य गुरविंदर सिंह सेठी(रांची), आदि अपने उद्गार व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और काले परिवार की एकजुटता और सहृदयता और समाज के प्रति समर्पण का उदाहरण पेश किया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा काले को देखकर पता चलता है कि उनकी मां कैसी होंगी। काले जिस ढंग से जरुरतमंदों की मदद करते हैं, उसी तरह उनका पूरा परिवार भी समाज के प्रति यही भाव रखता है। पूर्व सांसद पीएन सिंह ने कहा कि वे लगभग 22 वर्षो से इस परिवार के बीच आते हैं। शायद ही कोई ऐसा साल रहा हो जब वे काले द्वारा आयोजित हर हर महादेव सेवा संघ की अंतिम सोमवारी के कार्यक्रम में शामिल न हुए हों। भगवान सिंह ने कहा कि समस्त खनूजा परिवार खासकर काले के पिता हरजीत सिंह खनूजा हमेशा सामाजिक कार्यो में तत्पर रहते थे। उन्होंने चारो भाइयों त्रिलोचन सिंह पम्मी, दलजीत सिंह राजे, अमरप्रीत सिंह काले और रणवीर सिंह बब्बू के एकजुट रहने का उदाहरण दिया। सरदार शैलेंद्र सिंह ने साकची गुरुद्वारा के ड्योढी साहिब की स्थापना को काले के पिता जी का कीर्तिमान बताया। श्रीमती मीरा मुंडा ने कहा कि उन्हें चाई जी(काले की माताजी) से हमेशा आशीर्वाद मिलता रहा। भावुक होने के कारण उनका गला रुध गया था। बीबी इंदरजीत कौर ने दिवंगत सरदारी बलवंत कौर खनूजा की स्मृति में परिवार को एक प्रतीक स्वरुप चित्र प्रस्तुत किया। साकची गुरुद्वारा के प्रधान निशान सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके पूर्व सुबह अखंड पाठ के समापन के मौके पर भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने श्री काले के आवास पर पहुंचकर अपनी संवेदना व्यक्त की। उनके साथ महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, नीरज सिंह, मनोज सिंह, आदि भी आये थे। अंतिम अरदास के मौके पर खनूजा परिवार की ओर से शहर के कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के लिए माँ की तरफ से छोटा सा सहयोग प्रदान भी किया गया। अंतिम अरदास में टाटा स्टील, टाटा मोटर्स वि कई उद्योगों के पदाधिकारियों, कई अखबारों के संपादकों के अलावा प्रमुख लोगों में डा दिनेशानंद गोस्वामी, बारी मूर्मू, शैलेंद्र सिंह, चैम्बर के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय खां, रवींद्र झा, कांग्रेस के अजय सिंह,शिवशंकर सिंह, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, महासचिव आर के सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामाश्रय प्रसाद, भाजपा नेता भरत सिंह, योगेश मल्होत्रा, सतवीर सिंह सुमो, पूर्व डीआईजी राजीव रंजन सिंह, चंचल भाटिया, धर्मेंद्र सोनकर, कल्याणी शरण, एसडीएसएम के दिवाकर सिंह, रेमेश हांसदा, आलोक पाठक, रवींद्र जी, शिवाजी, प्रभाकर सिंह, काली शर्मा आदि उपस्थित थे।

अंतिम अरदास और लंगर में शामिल होनेवाले अन्य प्रमुख लोगों में जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, टाटा स्टील के वीपी सीएस चाणक्य चौधरी, जिला पार्षद कुसुम पूर्ति, देवयानी मुर्मू, लखन मार्डी, उदय सिंहदेव, बिल्डर आदि कई राजनीतिक, सामाजिक, व्यावसायिक और पत्रकारिता से जुड़े असंख्य नामचीन हस्तियाँ शामिल हुई।

## ग्राम प्रधान के 8 वर्षीय पुत्र की ट्रैक्टर से दबकर मौत

**घाटसीला(आजाद सिपाही)। कवाली थाना क्षेत्र के महुलडीहा निवासी ग्राम प्रधान विधान मंडल के 8 वर्षीय पुत्र की ट्रेक्टर से दबने से मृत्यु हो गया। घटना आज दिन के तीन बजे की है। कवाली थाना क्षेत्र के कूटसूरी गांव में तालाब का जीर्णो धार किया जा रहा था। जहां से मिट्टी ट्रेक्टर द्वारा महूल डीहा लाया जा रहा था। ग्राम प्रधान विधान मंडल के घर पर ही मिट्टी भराई का काम चल रहा था। वहीं पर शौचालय में 8 वर्षीय बच्चा शौच कर रहा था। ट्रेक्टर से शौचालय में ठोकर लग गया, जिससे दबकर बच्चा की मृत्यु हो गया। एम जी एम में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।**

# टाटा स्टील जुलोजिकल पार्क में लकड़बग्घा और तेंदुआ के लिए नये बाड़े का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जुलोजिकल सोसाइटी के द्वारा संचालित टाटा स्टील जू में धारीदार लकड़बग्घा व सामान्य तेंदुआ के लिए नये बाड़े का उदघाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय वन संरक्षक रवि रंजन व विशिष्ट अतिथि वीपी चाणक्य चौधरी शामिल हुए। चिड़ियाघर में हो रहे बदलाव व विस्तार कार्यक्रम के तहत पुराने नर्सरी एरिया में बने नये बाड़े का उदघाटन वन विभाग के क्षेत्रीय वन संरक्षक रवि रंजन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर चिड़ियाघर यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, टाटा स्टील जुलोजिकल सोसाइटी के मानद सचिव कैप्टन अमिताभ और टाटा स्टील जुलोजिकल पार्क के डिप्टी डायरेक्टर नइम अख्तर समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। लगभग 1200 वर्ग मीटर में तेंदुआ और 100 वर्ग मीटर में लकड़बग्घा के लिए बाड़ा बनाया गया है। वही विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 11 स्कूलों के 126 छात्रों ने हिस्सा लिया। मौके पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग प्रस्तुत की।

### कोवाली में पांच दिवसीय मुक्तेश्वरधाम हरिणा मेला 15 जून से

# मुक्तेश्वरधाम हरिणा मेला सिंहभूम के प्रसिद्ध मेला में से एक : संजीव सरदार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका में सिंहभूम के प्रसिद्ध हरिणा मेला का शुभारंभ 15 जून से होना है। 20 जून तक चलने वाली पांच दिवसीय भव्य मेला की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। गुरुवार को विधायक संजीव सरदार मुक्तेश्वरधाम हरिणा मेला का जायजा लेने के लिए दौरा किया। मौके पर विधायक सरदार ने मुक्तेश्वरधाम आश्रम के प्रमुख सह ग्राम प्रधान बजरांकण दंडपाट से मुलाकात कर जानकारी ली। विधायक संजीव सरदार ने कहा रोजो संक्रांति के अवसर पर कोवाली थाना क्षेत्र के मुक्तेश्वरधाम हरिणा मेला सिंहभूम के प्रसिद्ध मेलाओं मे से एक है। पांच दिवसीय मेला में झारखंड सहित पड़ोसी राज्य ओडिशा और पश्चिमी बंगाल से लाखों की संख्या मे लोग शामिल होते हैं। मौके पर आश्रम के प्रमुख सह ग्राम प्रधान ने हरिणा मेला में सरकार की ओर से राजस्व उगाही के बारे मे चर्चा की। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि मेला वन विभाग और रैयती जमीन मे लगती है। इस स्थिति मे अंचल कार्यालय द्वारा निलामी किया जाना विधि सम्मत नहीं है। विधायक ने इस मामले मे उप विकास आयुक्त से वार्ता कर राजस्व नहीं लेने का निर्देश दिया। उन्होंने खराब पड़े चापानलों की मरम्मत व मेला के दौरान पर्याप्त पानी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वही ग्राम प्रधान बजरांकण दंडपाट ने कहा कि हरिणा मेला 15 जून से लगेगा। इसके पूर्व गांव मे 13 जून को छऊ नृत्य,14 को जामडालिया व जागरण और 15 जून को पाटभोक्ता के साथ मेला का शुभारंभ किया जायेगा। मेला शांतिपूर्वक चले, इसको लेकर मुक्तेश्वरधाम आश्रम समिति के लोग लगे हुये है।

इस अवसर पर पूर्व मुखिया चंका सरदार, अनी नायक, मनोहर सरदार, चुनाराम मुर्मू, बिरेन सरदार, बिहारी लाल सरदार, सपन, जगबंधु सरदार सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## बढ़ते तापमान को लेकर जिले के बुद्धिजीवियों ने जतायी चिंता, कहा

# स्थानीय पॉलिटिकल लीडर पर्यावरण को अपने मुख्य एजेंडे में शामिल करें




**बढ़ते वैश्विक तापमान के बीच 'व्यक्तिगत प्रयास' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर उत्सव गार्डन में पर्यावरण परिवार के बैनर तले 'बढ़ते वैश्विक तापमान के बीच व्यक्तिगत प्रयास' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। बहुत सारे लोगों ने अपने विचार दिये। सबके विचारों से यह तो स्पष्ट हो गया कि अब हर व्यक्ति ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज को बहुत ही गंभीरता से देख रहा है। सबके विचारों में गढ़वा के बढ़ते तापमान (48 डिग्री सेल्सियस) को लेकर एक गंभीरता दिखी। वृक्षारोपण, एसी का कम यूज, वाटर हार्वेस्टिंग, पॉलिथीन उन्मूलन, जन जागरूकता इत्यादि सभी विषयों पर लोगों ने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। ये भी तय हुआ कि पर्यावरण परिवार द्वारा एक वार्षिक कैलेंडर बनायें जाने तथा पूरे साल उस कैलेंडर के अनुसार खासकर गढ़वा के पर्यावरण को ठीक करने के लिए कार्य करने को लेकर चर्चा की गयी। लोगों ने ये बात भी प्रमुखता से कही की कभी भी पर्यावरण का विषय राजनीति को प्रभावित नही कर सका है। अब जरूरत है कि गढ़वा के पॉलिटिशियन पर्यावरण को अपने मुख्य एजेंडे में रखे और यहां के पर्यावरण को सुधारने में कारगर कदम उठायें। पर्यावरण परिवार जेनविन तरीके से वृक्षारोपण, वाटर हार्वेस्टिंग, पॉलिथीन उन्मूलन इत्यादि विषयों पर जन जागरूकता अभियान का कार्य पूरी ताकत से करेगी। निर्णय लिया गया कि अगले एक साल तक पूरा प्रयास किया जायेगा कि आम लोगों के दिल में हम पर्यावरण के प्रति प्रेम पैदा कर सकें। बहुत ही स्वस्थ और सकारात्मक माहौल में यह विचार गोष्ठी संपन्न हुई। कार्यक्रम में विनोद पाठक, एसएन पाठक, सुनील दुबे, अमित शुक्ला, शैलेश तिवारी, सुरेश मानस, दिलीप श्रीवास्तव, प्रदीप, प्रो कमलेश, देवराज उपाध्याय, अन्नु, बबलू, विपिन, गौतम ऋषि, डॉ पतंजलि, रमाशंकर, दिलीप, अलख, श्रीराम धर दुबे, अनीत, नितिन, दिनेश, मनोज, दिवाकर, चंद्र देव सिंह, नीरज के अलावा बहुत सारे पर्यावरण परिवार के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनोज द्विवेदी ने किया।

## ग्लोबल वार्मिंग पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित




बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागृति के बाल वृक्ष मित्रों की ओर से चितविश्राम स्थित शोभन मांझीडीह स्थल पर वृक्षारोपण किया गया। साथ ही पर्यावरण जागृति कार्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता और 'बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग में हमारी भूमिका' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि आचार्य श्रीकांत मिश्र ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग का असर आज पूरी दुनिया पर है हम इससे अछूते नहीं हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिये हम सभी को संवेदनशील होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति और ऋषि कृषि परंपरा पर्यावरण को संतुलित करने में सक्षम थी, हमें उसे भूलने की नहीं संजो कर रखने की जरूरत है। सेवानिवृत्ति शिक्षक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि यह किसी एक की समस्या नहीं हम सबकी है, इसलिये सबको मिलकर समाधान खोजना होगा। शिक्षक अखिलेश प्रसाद ने कहा हमारी भारतीय संस्कृति स्वतः पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रही है पर आज के युवाओं पर दुख होता है कि अपने धरोहर को संभाल नहीं पा रहे। इस बरसात में वृहद वृक्षारोपण करेंगे। उस अवसर इंद्रशेखर पांडेय, राहुल पांडेय, शुभम, सुमेद साव, व्योम कृष्णा, रौनक, वर्तिका, शुभांगी शेखर, प्रखरपर्व, कुश, समेत पर्यावरण जागृति के सदस्य मौजूद थे। पेंटिंग प्रतियोगिता में विधि पांडेय ने प्रथम पर्यावरण बाल मित्रों द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में पेंटिंग प्रतियोगिता में विधि पांडेय ने प्रथम, वैभव रानी ने द्वितीय तथा पलक कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में वैभव रानी ने प्रथम, आकृति दुबे ने द्वितीय और आर्यन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल प्रतिभागियों को पर्यावरण दिग्दर्शिका, मेडल पुरस्कार और अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

# सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा वट सावित्री व्रत

**विधि विधान से की वट वृक्ष की पूजा अर्चना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड भर में सुहागिनों ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री व्रत रख कर विधि विधान से वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। गुरुवार को मेराल प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर के बगल में स्थित प्राचीन वट वृक्ष की पूजा अर्चना आसपास के सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक श्रृंगार के साथ बांस की बनी डलिया में पूजन सामग्री लेकर पहुंची, जहां पुरोहित पंडित दिनेश पाठक एवं कमलेश वैद्य के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराया गया। इस दौरान पंडित दिनेश पाठक ने कहा कि यह मान्यता है कि वट सावित्री व्रत करने से पति की आयु बढ़ती है और सुहाग अखंड रहता है। यह पर्व पति-पत्नी के बीच प्रेम और स्नेह का प्रतीक भी माना जाता है। उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ मास के अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला वट सावित्री व्रत सुहागिनों ने अपने पति के दीघार्यु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ करती हैं। इसी तरह प्रखंड के सभी 20 पंचायतों में भी वट सावित्री पूजा की गयी।



भवनाथपुर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाओं ने पंचोपचार विधि से वट वृक्ष का पूजन किया और वृक्ष में कच्चा सूत बांधकर परिक्रमा की।



कांडी प्रखंड क्षेत्र में सुहागिनों ने अपने पति की दिघार्यु के लिए वट सावित्री व्रत रख कर विधि विधान से वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी।



केतार में सुहागिन महिलाओं ने मुकुंदपुर के ब्रह्मबाबा,अमराहीडह स्थित श्री सूर्य मंदिर स्थित वट वृक्ष के समक्ष सोलह श्रृंगार कर सैकड़ो महिलाओं ने व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना किया।



विशुनपुरा में सुहागिन महिलाओं ने निर्जला उपवास रखते हुए वट वृक्ष के नीचे विद्वान पंडित के माध्यम से व्रत कथा का श्रवण किया।

# वीडी राम की जीत पर गोवावल में जश्न



आजाद सिपाही संवाददाता


**गढ़वा।** पलामू लोकसभा क्षेत्र से सांसद विष्णु दयाल राम की जीत के अवसर पर गोवावल मंडल अध्यक्ष शिवनारायण चंद्र के नेतृत्व में मंडल कार्यालय से तिलदाग मोड़ तक जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को और मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर गोवावल मंडल से भाजपा की विजयी प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को इस क्षेत्र से 8716 अधिक मत दिया। जिसके लिए मंडल के सभी मतदाताओं को बधाई दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद तिवारी, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसरीख चंद्र, पूर्व मंडल महामंत्री मुकेश चोबे, मंडल के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, मंडल के कोषाध्यक्ष मुकेश धर दुबे, मंडल के मंत्री यदुनंदन चंद्रवंशी, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कामेश्वर उपाध्याय, किसान मोर्चा के महामंत्री राजेश साहू, गुड्डू सिंह, बलजी चौहान, सत्येंद्र तिवारी, किशोर मिस्त्री, विष्णु तिवारी, अशोक तिवारी, राजू ठाकुर, संजय शाह, बबलू विश्वकर्मा, संतोष बड़ाई, कन्हैया उपाध्याय, अशोक उपाध्याय, दीपक घर दुबे सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता जुलुस में शामिल थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस के पर बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया गया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह के द्वारा बरगद, पीपल चंदन और नीम के पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्रों को अपने-अपने घरों में एक-एक पौधारोपण कर ग्लोबल वार्मिंग को रोकने में अपना-अपना सहयोग प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ एमके सिंह, सीईओ सुभाष कुमार, कुलसचिव डॉक्टर ललन कुमार, संपदा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह, प्रशासनिक पदाधिकारी प्रवीण सिंह, पंकज सिंह, शंभू राम हरेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, हिमांशु वैद्य रवि एवं अरविंद कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## हजारीबाग में आयोजित रैंकिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के लिए अभ्यास रहेगा जारी: आनंद



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में वन विभाग के सामुदायिक भवन में चल रहे समर कैंप में खिलाड़ियों को कोच कमलेश कुमार दुबे ने टेबल टेनिस खेलने के विभिन्न शॉट्स को खेलने और विपक्षी खिलाड़ियों के शॉट्स के बचाव कर जीतने के गुर के बारे में जानकारी दी। समर कैंप में कोच कमलेश कुमार दुबे के निर्देशन में खिलाड़ियों ने ब्लॉक करने, फोरहैंड टॉप स्पीन मारने, बैकहैंड, टॉप स्पिन मारने सहित अन्य प्रकार के नियमों को सिखा। इस अवसर पर संघ के सचिव आनंद सिन्हा नें कहा कि समर कैंप का समापन सुबह दस बजे किया जायेगा। इस मौके पर संघ के सह सचिव प्रिंस सोनी, संतोष कश्यप, सदस्य अभय कुमार, बालिका उच्च विद्यालय के फिजिकल शिक्षक सुशील तिवारी, रामासाहु के फिजिकल शिक्षक प्रदीप कुमार सिंह, सिनियर खिलाड़ी ऋषभ राज सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

# संध्या चौपाल में मंत्री ने किया जनसंवाद कई समस्याओं का किया गया समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा अपने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में संध्या चौपाल लगाकर लोगों के समस्याओं का निराकरण करने का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। मंत्री ने बुधवार को गोंदा पंचायत के संध्या जन चौपाल कार्यक्रम में पहुंचकर लोगों से संवाद किया। उनके द्वारा मौके पर ही कई ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही कहा गया कि लोगों के समस्याओं का हर संभव समाधान के लिए आगे भी तत्पर रहूंगा। इससे एक दिन पूर्व पढ़ुआ पंचायत में भी संध्या चौपाल में जन संवाद कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया था। बता दें कि लोकसभा चुनाव का परिणाम गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में बदलते सियासी हालात का संकेत दे रहा है। चुनाव परिणाम से वोटों का जो अंकगणित सामने आया है, वह सत्ता पक्ष के साथ-साथ अन्य दालों के लिए भी चिंता का विषय है। झारखंड की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल दिसंबर में समाप्त हो रहा है। ऐसे में अगले छः महीनों के भीतर चुनाव संभावित हैं। लिहाजा, लोकसभा चुनाव परिणाम आते ही गढ़वा विधायक सह सूबे के मंत्री जहां जन संवाद कार्यक्रम प्रारंभ कर दिये हैं वही पूर्व विधायक-मंत्री गिरिनाथ सिंह भी गढ़वा के विभिन्न प्रखंडों में जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिए हैं।

## 11 जून को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** एक युवा समाजसेवी शशांक शेखर ने बड़े पैमाने पर सरकारी दवाएं फेंक दिये जाने के मामले में प्रशासन के मौन के विरोध में आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत कांडी अस्पताल पर 11 जून को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इसकी सूचना उन्होंने जिला के डीसी को दे दी है। विदित हो कि कांडी प्रखंड क्षेत्र के सतबहिनी झरना तीर्थ से कुछ दूर एक नाला के पास गड्ढे में 16 मार्च 2024 को काफी बड़े पैमाने पर कामयाब सरकारी दवाएं फेंकी हुई पायी गयी थीं। मामले की सूचना जिला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को मीडिया ने सूचित करने का प्रयास किया। लेकिन फोन से संपर्क नहीं हुआ। उसके पश्चात थाना प्रभारी को सूचना दी गयी। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर एक ट्रैक्टर कामयाब आयरन व फोलिक एसिड की गवर्नमेंट सप्लाई नॉट फोर सेल दवाएं बरामद किया। छह बोड़ा एक्सपायर दवाएं अलग थीं। जिसे पुलिस की गाड़ी पर ले जाया गया। इस बाबत राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को भी सूचित किया गया। मंत्री के हस्तक्षेप से ही डीसी द्वारा एलआरडीसी व सिविल सर्जन की टीम ने थाना जाकर दवाओं की जांच की। इसी के साथ अज्ञात के खिलाफ एफआईआर भी किया गया। उसके बाद से 83 दिन गुजर जाने के बाद भी मामला ठंडे बस्ते में पड़ा है। इस चुप्पी को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को भी सूचना दी गई है। बावजूद इसके चुनाव का हवाला देकर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

# रारो बाजार समिति की भूमि को किया जा रहा है अतिक्रमण

**पक्षः मामले में सीओ जसवंत नायक ने कहा कि मामले की जांच करा कर आगे की कार्रवाई की जायेगी ।**

जितेंद्र यादव



**डंडई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रारो बाजार समिति की भूमी को अतिक्रमण करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि क्षेत्र के रारो गांव में जहां पर वर्षों से बाजार लगते आ रहा था, उसी भूमि पर स्थानीय लोगों के द्वारा उसका अतिक्रमण करना शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों के द्वारा पूर्व से बने सेड से सटे एक दो नही बल्कि चार छः पक्के का मकान बनाया जा रहा है। जबकि निर्माण हो रहे पूरा का पूरा मकान बाजार के नाम पर आवंटित दो से ढाई एकड़ भूमि पर ही पूरी तरह अवस्थित है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि शुरूआती दौर में उक्त भूमि पर कई गांव के लोग यहां पर आकर बाजार का शोभा बढ़ा रहे थे। लेकिन अब बाजार पूरी तरह टूटता नजर आ रहा है। बताया कि अतिक्रमण हो जाने से सोमवार को लगने वाला सप्ताहिक बाजार में व्यवसायियों को सड़क के दोनों किनारे पर बाजार लगाना पड़ रहा है। जिससे बाजार में जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने कहा कि बाजार के लिए दो सेट ढाई एकड़ गैरमजरूआ भूमि सरकार की ओर से आवंटित किया गया है। साथ ही कहा कि भूमि को अतिक्रमण कर रहे लोगों पर अगर प्रतिबंध नहीं लगा तो देखा देखी बाजार की भूमि पूरी तरह अतिक्रमणकारियों के कब्जे में हो जायेगा। जिस कारण बाजार करने आ रहे लोगों को दुकान लगाने में आये दिन भारी कठिनाइयों का सामना करना है पड़ सकता है। नतीजन फिर से रारो बाजार के लिए अब तक खूबसूरत बना स्थल धीरे-धीरे पुनः वीरान होता चला जायेगा।

# उपायुक्त ने शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की, दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त द्वारा शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति, विद्यालयों की साफ सफाई, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की साफ सफाई, पुस्तक वितरण, मध्याह्न भोजन का संचालन, बच्चों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं, विद्यालयों के भवन निर्माण और रंग रोगन समेत अन्य विषयों पर एक-एक कर समीक्षा की गयी। जिससे विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा के तहत विद्यालयों में कराटे का प्रशिक्षण देकर बच्चियों को सशक्त बनाने की बात कही गयी।

इसके अलावे स्मार्ट क्लास संचालन, स्कूल मैनेजमेंट कमिटी का गठन, नये पीजीटी और टीजीटी शिक्षकों की जॉइनिंग, बीआरसी प्रबंधन, एक्सपेंडिचर रिपोर्ट, ई विद्या वाहिनी, सीआरपी बीआरपी के कार्य, खेलो झारखंड, रानी लक्ष्मी बाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण, वोकेशनल पाठ्यक्रम, यूसी बिल यूटिलाइजेशन, सिविल और टेंडर संबंधित मामले समेत अन्य की भी बिंदुवार समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने अनिवार्य रूप से स्कूल लेवल मैनेजमेंट का गठन कर प्रत्येक माह बैठक करने का निर्देश दिया। वैसे भवन निर्माण कार्य जो समय पर एजेंसी द्वारा पूर्ण नहीं किये गये हैं, ऐसे एजेंसी को चिन्हित कर एजेंसी को बदलने हेतु पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, जेईपीसी के कनीय अभियंतागण, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला समन्वयक और सभी प्रखंड समन्वयक, कस्तूरबा गांधी विद्यालय के कर्मचारी और अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## 5वीं बार एआइएमआइएम प्रमुख के जीत पर मेराल में जश्न



**मेराल (आजाद सिपाही)।** एआईएमआईएम के पार्टी प्रमुख असदऊदीन ओवैसी की जीत की खुशी में भारती नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा विजय जुलूस निकाला गया। पलामू प्रमंडल प्रभारी गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ एम एन खान के नेतृत्व में गुरुवार को विजयी जुलूस निकली गयी। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक ताकतों को रोकने के लिए आने वाले समय में केंद्र में इंडिया गठबंधन की मजबूत सरकार बनेगी।


## कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

–:आम सूचना:–

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशान के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

**स्व0 देवकी नन्दनलाल**
- स्व0 यदुवीर प्रसाद
- स्व0 अन्नत प्रसाद
  - यशवंत किशोर प्रसाद
    - नैनसी वर्मा
    - नूपर प्रसाद शेखर
    - अतुल लाल

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग।

PR 325310 District(24-25)D

# भंडरा इलाके की समस्याओं को जल्द हल किया जायेगा: डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** गुरुवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुंदो, खिजरी एवं ब्रह्मांडीहा का भ्रमण कर ग्रामीणों से रूबरू हुए और उनका कुशलक्षेम जाना। इस क्रम में जनता द्वारा प्राप्त आवेदनों पर मंत्री ने त्वरित कार्यवाई करते हुए विभागीय पदाधिकारियों से बात कर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं का समाधान किया। कहा की मैं क्षेत्र के विकास के साथ साथ हर छोटी बड़ी समस्याओं के निदान के लिए प्रयासरत हूं। गांव गांव शहर शहर भ्रमण कर सीधे जनता से संवाद एवं संपर्क कर सरकारी योजना, बुनियादी सुविधा एवं सामाजिक, सांस्कृतिक विकास करना हमारी प्राथमिकता है। हमारी गठबंधन सरकार जनता के द्वार तक पहुंच कर समाज के सभी वर्गों के विकास के साथ साथ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर सरकार की योजना का लाभ पहुंचा रही है। जिससे आम जीवनस्तर में सुधार हुआ है। जिससे गांव गांव तक विकास का कार्य किया जा रहा है। हर क्षेत्र में विकास का कार्य किया जा सके। जैसे पथ निर्माण, राशन कार्ड, धोती लूंगी का वितरण,सभी को हरा कार्ड से जोड़ा गया। इसके साथ ही अबूवा आवास, बिजली, पेयजल के समस्या से निजात, पेंशन आदि मुख्य समस्या का निदान हमलोग के द्वारा किया जा रहा है। मौके पर निशीथ जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, उमेश्वरनाथ तिवारी, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, सुशील उरांव, काले उरांव, हरिदास उरांव, गुलशन उरांव, दशरथ उरांव, भगवान दास, शंकर उरांव, संजय उरांव, रामनारायण उरांव, बासुदेव उरांव, लिबोन उरांव आदि उपस्थित थे।

# संसद में प्राथमिकता के साथ उठायी जायेंगी आदिवासियों की सभी मांगें: सुखदेव भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** गुरुवार को एम जी रोड वीर शिवाजी चौक स्थित झखरा कुम्बा में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति ने नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत को जिला समिति के द्वारा आदिवासी रीति रिवाज पराम्परागत वेशभूषा सांस्कृतिक कला लोटा में जल, अरवा चावल से चुमाकर मांदर की थाप से स्वागत किया गया। इसके उपरांत जिला धर्मगुरु फूलकेश्वर उरांव की अगुवाई में सरना स्थल में आदिवासी पराम्परा अनुष्ठान अन्न आदि शक्ति प्रार्थना बिनती अर्जी की गई। इसके बाद सांसद सुखदेव भगत के हाथों से जिला धर्मगुरु फुल्केश्वर उरांव ने प्रवचन विनती करके करम पेड़ में जल एवं माथा टेककर सुख समृद्धि के लिए विनती प्रार्थना किया गया। मौके पर सांसद महोदय ने कहा कि जब मैं 2024 लोकसभा चुनाव के लिए नॉमिनेशन कराने जा रहा था उस समय भी वृहस्पतिवार का ही दिन था और आज सांसद पद पर कार्यरत हुये तो आज का दिन भी वृहस्पतिवार का दिन पड़ा, उन्होंने ने कहा कि मेरा जन्म भी वृहस्पतिवार का ही दिन मैं जन्म लिया था। मैं ऊपर वाले की बहुत बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे और मौका मिला है। उन्होंने ने कहा कि आदिवासी समुदाय संगठन के लोगों को अस्वास्थ करते हुये कहा कि आदिवासी का जो भी मांग है उसे मैं संसद में उठाने का पहल प्राथमिकता रहेगा। उन्होंने ने कहा कि मैं यूसीसी,जल, जंगल, जमीन, वन अधिकार, ग्राम सभा को खत्म करने का जो षड़यंत्र भाजपा सरकार कर रही है उसे मैं खत्म करूंगा उस विषय पर मैं जोर शोर से आवाज उठायेंगे। जाति जनगणना कॉलम के लिए संसद में बोलूंगा । राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति या आदिवासी समुदाय संगठन के सभी लोग हमशे मिलते जुलते रहिये। जनता अपनी समस्या या गांव घर की समस्याओं को रखें। जनता हमें चुनकर संसद भेजा है मैं उनकी हर बातों को सुनूंगा और उस पर कार्य करेंगे। राजी पड़हा प्रार्थना सभा लोहरदगा सभागार में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सोमदेव उरांव, राष्ट्रीय महासचिव जलेश्वर उरांव, उपाध्यक्ष सोमे उरांव, सचिव सूखेद्र उरांव, कोर कमिटी फूलदेव भगत, मीडिया प्रभारी नूतन कच्छप, शंकर उरांव, सुधु उरांव, बसंती उरांव, संध्या उरांव, प्रमिला उरांव, जयंती उरांव, बिसनी उरांव, सुधीर उरांव, राजमुनी उरांव, पंकज उरांव ने संसद सुखदेव भगत को बुके भेंट व पुष्प माला देकर स्वागत एवं बधाई दिया गया। समस्त आदिवासी समाज अगुवागण मौजूद थे।

# बरवाडीह रेलवे क्षेत्र का विद्युत आपूर्ति तार टूटकर गिरा, बड़ा हादसा टला

आजाद सिपाही संवाददाता



ग्रामीणों को लिखित आश्वासन देते सहायक अभियंता दुर्गा शंकर सिंह और घेराव समाप्त करने के लिए ग्रामीणों को समझाते अधिकारी

**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति किए जाने वाली धारा प्रवाहित विद्युत तार एकाएक टूटकर गिर जाने के कारण एक बड़ी हादसा टली।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरवाडीह विधुत सब स्टेशन से लेकर रेलवे विद्युत आपूर्ति केंद्र तक रेलवे का अलग से 11 हजार वोल्ट तार से विद्युत आपूर्ति किया गया है।इसी बीच गुरुवार को दोपहर 1 बजे के करीब विद्युत पावर सबस्टेशन से लेकर बस स्टेण्ड तक कई जगहों पर रेलवे का 11 हजार वोल्ट तार टूटकर एकाएक गिर गया।जिससे इस दौरान बड़ा हादसा टल गया। यह तार एक ही साथ कई जगह पर टूट कर गिरी। इससे रेलवे कॉलोनी, बस स्टेण्ड,बाजार समेत कई इलाको की विधुत आपूर्ति ठप हो गई। जिसके बाद बिजली विभाग के कर्मी उसी जर्जर तार को जब दुरुस्त करने पहुँचे तो घटना से सहमे क्षेत्रवासियों मे गुस्सा देखने को मिला और कार्य को लगभग एक घण्टे तक बाधित कर दिया उसके बाद सकेडो की संख्या में ग्रामीणों ने पावर सब स्टेशन का घेराव कर दिया।और सभी जगह का बिजली बंद करा दिया।इसी बीच पावर सब स्टेशन में मौजूद सहायक अभियंता दुगार्शंकर सिंह ने लोगो को समझाने बुझाने की कोशिश की परन्तु आक्रोशित जनता समझने को तैयार नही थे।लगभग दो घण्टे के बाद सब इंस्पेक्टर एस एन झा के पहल से सहायक अभियंता के द्वारा लिखित दिए जाने के बाद समाप्त हुआ। लिखित पत्र में सहायक अभियंता ने ये कहा है कि 15 दिनों के अंदर जाली लगा दिया जाएगा।और जंहा भी जर्जर तार है उसे दुरुस्त करा लिया जाएगा।

# पुल के नीचे से युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिकनी के पुल के समीप संदिग्ध अवस्था में पुल के नीचे एक 35 वर्ष का अर्धनग्न अवस्था मे शव मिला हैं। ग्रामीणों के सूचना पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और लातेहार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक शव की पहचान चंदवा थाना क्षेत्र के तिलैयाटांड़ निवास मोहम्मद वकील के रूप में हुआ है। जानकारी के मुताबिक मृतक शाम को सिकनी कोलियरी मे अपनी गाड़ी मे कोयला लोडिंग के कार्य से आया हुआ था। वहीं परिजनों का कहना है कि वकील को मारपीट कर हत्या कर पुल के नीचे फेंक दिया गया है। वहीं मृतक वकील के शरीर चोट के निशान मौजूद हैं। प्रशासन से जांच कर अभिलंब गिरफ्तारी की मांग की है। हालांकि इस संबंध में पुलिस ने मृतक के परिजन की शिकायत पर घटना की छानबीन मे जुट गयी है और सभी पहलुओं को बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस कुछ लोगो को थाने पे लाकर तफ्तीश कर रही है

## जंगली हाथी ने ग्रामीण का घर गिराया



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा थाना क्षेत्र के मालहन पंचायत के केकराही गांव में बुधवार की देर रात जंगली हाथी ने उत्पात मचाया है। हाथी ने कोशिला देवी के घर को नुकसान पहुंचाया है। घर मे रखा अनाज खा गया। भुक्तभोगी ने बताया कि हमलोग अपने घर मे सोये हुए थे। अचानक आधी रात को हाथी आ धमका और मेरे घर को तोड़ फोड़ कर दिया। हम सपरिवार किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे। घटना की जानकारी मिलते ही भुक्तभोगी परिवार से मिलकर माल्हन पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने वैन विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में बात कर घटना से अवगत कराया। मौके पर रनिता देवी, मुनिता देवी, कोशिला देवी, झानो देवी, जागो देवी, रीना देवी, मंगरी देवी, सीताराम गंझू, भीम गंझु, विजय गंझु, फुलदीप गंझु, दिलीप गंझु एवं सैकड़ों लोगों उपस्थित थे।

## केंद्रीय विद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार केंद्रीय विद्यालय में विश्व पर्यावरण सप्ताह के तहत दूसरे दिन पोस्टर व स्लोगन मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य पीके ठाकुर ने बताया कि इस सप्ताह में प्रत्येक दिन अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। उन्होने बताया कि सात जून को पर्यावरण पर कविता पाठ, भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। ठाकुर ने बताया कि ग्रीष्म अवकाश के बावजूद भी इन सभी कार्यक्रमों मे काफी संख्या में बच्चे भाग ले रहे हैं। उन्होने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया और उन्हें इसकी रक्षा करने का संकल्प दिलाया। उन्होने बच्चों को अपने घर एवं आसपास के खाली क्षेत्रों पौधे लगाने की अपील की और कहा कि जल व जंगल के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

# मजदूरों ने बकाया भुगतान को लेकर किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड के पंचायत पांडेपुर ग्राम कडिमा, टोला पुरानी कडिमा में शीशल प्लांट सवानों के द्वारा वन रोपण का काम हो रहा है। जिसमें सैकड़ो मजदूर महिला पुरुष कम कर रहे हैं। कई मजदूर को साल भर कोई 2 साल से मजदूरी बाकी है। मजदूरी मांगने के बाद प्रताड़ित किया जाता है। केस करने की धमकी दिया जा रहा है।

वहां के मजदूर पुजवा देवी कदीमा 2 साल से इनका मजदूरी बाकी है। संतोष यादव केटर वाचर 2020 से 23 तक काम किए हैं परंतु मजदूरी पूरा नहीं मिल पाया है। सुरेंद्र यादव, अनिश भुईया, पिंटू भुईया, जगजीवन भुईया के साथ शिशल प्लांट वन विभाग के द्वारा मजदूरी किये है। मजदूरी नहीं दिया जाने से लोगों में आक्रोश में है। कार्य स्थल पर इन लोगों ने प्रदर्शन किया और काम को बंद किया। मजदूरी नहीं मिलने से कई मजदूर का हालत बहुत खराब है। इस काम में सैकड़ो मजदूर काम किये हैं। परंतु मजदूरी समय से नहीं मिलता है। जिससे लोग मजदूरी करने वाला मजदूर लाचार और विवस है। इस संबंध में अधिकारी को भी सूचना दे चुके हैं।

# टाइगर प्रोजेक्ट क्षेत्र से बीड़ी पत्ते की अवैध तोड़ाई जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के छिपादोहर पूर्वी टाइगर प्रोजेक्ट वन क्षेत्र में इन दिनों धंधेबाजों के द्वारा बड़े पैमाने पर बीड़ी पत्ता की अवैध तोड़ाई की जा रही है। अवैध बीड़ी पत्ता को ठिकाने भी लगाना शुरू हो गया हैं, लेकिन इसे रोक लगाने के लिए वन पदाधिकारी की ओर से ठोस कार्रवाई नही की जा रही है। सिर्फ खानापूर्ति किये जाने के लिए पांच से दस बोरा पकड़ बड़ी सफलता की डोर बांधते दिख रहे है। जानकारी के अनुसार पूर्व में जिन वन क्षेत्र में बीड़ी पत्ता तोड़ाई के लिए वन विभाग के द्वारा टेंडर निकाला जाता था, उन सभी वन क्षेत्र में इस वर्ष से पूरी तरह टाइगर प्रोजेक्ट एरिया घोषित कर दिया गया है और उन वन क्षेत्र में बीड़ी पत्ता तोड़ाई पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिस कारण इस वर्ष उन वन क्षेत्र में बीड़ी पत्ता तोड़ाई के लिए वन विभाग की ओर से टेंडर नही किया गया है,लेकिन उसके बाद भी छिपादोहर पूर्वी के अमवाटिकर नावाडीह चुंगरु, केड, हरातू, समेत टाइगर प्रोजेक्ट वन क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध ढंग से बीड़ी पत्ता की तोड़ाई की जा रही है।

## मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर का द्वितीय वर्षगांठ कार्यक्रम संपन्न



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली के अध्यक्ष रमेश साहू ने मनोकामना सिद्धि मंदिर की वर्षगांठ धूमधाम से संपन्न होने पर लोहरदगा की जनता को विशेष कर माताओं बहनों को हार्दिक धन्यवाद और बधाई देते हुए कहा की मनोकामना सिद्धि मंदिर की वर्षगांठ मनना, लंगर के साथ साथ रात्रि जागरण कराना जिला के सनातन समाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इस अवसर पर कलश यात्रा मे शामिल हजारों महिलाओं बहनों तथा दान दाताओं और मंदिर के पदाधिकारी गणों का आभार व्यक्त करते हुए साधुवाद दिया है की आप सबके सहयोग से ये ऐतिहासिक कार्य संपन्न हो पाया है। उन्होंने प्रेस मिडिया कर्मियों को भी भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा की आपकी सहभागिता के कारण ही लोगों तक मैसेज पहुंच पाया और लोग हजारों की संख्या मे शामिल हो पाये। उन्होंने प्रशासनिक पदाधिकारी और पुलिस कर्मियों को भी साधुवाद दिया है।

# लातेहार और लोहरदगा में उत्साह से मनायी गयी वट सावित्री पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में वट सावित्री पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। दुल्हन की तरह सोलह श्रृंगार कर मंदिर पहुंची महिलाओं ने विधि विधान के साथ इस व्रत को पूरा किया। पूजा के बाद सुहागिनों ने सत्यवान और सावित्री की कथा भी सुनी। शहर के मंदिरों और वट वृक्ष के नीचे सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही। पौराणिक मान्यता है कि इस वृक्ष में काफी शाखाएं लटकी होती है, जिन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है। इस दिन शनि जयंती होने के कारण व्रत का महत्व और भी बढ़ गया। मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री व्रत को सावित्री ने अपने पति को फिर से जीवित करने के लिए किया था, उसके बाद से ही महिलाएं इस व्रत को करती हैं। इस दिन बांस की टोकरी में सप्त धान्य गेहूं, जौ, तिल, कांगनी, श्यामक, देव धन्य अर्पित करने का विधान है। वट सावित्री व्रत को लेकर नव ब्याहताओं में खासा उत्साह देखा गया। वट वृक्ष की पूजा करने के लिए सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही। शहर सहित गली-मोहल्लों सहित अन्य कई मंदिरों में सुहागिनों की भीड़ लगी रही। शहर के कृषि मार्केट प्रांगण, ठकुराइन तालाब के दक्षिणी और उत्तरी क्षेत्र के वटवृक्ष के अलावा बौली बागीचा दुर्गा मंदिर, मिशन चौक वटवृक्ष, बक्शीडिपा मैदान स्थित वट वृक्ष, मैना बागीचा बाजार के साथ कई जगहों पर पूजा अर्जना की गयी। सोलह श्रृंगार के साथ नई साड़ी, गहनों से सजी संवरी सुहागिनों ने पूरे विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा की। व्रत को लेकर दिन भर सभी जगहों में महिलाओं को वट वृक्ष के नीचे पूजन करते देखा गया। साथ ही पूजन को लेकर बाजार में पूजन सामग्री से दुकान सजा हुआ था। जिसे फल, कपड़ा और पूजन सामग्री की दुकानों में खरीददारी करते हुए महिलाओं का भीड़ देखा गया।

## अखंड सुहाग के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में महिलाओं द्वारा अखंड सुहाग की रक्षा के लिये विभिन्न वट वृक्षों के नीचे वट सावित्री की पूजा की गयी। महिलाएं धार्मिक कार्यो में निपुण होती हैं, अपने घर परिवार और पति की रक्षा के लिये अनेको तरह के पूजन करती हैं। उसी क्रम में गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों मे सुहागिन महिलाओं द्वारा वट सावित्री व्रत का पूजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के गगेया, सेरेंगहातु, बदला, सेन्हा, अरुचौकनी, बुटी, झखरा, कोराम्बे, बरही, सीठीयो, चितरी सहित अन्य गांवों में सुहागिन स्त्रियों द्वारा सोलहो श्रृंगार करके सिंदूर, रोली, फूल, अक्षत, सिंदूर, रोली,फल, चना और मिठाई से पति का दीघार्यु जीवन के लिये तथा अपनी अखंड सुहाग की रक्षा के लिये भगवान सत्यवान और देवी सावित्री का प्रतीक वरगद पेड़ की पूजा की गयी। सभी लोगो ने वट वृक्ष के नीचे पूजा कर भगवान सत्यवान और देवी सावित्री का कथा का श्रवण की साथ ही सुविधा अनुसार लोग घरों के अंदर या अन्य जगहों पर बरगद डाली रखकर पूजा की गयी। पूजन कार्यक्रम पंडित नर्मदेश्वर पाठक, अवनीश पाठक, राजेश पाठक, संजय गोस्वामी द्वारा संपन्न कराया गया।

## चंदवा में वट सावित्री पूजा की गयी



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा थाना के समीप देवी मंडप रोड के पास वर पेड़ में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के दीघार्यु के लिए वट सावित्री पूजा पूरे विधि विधान से किया। पुजारी के द्वारा सभी सुहागिन महिलाओं को वट सावित्री कथा के माध्यम से पूजा के महत्व के बारे में बतालाया गया। सुबह 5:00 से महिलाओं लोग पूजा करने आने शुरू हो गया, दोपहर तक काफी भीड़ लगी रही। काफी दूर-दूर से महिलाएं आकर वट सावित्री का पूजा किया। चंदवा के सोभा देवी आशा देवी काजल देवी आदि महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री पूजा अपने पति के दीघार्यु एवं सदा सुहागन रहने के लिए करते हैं। वहीं सभी महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सदा सुहागन रहने की एक दूसरे को शुभकामनाएं आशीर्वाद दिये।

## वट सावित्री पूजा विधि विधान से महिलाओं ने की



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** छिपादोहर रेलवे स्टेशन के पास वट वृक्ष में भी सुहागिन महिलाएं ने अपने पति के दीघार्यु के लिए वट सावित्री पूजा पूरे विधि विधान से किया पुजारी कृष्ण कुमार पांडे के द्वारा सभी सुहागिन महिलाओं को वट सावित्री कथा के माध्यम से वट सावित्री पूजा का महत्व के बारे में बताएं। सुबह 5:00 से महिलाओं लोग पूजा करने आने शुरू हो गए जो दोपहर तक काफी भीड़ लग रहे हैं। काफी दूर-दूर से महिलाएं आकर वट सावित्री का पूजा छिपादोहर रेलवे स्टेशन के पास किया। छिपादोहर के दीपा देवी, सोनी देवी, सकल देवी, बीना देवी यदि महिलाओं ने बताएं कि हम लोग वट सावित्री पूजा अपने पति के दीघार्यु एवं सदा सुहागन रहने के लिए करते हैं सभी महिलाओं के द्वारा एक दूसरे सिंदूर लगाकर सदा सुहागन रहने का शुभकामनाएं भी दी। वट सावित्री पूजा करने के बाद महिलाओं ने बगल के ही देवी मंडप शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। मौके पर दीपा देवी, अर्चना देवी बसंती देवी, बीना देवी, सोनी देवी, सकल देवी आदि काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

# नहाने के दौरान युवक डूबने से बचा, भर्ती



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के बसुआ पाकर टोली गांव में तालाब में नहाने के क्रम में कोयंबटूर निवासी 16 वर्षीय विपुल उरांव डूबने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन तालाब में खोज कर उसे बाहर निकाले और सदर अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। जानकारी के मुताबिक विपुल कोयंबटूर में परिवार के साथ रहता है और सपरिवार अपने मामा के घर बासुआ पाकर टोली मौसी की शादी में आए है। घर के समीप तालाब में बिपुल अपनी मां व अन्य महिलाओं के साथ नहाने गया था। नहाने के क्रम में वह गहरे पानी में चला गया। वह तैरना भी नहीं जानता है। इसके बाद वह डूबने लगा। वहां मौजूद लोग शोरगुल करने लगे। इसके बाद परिजन दौड़ते हुए तालाब पहुंचे और किशोर को तालाब के अंदर से ढूंढ कर बाहर निकले। इसके बाद निजी वाहन से तत्काल उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

# 15 वर्षों के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ता काफी उत्साहित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कांग्रेस के सुखदेव भगत की जीत में कांग्रेसियों ने अहम भूमिका अदा की है। अपनी पार्टी की 15 वर्षों के बाद फुल फॉर्म में वापसी करा के कांग्रेसी काफी उत्साहित हैं। इधर कांग्रेसी जीत का श्रेय आम जनता को दे रहे हैं। वहीं निर्वाचित सांसद सुखदेव भगत को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस संबंध में संतोष गुप्ता गुड्डू ने कहा कि यह संविधान बचाने वालों की जीत है। कांग्रेस ने संविधान बचाने के लिए आम जनों से उनके मत मांगे थे और मतदाताओं ने इतना जबरदस्त माइंडेड देकर यह साबित कर दिया कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की जनता को संविधान से कितना प्यार है। वहीं प्रदेश सचिव रोशन बरवा ने कहा कि आदिवासियों की हितैषी अगर कोई पार्टी है तो वह कांग्रेस पार्टी है। आदिवासियों के साथ कांग्रेस पार्टी का जुड़ाव सदियों पुराना है। खालिद शाह ने कहा सभी धर्म को साथ लेकर चलने की ताकत अगर कोई पार्टी रखती है तो वह कांग्रेस पार्टी है। इस पार्टी में ना कोई भेदभाव होता है और नहीं जाति धर्म की बातें। इस पार्टी में केवल विकास की बातें होती हैं। मोती चौबे ने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है और निश्चित तौर पर विकास दिखने लगेगा। कलाम आलम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जीत ने यह साबित कर दिया है कि यहां पर हर व्यक्ति आपसी सौहार्द्ध चाहता है। यहां गंगा जमुना तहजीब आज भी जिंदा है। वही झारखंड मुक्ति मोर्चा के अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष कलीम अख्तर ने कहा कि कांग्रेस की जीत संविधान की जीत है। आदिवासियों के संरक्षण की जीत है। जेएमएम नगर अध्यक्ष मोहम्मद लड्डन ने कहा कि गठबंधन की बातों पर जनता ने विश्वास किया है अब गठबंधन भी जनता की भलाई के लिए, जनता के विकास के लिए हमेशा सोच समझकर कदम उठाना होगा। बधाई देने वालों में मुख्तार आलम, अख्तर खान, कृष्णा लोहरा, रामनिवास प्रसाद, पप्पू होता, अलबर्ट तिग्गा, अकील रहमान, शाहिद साहित काफी लोग के नाम शामिल हैं।



संतोष गुप्ता, रौशन बरवा, रामनिवास प्रसाद, खालिद साह, मो. कलम राय, गुलान सरवर, मो. लड्डुन, कलीम अख्तर

# पलायन मृत मजदूर के परिवार पहुंचे तमिलनाडु कंपनी, कराया दाहसंस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बिशुनपुर स्थित बनालात जमटी का मजदूर अनुप उरांव 13 वर्षों से तमिलनाडु के वुड बैरिया रियलएस्टेट देवर्सलाइ निलगिरस तमिलनाडु के चाय बागान कंपनी में दैनिक मजदुर के रूप में कार्यरत था और कुछ दिन पूर्व ही झारखंड से कंपनी पहुंचा था। कंपनी स्थित क्वाटर परिसर में ही उसकी हत्या हो गयी। उनके परिजनों को सहयोगियों के द्वारा बताया गया कि अनूप उरांव आत्महत्या कर लिया है। अनूप उरांव के छोटे भाई राजेश उरांव ने बताया कि मेरे भाई की हत्या हुई है। अगर उसको आत्महत्या करना होता तो झारखण्ड से वापस क्यों तमिलनाडु जाता। अनुज उरांव ने मिशन बदलाव के भूषण भगत और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा को संपर्क किया और मामले की जानकारी दी। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने श्रम अधीक्षक को मामले से अवगत कराया। इसके बावजूद भी श्रम अधीक्षक गंभीर नहीं हुए और परिजन अपने खुद के खर्च पर तमिलनाडु के लिए रेल से निकले और चेन्नई पहुंचने के बाद परिजन शव लेने के लिए निकले। उसके भाई अनुज उरांव और मृतक की पत्नी को लगा की मेरे पति की हत्या की गई है इसलिए तमिलनाडु प्रशासन और कंपनी प्रबंधन से उन्होंने बार-बार रिक्वेस्ट किया कि इसका हत्या हुई या आत्महत्या इसको जांच किया जाए। लेकिन कंपनी और प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।उसके बाद परिजनों ने खुद के पैसे से दाहसंकर किया।अभी पलायन मजदूर के परिजन कंपनी में पीएफ और अन्य लाभ के लिए दौड़ भाग लगा रहे है।

# लक्ष्मण बड़ाइक ने मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने जिले के सिमडेगा एवं कोलेबिरा दोनों विधानसभाओं के मतदाताओं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी को दोनो विधानसभा से 1,20,674 वोट दिया है जो भारतीय जनता पार्टी के प्रति प्रेम समर्पण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर यकीन साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री सह प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के प्रति विश्वास को दशार्ता है इसीलिए भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिले के दोनों विधानसभा के मतदाताओं का आभार प्रकट करती है और उन्हें आशा और विश्वास दिलाती है कि भविष्य में जो भी कमियां और खामियां रही हैं उसे दूर कर विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी शक्तिकेन्द्र संयोजक सहसंयोजक बूथ अध्यक्षों आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं की अपना कीमती समय निकालकर इस कड़ी धूप में भी अपना शत प्रतिशन योगदान कार्यकर्ताओं ने दिया रिजल्ट भले ही आशा के अनुरूप न रहा हो पर हमलोगों को पूरी मजबूती से आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है और दोनो विधानसभा में अपने विधायक के साथ राज्य में अपनी सरकार बनानी है।

# लोस चुनाव में एक भी विधानसभा क्षेत्र नहीं जीत सकी भाजपा

आफताब अंजुम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा लोकसभा चुनाव इस बार कांग्रेस, भाजपा और निर्दलीय उम्मीदवारों को भी काफी कुछ सीख दे कर गया है। इससे पहले भी कई बार कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार जीते कई बार भारतीय जनता पार्टी ने इस लोकसभा क्षेत्र में अपनी फतह का झंडा गाड़ा। लेकिन इधर पिछले तीन-चार चुनाव की बात करें तो यह चुनाव कई मायने में कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही निर्दलियों के लिए भी समीक्षा का विषय है। क्योंकि कांग्रेस के वादों पर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के लोगों ने काफी विश्वास किया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी की अगर हम बात करें तो चुनावी रणनीति में भाजपा के अंदर कई कमियां थी। जिसका खामियाजा चुनाव परिणाम के स्वरूप भाजपा को भुगतना पड़ा। पांच विधानसभा क्षेत्र वाले इस लोकसभा क्षेत्र में एक भी विधानसभा क्षेत्र इस बार भारतीय जनता पार्टी की झोली में नहीं गए। ये कहीं ना कहीं भाजपा के लिए बहुत बड़ा सबक है। केवल धर्म के नाम पर अब मतदाताओं को नहीं बहल'या जा सकता। केवल एक व्यक्ति का चेहरा पूरे भारत के लिए की पार्टी के आकर्षण का कारण बन जाए अब यह भी संभव नही है। अब अगर चुनाव जीतना है तो काम करना पड़ेगा। देखने वाली बात तो यह है कि किसी भी चुनाव को जीतने या हारने के पीछे कोई एक कारण नहीं होता। अगर हम विधानसभा वार बात करें तो पिछली बार सुखदेव भगत को गुमला और सिसई को छोड़कर किसी भी विधानसभा क्षेत्र में जीत नहीं मिली थी। बिशनपुर और लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र तो 12 और 13 हजार मतों के अंतर से सुखदेव भगत को हारना पड़ा था। वर्ष 2019 के चुनाव में बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार सुदर्शन भगत को 73255 प्राप्त हुए थे वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत को 59946 मतों पर संतोष करना पड़ा था। इस बार इसी बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में सुखदेव भगत को 77895 वोट मिले। जबकि भाजपा के समीर उरांव को 63 हजार 76 वोट मिले। मांडर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने पिछली बार 91424 वोट प्राप्त किए थे । जबकि कांग्रेस को 90062 वोट ही मिल सके थे। इस बार आंकड़ा उलट गया और मांडर से सुखदेव भगत को 131383 वोट मिल गए जबकि भाजपा 83466 वोटो तक उसका पीछा कर सकी। बात करें लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की तो लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में पिछली बार भारतीय जनता पार्टी को 80689 वोट पड़े थे वहीं कांग्रेस को 68885 वोट भी मिल सके। लेकिन 2024 के इस चुनाव में लोहरदगा से कांग्रेस को 97310 वोट और भाजपा को केवल 70056 वोट मिला। गुमला विधानसभा क्षेत्र से पिछली बार कांग्रेस को 69242 वोट मिला था। जबकि भाजपा को 620389 वोट पर संतोष करना पड़ा था। इस बार गुमला में भारतीय जनता पार्टी को 617 99 वोट मिले वहीं कांग्रेस को 81242 वोट प्राप्त हुए जहां पर भारतीय जनता पार्टी ने मंडल लोहरदगा और बिशूनपुर विधानसभा क्षेत्र में अपनी जीत का झंडा गड़ा था। और गुमला व सिसई विधानसभा क्षेत्र में हारने के बावजूद मतों का इतना अंतर था कि लोकसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी की झोली में चली गई थी। लेकिन इस बार भारतीय जनता पार्टी ने पांचो विधानसभा क्षेत्र में से एक में भी बढ़त नहीं बन सकी। जिसके कारण डेढ़ लाख जैसे विशाल अंतर से भाजपा को हर का मुंह देखना पड़ा। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं के कांग्रेसियों पर जनता ने हमेशा के लिए आंख बंद कर विश्वास कर लिया है।

# ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में दो युवक घायल, एक गंभीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला सिमडेगा रोड स्थित पोजेंगा बाजार के समीप ट्रैक्टर के टक्कर से चोडांग पालकोट निवासी 28 वर्षीय जठु खड़िया और ताजकमल सिंह घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक मुर्गा लाने पोजेंगा बाजार जा रहे थे तभी पोजेंगा बाजार के समीप पीछे से एक ट्रैक्टर टक्कर मार दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक तेज गति से घटनास्थल से बंगरु की ओर फरार हो गया। वहीं दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गये। ताज कमल बाइक चला रहा था। उसे कम चोट लगी जबकि बाइक में पीछे बैठे जठू खड़िया को गंभीर चोट लगी। घटना के बाद वह बेहोश हो गया। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गयी। वही भीड़ में किसी ने ताजकमल के मोबाइल को चोरी कर लिया।

# ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को किया जा रहा है सुदृढ़ : भूषण बाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** केरसई प्रखंड के जीईएल प्रावि कोनजोबा में बने नवनिर्मित विद्यालय भवन का बिशप निस्तार कुजूर और विधायक भूषण बाडा. ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर बिशप निस्तार कुजूर के द्वारा मिस्सा पूजा की गई। साथ ही उन्होंने विद्यालय भवन में आशीष जल का छिड़काव किया। मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों को हर स्तर पर सुधारा जा रहा है। आज सभी स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में शिक्षकों की बहाली की गई है। भवनों की कमी को देखते हुए तेजी के साथ प्राथमिकता के आधार पर भवन का निर्माण किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इन सभी स्कूलों में शहरी स्कूलों के तर्ज पर पर्याप्त सुविधाएं बहाल करने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि गांव के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने का पुरा अधिकार है। इसी को ध्यान में रखकर ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज के समय में मनुष्यों का सबसे बड़ा हथियार शिक्षा ही है। शिक्षा के बिना मनुष्य की जीवन अधूरा है।

**अल्पसंख्यक स्कूलों का तेजी से हो रहा है विकास हुआ: जोसिमा खाखा**

मौके पर उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा अल्पसंख्यक स्कूलों का विकास करने का लगातार काम कर रहे हैं। विधायक के सकारात्मक प्रयास का ही नतिजा है कि बंद होने के कगार पर पहुंचे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित अल्पसंख्यक स्कूलों का तेजी से विकास हुआ है। पर्याप्त संसाधान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गांव के बच्चे भी इन सभी सुविधाओं का लाभ उठाएं। मौके पर जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, पादरी प्रेमचंद बाड़ा, पादरी नीरोफर लकड़ा, पादरी असप मिंज, सेंट्रल डायोसिस सचिव एलेम बेक, जोलजस कुजूर, नॉवेल मिंज, निर्मला शोसण आदि उपस्थित थे।

# महिलाओं ने अखंड सुहाग की कामना के साथ सावित्री पूजा की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** प्रखंड मुख्यालय सहित दर्जनों गावों में सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को बट सावित्री व्रत का अनुष्ठान कर अपने पति की दीघार्यु की कामना की।महिलाओ ने उपवास रह कर स्नान कर सोलह सृंगार कर वट वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना की, और बट वृक्ष में रक्षासूत लपेटते व परिक्रमा कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। पूजा करने पहुँची सुहागिन महिलाओं ने बताया कि आज के दिन वट वृक्ष की पूजा-अर्चना करने से पति की उम्र लंबी होती है,पति का सभी विपदाओं से रक्षा होती है।

# उपायुक्त के जनता दरबार में उमड़ रहे फरियादी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने जनता दरबार का आयोजन किया।

इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान सिंह ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

उपायुक्त के जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वितीय किस्त की राशि भुगतान कराने, जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराते हुए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन दिलाने, मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कराते हुए विधवा पेंशन योजना का लाभ मुहैया कराने, हर घर नल जल योजना के तहत पानी की आपूर्ति कराने एवं पथ निर्माण कराने से संबंधित मामले आये।

उपायुक्त के जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला के शक्ति मंदिर परिसर व अन्य स्थानों में पंडित हरिशंकर मिश्रा ,पंडित प्रमोद मिश्रा, पंडित अमित पुरी के निर्देशन में सुहागिनों द्वारा बट- सावित्री की पूजा बड़े ही धूमधाम से किया गया। शहर के भिन्न-भिन्न जगहों पर वटवृक्ष के नीचे पूजा अर्चना किया जा रहा है। इस व्रत में पूजा- पाठ - स्नान दान आदि का अक्षय फल मिलता है। इस सावित्री व्रत को कठिन व्रत में से एक माना गया है। इस दिन सुहागिन अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। मान्यता है कि बट- सावित्री व्रत के दौरान विधि विधान से पूजा करने से पूजा का फल पूरा मिलता है। इस व्रत में सावित्री एवं सत्यवान की कथा है।

साहित्य कला एवं धार्मिक आस्था में रुचि रखने वाले अजय किशोर नाथ पाण्डेय ने सावित्री और सत्यवान की कथा को बताया कि किस प्रकार सावित्री ने यमराज को बुद्धिमत्ता के कारण सत्यवान की आत्मा को वापस लौटाने पर मजबूर कर दिया और सावित्री सत्यवान के साथ अपने सौ पुत्र के साथ लंबी आयु को जीवन प्राप्त की और सत्यवान की समृद्धि के लिए और पति की आयु वृद्धि के लिए यमराज ने वटवृक्ष की पूजा की जो पद्धति बतायी थी। उसमें ब्रह्मा, विष्णु, और महेश का आह्वान कर ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट वृक्ष के पेड़ के पास जाकर विधि विधान से पूजा करने की बात कही और यह भी कहा जो भी पतिव्रता स्त्री होगी और पति के लंबी आयु के लिए कामना करेंगी वट वृक्ष की पूजा करेगी उसे सावित्री की तरह सत्यवान की तरह लंबी उम्र आयुष्मान पति और धन-धान्य से संपन्न राज्य की प्राप्ति होती रहेगी। सावित्री सत्यवान की यह कथा स्कंद पुराण से है और सनातन धर्म के अनुसार हिंदू नारी अपने पति की लंबी आयु के लिए इस तिथि को वट वृक्ष की पूजा कर धागा लपेटकर अपने पति की लंबी आयु की कामना और धन-धान्य की संपन्नता का आशीर्वाद वट वृक्ष से मांगती है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो वटवृक्ष की आयु बहुत लंबी होती है।





अजय किशोर नाथ पाण्डेय और वट वृक्ष की पूजा करती महिलायें

## घाघरा में सुहागन महिलाओं ने किया वट सावित्री का व्रत



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** वट सावित्री व्रत को लेकर घाघरा के विभिन्न गांव घाघरा, देवाकी, आदर, गम्हरिया, चपका, आरंगी में सुहागन महिलाओं ने गुरुवार को धूमधाम से पूजा अर्चना कीं। इस क्रम में सुहागन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर पति की लंबी उम्र के लिए कामना की। और वट वृक्ष की परिक्रमा कर कलावा लेकर फेरी लगाई। मान्यता है कि वट के वृक्ष में भगवान ब्रम्हा, विष्णु और महेश निवास करते हैं। साथ ही अन्य देवी देवताओं का भी वट वृक्ष में वास है। इसी मान्यता को लेकर प्रत्येक वर्ष की जेष्ठ माह के अमावस्या को विधि विधान से पूजा अर्चना किया जाता है। वहीं पौराणिक काल मे वट वृक्ष यानी बरगद के नीचे माता सावित्री ने अपनी भक्ति से पति को पुनः जीवित किया था। तब से यह व्रत वट सावित्री के नाम से जाना जाता है। इस दिन विवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए वट वृक्ष की पूजा करती है।

# भारतीय टीम का हिस्सा बनने को झारखंड के खिलाड़ी दिखायेंगे दम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंडर 17 सब जूनियर और अंडर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय कुश्ती टीम का चयन 7 जून को दिल्ली के आइजी स्टेडियम में होगा। इसके लिए झारखंड कुश्ती की 19 सदस्यी टीम दिल्ली में अपना हुनर दिखायेगी। चयनित प्लेयर्स भारतीय कुश्ती टीम का हिस्सा बनेंगे। इसके लिए झारखंड की टीम दिल्ली के लिए रवाना हो गयी। झारखंड के पहलवानों को एशियन कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल में उम्दा प्रदर्शन करने के लिए झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, के रवि कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव, मार्गदर्शक भोलानाथ सिंह, महासचिव रजनीश कुमार, विजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, उप निदेशक खेल राज किशोर खाखा और सभी जिला कुश्ती अध्यक्ष-सचिव और झारखंड राज्य कुश्ती परिवार ने शुभकामना दी है।

**ये खिलाड़ी करेंगे जोर आजमाइश :** रंजीत कुमार, विकास कश्यप, आदित्य कुमार गौरव, आकाश कुमार महतो, अभिषेक कुमार,अरविंद उरांव, रोहित कुमार, चेतनानंद पटेल, खुशबू तिर्की, आरती कुमारी, रिचा कुजूर, स्नेहा कुमारी, पूनम उरांव, सिमरन विल्सन, रिंपा कुमारी, अंजीत कुमार मुंडा, अमित कुमार गोप भारतीय टीम में शामिल होने के लिए जोर-आजमाइश करते दिखेंगे।

**पर्यावरण का संदेश :** सावित्री पूजा के अवसर पर पर्यावरणविद ने वट के पौधे का किया रोपण

# पति, प्रकृति व पर्यावरण की रक्षा के लिए ही की जाती है वट सावित्री पूजा : कौशल-पूनम

आजा सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने वट सावित्री पूजा पर गुरुवा रको देश की सभी माताओं-बहनों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मेदिनीनगर के आबादगंज स्थित अपने आवास पर्यावरण भवन के आकाश बाग में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ वट वृक्ष का पौधरोपण किया। उन्होंने सावित्री पूजा पर उपस्थित



वट वृक्ष की पूजा करते पर्यावरणविद कौशर किशोर जायसवाल व अन्य।

महिलाओं को वटवृक्ष, देवी सावित्री और भगवान सत्यवान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वट सावित्री पूजा कराने के बाद पर्यावरणविद कौशल किशोर ने पूजा में शामिल सभी महिलाओं को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों की पूजा की परंपरा सदियों से आ रही है। पर वट वृक्ष की पूजा का एक अलग ही धार्मिक महत्व है। क्योंकि शास्त्रों के मुताबिक वट वृक्षों पर त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु, महेश का वास होता है।

पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि अन्य वृक्षों की तुलना में वट वृक्ष का अलग महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि जिस तरह भगवान बुद्ध को पीपल के पेड़ के नीचे ही ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उसी प्रकार वट वृक्ष के नीचे ही माता सावित्री को अपने दृढ़ संकल्प और श्रद्धा से यमराज से अपने मृत पति सत्यवान को दोबारा जिंदा करने में कामयाबी मिली थी। जिला पार्षद अमित जायसवाल ने कहा कि उनके पूजनीय पिता सह पर्यावरण धर्मगुरु ने पृथ्वी, प्रकृति, सृष्टि और पर्यावरण की रक्षा के लिए ही पर्यावरण धर्म की शुरूआत हुई है। पर्यावरण धर्म के तहत सभी जाति धर्म सम्प्रदाय के लोग एकत्रित होकर पर्यावरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करते है।

वहीं, मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि उनके पूजनीय पति सह पर्यावरणविद ने अपना घर परिवार में रहकर महापुरुषों की तरह निःस्वार्थ अपनी निजी खर्चों पर पृथ्वी से प्रदूषण के सफाया के लिए वनों पर रक्षाबंधन और पौधारोपण कर मानव के साथ-साथ 84 योनि जीवों की आजादी की लड़ाई लड़ रहे है। कार्यक्रम में प्रो अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, प्रेमा पांडेय, निर्मला कुमारी, रुनझुन सिंह आदि उपस्थित थीं।

## ब्रह्मोरिया के राहुल ने नीट परीक्षा में अर्जित किया 720 में 695 अंक



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर क्षेत्र के ब्रह्मोरिया गांव निवासी राहुल कुमार पांडेय ने नीट परीक्षा में सफलता अर्जित करते हुए 720 में 695 अंक अर्जित किया है। ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े और एक सामान्य परिवार से संबंध रखने वाले छात्र राहुल ने अपनी प्रतिभा के दम पर गांव ही नहीं पूरे जिले का नाम रोशन किया है। राहुल की यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रेरणा बनेगा। राहुल की इस अद्वितीय सफलता पर गांव में खुशी की लहर है। राहुल के माता-पिता सहित सगे संबंधी व गांव के लोग खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। विदित हो कि राहुल कुमार पांडेय ब्रह्मोरिया गांव निवासी श्रीराम नारायण पांडेय के पुत्र हैं। राहुल की इस उपलब्धि के पीछे उसके माता-पिता और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राहुल का भाई इश्वर चंद पांडेय भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। राहुल कुमार पांडेय ने बताया कि उसका लक्ष्य एक प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेकर मेडिकल की पढ़ाई करना है। वह डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहता है। इधर, राहुल की सफलता पर बधाइयों का तांता लगा है। बधाई देने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी सह राजनीतिज्ञ अभिमन्यु सिंह, आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, पंसस हरिशंकर दूबे, रामानुजम पांडेय, नागेंद्र पांडेय, सुनील कुमार दूबे, रघुवीर नारायण पांडेय और विनय पांडेय सहित कई लोगों का नाम शामिल हैं।

## वीडी राम की जीत की हैट्रिक पर निकाला विजय जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर विस क्षेत्र के कई कस्बाई और ग्रामीण इलाकों में वीडी राम की जीत की हैट्रिक पर भाजपा की ओर से भव्य विजय जुलूस निकाला गया। जिसमें भाजपा के प्रदेश के नेता अरविंद सिंह सहित कई वरिष्ठ भाजपाई शामिल हुए। गाजे बाजे के साथ निकले इस जुलूस के दौरान खूब आतिशबाजी हुई। जमकर अबीर-गुलाल उड़े। भाजपा नेताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जिला पार्षद अरविंद सिंह ने कहा कि पलामू में भाजपा की जीत की यह हैट्रिक प्रधानमंत्री के गरीब कल्याण और सांसद



विष्णु दयाल राम के विकाश कार्यों का प्रतिफल है। पलामू लोस की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और वीडी राम की ईमानदारी व कार्तब्यनिष्ठा पर भरोसा जताया है। भाजपा इस भरोसे को हमेशा कायम रखेगी। उन्होंने भाजपा को समर्थन देने वाली पलामू की जनता के प्रति आभार भी व्यक्त किया। भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने कहा कि वीडी राम ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में विकाश की जो गति रही है उसे और तेज किया जायेगा। जुलूस में विभाकर नारायण पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, प्रफुल सिंह, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय सहित काफी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता शमिल हुए।

## वीडी राम की जीत पलामू की जनता को समर्पितः डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार निर्वाचित विष्णु दयाल राम की जीत पलामू की जनता को समर्पित है। यह ऐतिहासिक जीत सिर्फ भाजपा की ही नहीं, बल्कि पलामू की जनता की जीत है। पलामू की जनता ने जो आशीर्वाद विष्णु दयाल राम को दिया है, उसके लिए भाजपा परिवार उनका कर्जदार है। पलामू लोस क्षेत्र का पूर्ण विकास कर इस कर्ज को उतारने का प्रयास किया जायेगा। डॉ चंद्रवंशी विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित



आरसीआइटी के सभागार में भाजपा की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव में कायकर्ताओं ने भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी का कार्य किया है। जनता ने भी प्रधानमंत्री मोदी के गरीब कल्याण और सांसद वीडी राम के विकास कार्यों पर भरोसा जताया है। जिसके लिए कार्यकर्ता और जनता धन्यवाद के पात्र हैं। डॉ चंद्रवंशी ने अपार समर्थन देने के लिए जनता का आभार प्रकट किया। मौके पर भाजपा के उटारी मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, सुरेश पासवान, छोटू दूबे, श्याम नाथ चंद्रवंशी, सतनारायण विश्वकर्मा, नंदू यादव, विशुनदेव यादव, विजय कुमार सहित कई नेता मौजूद थे।

## वट सावित्री की पूजा कर सुहागिनों ने की अखंड सौभाग्य की कामना




आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में गुरुवार को सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा अर्चना कर अखंड सौभाग्य की कामना की। सुबह से ही वट (बरगद) के पेड़ के समीप महिलाओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गयी। फल-फूल, प्रसाद सामग्री के साथ सुहागिनें बरगद पेड़ की परिक्रमा करते हुए कच्चा सूत बांधकर अपने-अपने पतियों की सुख, समृद्धि, लंबी आयु की कामना की। महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री में वट वृक्ष की पूजा की जाती है और इसे अक्षय वृक्ष भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस वृक्ष की आयु लंबी होती है। यही कारण है कि सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री व्रत करती हैं और वट की पूजा करती हैं। ब्लॉक परिसर स्थित बरगद के पेड़ के समीप पंडित पंकज मिश्रा ने इस व्रत पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए सावित्री-सत्यवान की कथा श्रवण करायी। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से यमराज की पूजा की जाती है। इस अवसर पर शहरी क्षेत्र के नहर कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, रविदास नगर, बगीचा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूजा की गयी। वही झारखंड-बिहार सीमा के कररबार नदी तट स्थित चर्चित गजानन धाम परिसर स्थित पेड़ के समीप काफी संख्या में सुहागिनो ने पूजा पाठ की। मौके पर इंदु देवी, शारदा भारती, प्रियंका देवी, अनिता देवी, पूजा सिंह, रेशमा सिंह, सरिता देवी, पुष्पा देवी आदि मौजूद थीं।

## पलामू सांसद वीडी को केंद्रीय मंत्री बनाने की मांग

**भाजपा नेता अजय दूबे ने प्रधानमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखा पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगाने वाले सांसद विष्णु दयाल राम को केंद्रीय मंत्री बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। पलामू के कई वरिष्ठ भाजपा नेता वीडी राम को मंत्री बनाने की मांग राष्ट्रीय नेतृत्व से खुल कर करने लगे हैं। युवा भाजपा नेता अजय दूबे ने इस संबंध में नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को एक आग्रह पत्र भी भेजा है। प्रेषित पत्र में अजय दूबे ने कहा कि लोस चुनाव के दौरान जब क्षेत्र में जाता था तो कार्यकर्ता से लेकर आम



लोग तक पलामू को केंद्र सरकार में नेतृत्व देने की मांग कर रहे थे। उन्होंने पत्र में यह भी स्मरण कराया है कि प्रधानमंत्री मोदी पलामू चुनावी सभा के दौरान खुद कहा था कि वीडी राम की जरूरत देश को है। आप की इस दूर दृष्टि को पलामू की जनता ने नजदीक से महसूस किया और विष्णु दयाल राम को लगातार तीसरी बार भरी बहुमत के साथ जिताया। अब पलामू की जनता और यहां के पार्टी कार्यकर्ताओं की दिली इच्छा है कि विष्णु दयाल राम को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया जाए। वीडी राम को लंबा प्रशासनिक अनुभव भी है। जमीनी पकड़ भी है। इसके अलावा वीडी राम दलित समाज के गौरव के साथ सर्वप्रिय और सबका साथ,सबका विकास का प्रतिमान भी हैं। उन्होंने पत्र के अंत में लिखा है कि मोदी है तो मुमकिन है। इसलिए पलामू को पूरी उम्मीद है कि वीडी राम को केंद्रीय मंत्रिपरिषद में जरूर शामिल किया जायेगा।

## एके सिंह कॉलेज में मना सांसद वीडी राम की जीत का जश्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय एके सिंह कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष सह पलामू के निर्वाचित सांसद विष्णु दयाल राम के लोकसभा चुनाव में अप्रत्याशित जीत की हैट्रिक लगाने पर कालेज परिसर में खुशी का माहौल है। प्रो डॉ आलोक रंजन कुमार के नेतृत्व में शिक्षक एवं शिक्षककेतर-कर्मियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर हिंदी विभाग अध्यक्ष सह नैक कोऑर्डिनेटर डॉ आलोक रंजन कुमार ने कहा कि यह जीत सांसद विष्णु दयाल राम जी के



लगातार 10 वर्षों के परिश्रम, कर्तव्यों के निर्वाह और जनता की सेवा की है। यह सत्य, ईमानदारी और कर्मठता की जीत है। हमारे कॉलेज का विकास सांसद महोदय के निर्देशन में और अधिक होगा। शिक्षक प्रतिनिधि डॉ आनंद कुमार ने कहा कि सांसद महोदय की जीत से हम सभी बेहद खुश हैं। एक बार पुनः हमलोगों को उनके सानिध्य में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। डॉ चंदन कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# स्पोर्ट्स



टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के 10वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रनों से हरा दिया। ओमान ने गुरुवार को टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने पहले 164 रन बनाए, फिर ओमान को 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन पर ही रोक दिया।

## ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया

### स्टोयनिस ने नाबाद 67 रन बनाए व 3 विकेट झटके, वॉर्नर की फिफ्टी

**बारबाडोस (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के 10वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हरा दिया। ओमान ने गुरुवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल मैदान में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 164 रन बनाए। जवाब में ओमान 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 125 रन बना सकी। ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्कस स्टोयनिस ने दोहरा प्रदर्शन किया। पहले स्टोइनिस ने बल्लेबाजी में कमाल करते हुए 186.11 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 67 रनों की शानदार पारी खेली और फिर बॉलिंग करते हुए 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



#### स्टोयनिस-वॉर्नर के बीच 102 रनों की साझेदारी

ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका 19 रन के स्कोर पर लगा। ट्रैविस हेड को बिलाल खान ने आउट किया। वह सिर्फ 12 रन बना सके। टीम के लिए मार्कस स्टोयनिस ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 36 गेंदों में दो चौके और छह छक्कों की मदद से नाबाद 67 रनों की पारी खेली। ओपनर डेविड वॉर्नर ने 51 गेंदों में 6 चौके और एक छक्के की मदद से 56 रनों की पारी खेली। वहीं, मार्कस स्टोयनिस और डेविड वॉर्नर के बीच चौथे विकेट के लिए 102 (64 गेंद) रनों की साझेदारी हुई। ओमान के लिए मेहरान खान ने सबसे ज्यादा 2 विकेट झटके। उन्होंने मिचेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल को अपना शिकार बनाया।

#### अयान ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 125 रन ही बना सकी। ओमान के लिए अयान खान ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 30 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 36 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टोइनिस ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। मिचेल स्टार्क, नाथन एलिस और एडम जम्पा ने 2-2 विकेट लिए।

## पांकी थाने में प्रशिक्षु आइपीएल व तीन चौकीदारों को दी गयी विदाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी थाना परिसर में प्रशिक्षु आइपीएस गौरव गोस्वामी व तीन चौकीदारों को विदाई दी गई। उपस्थित लोगों ने फूल माला, अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सभी को सम्मानित किया। प्रशिक्षु आइपीएस गौरव गोस्वामी ने कहा कि अपने कार्यकाल में थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से अपराधियों पर अंकुश लगाने व पांकी में अमन चैन शांति के लिए हमेशा ग्रामीण जनता का सहयोग मिला। मौके पर डीएसपी मनोज कुमार झा, इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, उपप्रमुख अमित कुमार चौहान, मध्य जिला परिषद खुशबू कुमारी,बीस सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह, मुखिया के संघ अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, पिपराटांड थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह,मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, लेस्लीगंज थाना प्रभारी, मुखिया प्रेम प्रसाद, गुड्डू सिंह, मिंटी वर्मा, समाजसेवी रफीक अंसारी, सुनील सिंह, पारसनाथ सिंह, बबलू खान, पंसस मिथलेश यादव आदि थे।

## पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने रखा व्रत, की वट वृक्ष की पूजा



**विश्रामपुर/पालमू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नप व आंचलिक क्षेत्रों में वट सावित्री व्रत के अवसर पर महिलाओं ने विशेष पूजा-अर्चना की। बताते चले कि प्यार, श्रद्धा समर्पण व पति की लंबी उम्र की कामना के लिए सुहागिनों ने वट सावित्री व्रत के दिन उपवास रखा। सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा के अवसर पर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना भी की। अहले सुबह से ही महिलायें वट वृक्ष के नीचे जमा हो कर पूजा में लीन हो गयी थी। महिलाओं ने पूरी श्रद्धा के साथ वट वृक्ष का परिक्रमा किया। सुहागिनों ने वट वृक्ष के नीचे बैठकर सावित्री-सत्यवान की कथा भी सुनी। क्षेत्र के विभिन्न वट वृक्ष के नीचे मुख्य पूजा का आयोजन हुआ। जहां राज पुरोहित अच्युतानंद पांडेय,राजन पांडेय सहित कई पुजारियों ने महिलाओ को सावित्री-सत्यवान की कथा सुनायी।

# नीट की परीक्षा में सफल हुआ टेंपो मिस्त्री का बेटा, हुआ सम्मानित




**परीक्षा में 720 में से 639 अंक प्राप्त किया। डॉक्टर बनना चाहता है सोहेल**

आजाद सिपाही संवादाता

**कतरास।** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में समारोह आयोजित कर नीट परीक्षा में सफल हुए छात्र सोहेल अख्तर को गुरुवार को सम्मानित किया। जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने सोहेन को प्रशस्ति पत्र, पुस्तक,अंग वस्त्र और गुलदस्ता देखकर सम्मानित किया। बतातें चलें कि श्यामडीह निवासी सोहेल का पिता हायुल अंसारी पेशे से टेंपो मिस्त्री है। सोहेल ने बताया कि वह 720 अंको में से 639 अंक प्राप्त किया है। वह 10वीं और 12वीं की पढ़ाई डीएवी पब्लिक स्कूल बरोरा से की है। आगे चलकर वह डॉक्टर बनना चाहता है। उसने इस सफलता का श्रेय मां नुरेशा बीबी और पिता हायुत अंसारी समेत पूरे परिवार को दिया है। वहीं, दीप नारायण सिंह ने कहा कि एक मजदूर का बेटा नीट परीक्षा में सफल होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यूथ फोर्स परिवार उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसे हर संभव मदद करने को तैयार है। इस मौके पर जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चंद्र गोप, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष इम्तियाज खान, जदयू धनबाद जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, यूथ फोर्स तोपचांची प्रखंड दक्षिण भाग अध्यक्ष फुलचंद दास, यूथ फोर्स केंद्रीय सचिव सूरज कुमार सिंह, सपन दूबे, प्रदीप सिंह, मो सलीम खान, मो मुजाहीद आदि उपस्थित थे।

## राजस्व संग्रहण भू-अधिग्रहण पर विशेष लोक अदालत 29 जून को

# भू-अधिग्रहण के मामले में जल्द किया जाए मुआवजे का भुगतान

- जिला जज ने पदाधिकारियों को दिया निर्देश
- ज्यादा से ज्यादा विवादों के निपटारा का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता


विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रधान जिला जज।

**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से धनबाद सिविल कोर्ट में 29 जून को एक दिवसीय भू अधिग्रहण, राजस्व संग्रहण से संबंधित मुकदमों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसे लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने जिला प्रशासन, बीसीसीएल, ईसीएल, सेल, टाटा, रेलवे, डिविसी पिएसयू अधिकारियों व नगर निगम के अधिकारियों, अधिवक्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रशासनिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ज्यादा से ज्यादा विवादों का निपटारा राष्ट्रीय लोक अदालत में कराएं, ताकि पक्षकारों को परेशानी ना हो। उन्हें उचित मुआवजा मिल सके। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि 29 जून को भू अधिग्रहण राजस्व संग्रहण के मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत लगाई गई है। जिसके लिए 24 से 28 जून तक प्री सीटिंग बैठक भी आयोजित की गई है। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष हर विभाग में कैंप कोर्ट लगाकर मौके पर विवादों का निपटारा करेंगे। न्यायिक पदाधिकारी को भी जिला जज ने निर्देश दिया कि वैसे मामलों को चिन्हित करें, जिनका निपटारा विशेष लोक अदालत में किया जा सकता है। इस मौके पर स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार, अवर न्यायाधीश स्वेता कुमारी, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एलआरडीसी संतोष गुप्ता, डीएफओ विकास पलीवाल, जिले के सभी अंचलाधिकारी, बीडीओ, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, नगर निगम के अधिकारी, रेलवे, टाटा, बीसीसीएल, ईसीएल सेल, बैंक और पीएसयू अधिकारी उपस्थित थे।

# धनबाद मंडल में मना अंतर्राष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंडल में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस 2024 मनाया गया। इस अवसर पर डीआरएम कार्यालय से धनबाद रेलवे स्टेशन तक प्रभात फेरी निकाली गई। जिसे धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए धनबाद रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा यात्रियों के बीच पम्पलेट वितरित किया गया। सा ही भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की ओर से नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने लोगों से अपील की कि पैदल या गाडी से रेलवे लाइन वहीं पार करें, जहां अधिकृत रेलवे क्रासिंग हो। गलत तरीके से रेल फाटक पार करने की वजह से अपनी जान के साथ ही दूसरे यात्रियों की जान को जोखिम में ना डालें। कुछ पल का इंतजार आपकी एवं अन्य लोगों की जिंदगी बचा सकती है। इस अवसर पर मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# मैनुअल लोडिंग की मांग को ले ग्रामीणों का धरना-प्रदर्शन





आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास/धनबाद।** बीसीसीएल ब्लॉक-टू अंतर्गत मधुबन कोल वाशरी में मैनुअल लोडिंग की मांग को लेकर कोल माईनस वर्कस यूनियन के बैनर तले ग्रामीणों ने गुरुवार को ब्लॉक क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वार के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व कर रहे यूनियन नेता बलदेव वर्मा ने कहा कि अधिकारी मजदूरों की मांगों की अनदेखी कर रहे हैं। स्थानीय बेरोजगारों को काम देना ही होगा। उन्होंने कहा कि मधुबन कोल वाशरी में सैलेरी का कोयला पेलोडर से ट्रकों में लोड होता है। श्रम शक्ति के माध्यम से लोडिंग कराने के लिए कई बार आंदोलन किया गया। वार्ता के दौरान मैनुअल लोडिंग करवा देने कि सहमति बनी थी, लेकिन आज तक परिणाम सामने नहीं आया है। झारखण्ड सरकार के नियमानुसार कंपनी को 75 फीसदी स्थानीय लोगों को नियोजन देना है। इधर, प्रबंधन का कहना है कि मजदूरों की मांगों से वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है। उनका आदेश मिलने पर ही मैनुअल लोडिंग के बारे में कुछ कहा जा सकता है। मैनुअल लोडिंग में मजदूरों की सुरक्षा का सवाल खड़ा होता है। इस मौके पर सुमित कुमार रवानी, धनेश्वर कुम्हार, महेंद्र रविदास, राजेश रविदास, शशि भूषण प्रसाद, गोपाल महतो, प्रहलाद कुम्हार, नागेश्वर रवानी, सुबोध कुमार साव, गोपी रवानी, संतोष रवानी आदि उपस्थित थे।

# सरकारी शराब दुकान में प्रिंट रेट से अधिक राशि लिए जाने पर हुआ हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** सरकारी शराब दुकानों में प्रिंट रेट से अधिक राशि लिए जाने पर गोविंदपुर, बलियापुर रोड पर स्थित शराब दुकान पर लगभग दो से तीन घंटे तक जमकर हंगामा हुआ। बिट्टू सिंह नामक व्यक्ति ने प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जाने पर हंगामा करते हुए अपने कुछ दोस्तों को भी वहां बुला लिया। वहीं, शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग भी इकट्ठा होने लगे। पूछे जाने पर बिट्टू ने बताया कि उसने तीन कैन बियर उक्त दुकान से खरीदा, जिस पर प्रिंट रेट के हिसाब से 420 रुपए होता है। लेकिन दुकानदार उसने 450 ले लिया। उसने ऑनलाइन पैसों का भुगतान भी किया है, जिसकी रसीद उसके पास है। वहीं, छात्र नेता गौतम महतो ने कहा कि यह खेल यहां कई सालों से चल रहा है। उक्त दुकान पर पहले भी प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जाने पर हंगामा हो चुका है। लेकिन अंदर ही अंदर सेटलमेंट कर मामले को रफादफा कर लिया जाता है, जिस कारण इस दुकान पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। इस तरह भोलेभाले लोगों से प्रतिदिन इस तरह लाखों रुपए की अवैध कमाई की जा रही है। फिलहार मामला शांत है। दोनों पक्ष पुलिस में शिकायत की बात कह रहे हैं, लेकिन किसी ने समाचार लिखे जाने तक शिकायत नहीं की थी। दूसरी ओर, एटूजे कंपनी के धनबाद हेड उमर फारूकी ने कहा कि बिट्टू सिंह पहले शराब दुकान में काम करता था। वह मुफ्त की शराब मांगता है। नहीं देने पर इस तरह के आरोप लगाकर हंगामा करता है। तत्काल इस पर केस करने की तैयारी चल रही है। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर की धनबाद में कई और दुकान है जहां प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जा रहे हैं जैसे झरिया, विनोद बिहारी चौक के पास, भूली, पुटकी, बोररागढ़ आदि कई दुकान है जहां प्रिंट रेट से पैसे अधिक लिए जा रहे हैं। इस पर उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# माहुरी समाज ने समारोह आयोजित कर प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**कतरास (आजाद सिपाही)।** माहुरी वैश्य मंडल कतरास शाखा के तत्वावधान में गुरुवार को माहुरी समाज भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें 12वीं कॉमर्स के जिला टॉपर राज्य में तीसरा स्थान लान वाले संकेत गुप्ता सहित आइसीएसइ एवं झारखंड बोर्ड के 10वीं व 12वीं के दर्जनों सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर हौसला बढ़ाया। माहुरी वैश्य मंडल के केंद्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से होनहार बच्चों का मनोबल बढ़ता है। माहुरी समाज हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। मौके माहुरी समाज के केंद्रीय मंत्री राजकुमार, कतरास शाखा के अध्यक्ष बबलू गुप्ता, सचिव नीरज कुमार गुप्ता, निवर्तमान पार्षद विनायक गुप्ता, प्रकाश राम गुप्ता अधिवक्ता अवधेश प्रसाद गुप्ता, बाल गोविंद गुप्ता, संजय गुप्ता, दिलीप गुप्ता, रजनीश गुप्ता, संदीप गुप्ता, राजेश गुप्ता, महिला समिति के सचिव शिखा गुप्ता, रुचि गुप्ता, रजनी गुप्ता, संगीता गुप्ता, सुधा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, रेणू सेठ, दीप्ति गुप्ता, नीतू गुप्ता, संगीता सेठ आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन रजनी गुप्ता एवं रेखा गुप्ता ने किया।

# चोरों ने एसी तोड़कर कार्यालय में किया प्रवेश, हजारों की संपत्ति लेकर हुए चंपत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बाघमारा।** बीसीसीएल ब्लॉक-2 अंतर्गत एबीओसी पी माईन्स के लालबंगला स्थित परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में चोरों ने एसी तोड़कर उसी रास्ते से कार्यालय में प्रवेश किया और वहां से हजारों की संपत्ति लेकर चंपत हो गए। वहीं, बीसीसीएल प्रबंधन ने कंपनी के सुरक्षा प्रहरी सुब्बा हरिजन को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। बतातें चलें कि बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने लालबंगला स्थित पीओ कार्यालय में लगा एयर कंडीशनर को खोलकर कार्यालय में प्रवेश किया और वहां से करीब 85 हजार रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। चोरों ने एक एयर कंडीशनर जिसका मूल्य 45 हजार, इनवर्टर और बैटरी मूल्य 25 हजार और कलर प्रिंटर चोरी कर चंपत हो गए। कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी केके सिंह, ब्लॉक टू एरिया नोडल अधिकारी राजीव रंजन, कार्मिक प्रबंधक पीके झा, अनिल कुमार, विकास कुमार कार्यालय पहुंचकर चोरी हुए सामग्री की समीक्षा की और घटना की लिखित सूचना बाघमारा थाने को दे दी। वहीं, सूचना पाकर बाघमारा थाना के अवर निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय और सीआईएसएफ की इस्पेक्टर अर्चना मनीला बेग घटना स्थल पहुंची और जांच कर बाघमारा थाना में मामला दर्ज किया है।

# बीएसएल के ऑक्सीजन प्लांट में पौधारोपण अभियान के साथ मना विश्व पर्यावरण दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** विश्व पर्यावरण दिवस अभियान 'हमारी भूमि-हमारा भविष्य' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और ड्राउट रिज़िल्यन्स थीम पर केंद्रीत है। इस थीम को ध्यान में रखते हुए मुख्य अतिथि पीके बैसाखिया मुख्य महा प्रबंधक (अनुरक्षण और उपयोगिताएं) की उपस्थिति में बीएसएल के ऑक्सीजन प्लांट में पौधारोपण किया गया। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और बीएसएल द्वारा कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने, हरित आवरण को बढ़ाने और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की प्रतिबद्धता के लिए ऑक्सीजन प्लांट प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिन्होंने नीम, महोगनी, आम और अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए. बीएसएल में पौधारोपण अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति कंपनी के समर्पण पर जोर देता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने और पर्यावरण संरक्षण की टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के वैश्विक प्रयासों के साथ भी जुड़ा है। ऑक्सीजन प्लांट विभाग के विभागाध्यक्ष महाप्रबंधक संजय गुप्ता ने सभी लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। ऑक्सीजन प्लांट के महा प्रबंधक राजीव सिंह, वीके शर्मा, चैताली दास, सहायक महा प्रबंधक रणविजय कुमार का पौधारोपण अभियान में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान था।

# विवाहिताओं ने की वट सावित्री की पूजा, की पति के दिर्घायु की कामना



आजाद सिपाही संवाददाता

**कथारा।** आस्था और विश्वास के साथ अपने अखंड सौभाग्य के लिए विवाहित महिलाओं ने गुरुवार को वट सावित्री की पूजा की। वट वृक्ष की परिक्रम कर सुहागिन महिलाएं अपने पति के दीघार्यु होने की कामना की। कथारा क्षेत्र में व्रतियों ने विधिवत पूजा कर प्रसाद चढ़ाई। इसके बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर एवं प्रसाद देकर खुशी का इजहार किया। विभिन्न क्षेत्रों की निवासी होने के कारण व्रतियों के पूजा करने व व्रत रखने का विधि विधान भले ही अलग रहा, पर लक्ष्य और उद्देश्य एकमात्र अखंड सौभाग्य की कामना रहा। कुछ व्रतियों ने पूजनोपरांत पारण करने एवं भोजन करने के विधान तो कुछ सुहागिनों ने पूजनोपरांत 24 घंटे का उपवास रखने की बात कही। पूजन स्थल पर कुछ कुछ जगहों पर महली बाध शिव मंदिर के पुजारी राजेंद्र मिश्रा और कथारा एक नंबर मंदिर के मुकेश कुमार पांडेय ने मंत्रोच्चारण कर पूजा संपन्न कराया। वहीं वट सावित्री की कथा श्रवण कराया। बताया कि वट सावित्री व्रत सनातन धर्म में विशेष स्थान रखता है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और सुखद जीवन जीने के लिए निर्जला या फलहार व्रत रखती है। कुछ स्थानों पर व्रती खुद पूजन करती देखी गई। उन्होंने बताया कि वट वृक्ष में भगवान त्रिदेव अर्थात भगवान ब्रह्मा, भगवान विष्णु और भगवान महादेव शिव का स्थान होता है।

## धनबाद व गिरिडीह से एनडीए प्रत्यासियों की जीत पर महुदा में निकला विजय जुलूस

# ढुल्लू महतो और चंद्र प्रकाश चौधरी क्षेत्र में गढ़ेंगें विकास के कीर्तिमान : शेखर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** लोकसभा चुनाव में धनबाद व गिरिडीह सहित झारखंड में नौ सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं-समर्थकों ने विजय जुलूस निकाल कर जमकर जश्न मनाया। महुदा में आजसू के गिरिडीह लोस सीट के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी और धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की जीत पर एनडीए कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाल कर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह के नेतृत्व में निकले इस जन आभार जुलूस में होली और दिवाली सा उत्साह दिखा। ढोल गाजे बाजे के साथ राधानगर से निकले इस जुलूस में शेखर सिंह और एनडीए घटक दल के सभी समर्थक और कार्यकर्ताओं ने ढुल्लू महतो और चंद्रप्रकाश चौधरी जिंदाबाद के नारे लगाए। जुलूस महुदा बाजार मुख्यमार्ग से लालबंगला मोड़ होते हुए पुनः राधानगर में समाप्त हुआ। जुलूस में मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह, राजीव सिंह, पूर्व मुखिया संपद घोषाल, पूर्व मुखिया किसुन महतो, पंसस सह सांसद प्रतिनिधि अजय दास, हिमांशु रवानी, रंगलाल रवानी, घनश्याम महतो, समीर पाण्डेय, रोमी वर्णवाल, बलराम सिंह, समेत दर्जनों कार्यकर्त्ता शामिल थे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह ने कहा कि भाजपा व आजसू गठबंधन के कुशल नेतृत्व में देश फिर एक बार विकास के पथ पर दौड़ लगाने को तैयार है। विकास के पर्याय सांसद ढुल्लू महतो और चंद्रप्रकाश चौधरी विकास के नए कीर्तिमान गढ़ेंगे। उन्होंने कांग्रेस व झामुमो प्रत्यासी की आलोचना की।

# बेरमो में धूमधाम से हुई वट सावित्री की पूजा



**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** बेरमो अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्र में गुरुवार को वट सावित्री पूजा धूमधाम से की गयी। तेनुघाट वट वृक्ष के नीचे शारदा पांडे की ओर से दर्जनों महिलाओं ने पूजा कर अपने-अपने पतियों की लंबी आयु के लिए सत्यवान-सावित्री के साथ यमराज की कथा सुनी। इसके बाद वट वृक्ष में लाल-पीले सूत को बांधा और पूजा की। वहीं, शारदा पांडे ने बताया कि यह पर्व महिलाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दिन पत्नी अपने पति की लंबी उम्र और सुखद वैवाहिक जीवन के लिए ये व्रत रखती है। यह पर्व ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या के दिन मनाया जाता है। वहीं, स्वाति सिन्हा, गुड़िया सिंह, ज्योति शर्मा और सरिता श्रीवास्तव ने कहा कि वट सावित्री पूजा में पहले सावित्री, सत्यवान और यमराज की मूर्ति वट वृक्ष के नीचे बनाया जाता है। उसके बाद वट वृक्ष की जड़ में जल, फूल-धूप और मिठाई से पूजा की जाती है। इसके बाद कच्चा सूत लेकर वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए सूत तने में हमलोग लपेटते है। फिर भीगा चना लेकर सावित्री सत्यवान की कथा सुनते है। उसके बाद पत्नी अपने पति को पंखे से हवा देकर अशीर्वाद लेती है। जबकि पति अरनी पत्नी को अन्न-जल ग्रहण करवाकर व्रत तोड़वाते हैं।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 07 जून, 2024
www.azadsipahi.in


# साढ़े चार करोड़ उड़िया, उड़िया अस्मिता, भाषा, संस्कृति और पहचान की विजय है : धर्मेंद्र प्रधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में एक नया इतिहास लिखा गया है। यह जीत सिर्फ बीजेपी की जीत नहीं है, बल्कि साढ़े चार करोड़ उड़िया वासियों की भी जीत है। संबलपुर लोकसभा के विजयी उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओड़िशा जनादेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह जीत उड़िया अस्मिता, भाषा और संस्कृति के लिए एक बड़ी जीत है।

श्री प्रधान ने भाजपा को पूर्ण बहुमत का आशीर्वाद देने के लिए संबलपुर लोकसभा क्षेत्र सहित ओड़िशा की जनता को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल और बीजेपी कार्यकर्ताओं ने विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी समेत पार्टी के नेता ने राज्य के लोगों से ओड़िशा की सेवा करने की अपील की। हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ राज्य नेतृत्व ने लोगों से 21वीं सदी में ओड़िशा को अग्रणी क्षेत्र राज्य बनाने का आग्रह किया। इस अनुरोध को स्वीकार करने और हमें भाजपा की सेवा करने का अवसर देने के लिए ओड़िशा के लोगों का आभार व्यक्त किया। भाजपा 24 साल में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। यह भगवान जगन्नाथ, मां समलेई, मां हिंगुला और सभी देवताओं के आशीर्वाद से संभव हुआ है। हम भाग्यशाली हैं कि हमें भगवान के आशीर्वाद से ओड़िशा के लोगों की सेवा करने का अवसर मिला। यह हमारे शीर्ष नेतृत्व की दूरदर्शिता, मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से संभव हुआ है। भाजपा की जीत सभी उड़िया लोगों की जीत है। ओड़िया की आशाओं और आकांक्षाओं की जीत है। यह जीत उड़िया अस्मिता की जीत है, जो प्रधानमंत्री के मजबूत नेतृत्व पर लोगों के विश्वास और आशा का प्रतिबिंब है। उड़िया अस्मिता और संस्कृति में महाप्रभु की संस्कृति, उनके रीति-रिवाजों और परंपराओं की चर्चा की गयी है। इसके लिए उड़िया जनता ने भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है। मोदी जो कहते हैं, वो करते हैं। इसके लिए उड़िया जनता ने भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का ओड़िशा की जनता से किया गया वादा पूरा होगा। मोदी की सभी गारंटी का सपना सच होगा। श्री प्रधान ने कहा कि भगवान श्रीजगन्नाथ के आशीर्वाद से भाजपा दृढ़ संकल्प के साथ लोगों की सेवा करने और सभी वादों को पूरा कर ओड़िशा को एक नये शिखर पर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## खोरधारोड मंडल का अंतरराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** खोरधारोड मंडल ने अंतरराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस मनाया । इसका उद्देश्य सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच जागरूकता फैला कर लेवल क्रॉसिंग सुरक्षा में सुधार लाना और लेवल क्रॉसिंग पर दुर्घटनाओं से बचना है। कार्यक्रम के एक भाग के रूप में हरिपुरग्राम जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर केपी-2 पर जनता के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन-साधारण की जागरूकता के लिए लेवल क्रॉसिंग गेट पर सामूहिक काउंसलिंग किये गये, पर्चे बांटे गये, बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किये गये और सुरक्षा सावधानियों पर नारे लगाये गये। खोरधारोड नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनता को जागरूक किया गया कि ट्रेन को रेलवे लेवल क्रॉसिंग से गुजरने में केवल कुछ सेकंड लगते हैं, इसलिए लोगों को धैर्य रखना चाहिए और गेट बंद होने पर रेलवे ट्रैक का अतिक्रमण नहीं करना चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान शुभ्र ज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा), खोरधारोड, एससी बेहुरिया, उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी (इंजीनियरिंग)/पूर्व तट रेलवे और लिंगराज त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी (प्रभारी), खोरधारोड एलसी गेट पर मौजूद थे। बीके मलिक,अपर मंडल सुरक्षा अधिकारी, खोरधारोड ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## ओड़िशा में 10 जून से पहले दस्तक देगा मानसून : मनोरमा महांति



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र का अनुमान है कि मानसून स्वाभाविक समय से पहले आयेगा। 10 जून से पहले मानसून ओड़िशा में दस्तक देगा। क्षेत्रीय मौसम केंद्र की निदेशक मनोरमा महांति ने जानकारी दी है कि अगले 3 दिनों में मानसूनी हवा राज्य को छूने की संभावना है। उन्होंने कहा कि मौसम अनुकूल है। मॉनसून की शुरुआत से 48 घंटे के अंदर दक्षिण ओड़िशा के कुछ हिस्सों में प्राक-मॉनसून बारिश होने की संभावना है। 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। इस बीच राज्य में भीषण गर्मी की स्थिति बनी हुई है और तटों पर असहनीय गर्मी की लहरें चल रही हैं। दिन का तापमान 8 से 10 तारीख तक बढ़ने की संभावना है।

## दो वरिष्ठ सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारियों सुरेश महापात्र और आर बालकृष्णनने दिया इस्तीफा



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** दो वरिष्ठ सेवानिवृत्त आइएएस सुरेश महापात्र और आर बालकृष्णन ने इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री के इस्तीफे के बाद सीएमओ पद से इस्तीफा दे दिया। सुरेश महापात्र ने सीएमओ के मुख्य सलाहकार पद से इस्तीफा दे दिया है। इसी प्रकार विशेष पहल सलाहकार के पद से आर बालाकृष्णन ने इस्तीफा दे दिया है। दोनों का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। राज्य सरकार के लोक प्रशासन विभाग की ओर सेअधिसूचना प्रकाशित कर इसकी जानकारी दी गयी है।

## पटना से जसीडीह जा रही पैसेंजर ट्रेन में लगी भीषण आग, यात्रियों ने कूद कर बचायी जान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लखीसराय।** पटना से जसीडीह जा रही पैसेंजर ट्रेन में भीषण आ गई। यह घटना किऊल जंक्शन की है, जहां पहले एक कोच में आग लगी और फिर आग ने दूसरी कोच को भी अपने आगोश में ले लिया। देखते ही देखते धूकर-धूकर बॉगी जलने लगी। गनीमत रही कि आग फैलने से पहले ही कोच में सवार यात्री कूद गये। कुछ ही मिनट में ट्रेन के दो कोच में आग फैल गयी। इससे दो कोच पूरी तरह से जल गए। इधर, घटना की सूचना के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गयी। रेलवे की टीम की मदद से आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। घटना किऊल जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या चार पर हुई।

**जांच में जुटी रेलवे की टीम :** आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। दानापुर डिवीजन के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं आग लगने की इस घटना में फिलहाल किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

## दुनिया की दूसरी सबसे वैल्युएबल कंपनी बनी एनवीडिया, मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर के पार

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका की सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया एपल को पीछे कर दुनिया की दूसरी सबसे वैल्युएबल कंपनी बन गई है। एनवीडिया कॉर्प का शेयर 5 जून को 60.03 डॉलर (5.16%) की तेजी के साथ 1,224.40 डॉलर पर बंद हुआ। शेयर में आई इस तेजी से कंपनी का मार्केट कैप 3.01 ट्रिलियन डॉलर (करीब 251 लाख करोड़) हो गया है। वहीं, एपल का मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर (करीब 250 लाख करोड़) है। बुधवार को एपल का शेयर 0.78% की तेजी के साथ 195.87 डॉलर पर बंद हुआ है।




## एमसीएल का विश्व पर्यावरण दिवस के लिए सप्ताह भर कार्यक्रमों का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने पर्यावरण सप्ताह 2024 का समापन कार्यक्रम मनाया। इस अवसर पर उदय ए कोले, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में निदेशक (कार्मिक) केशव राव, सीवीओ पीके पटेल, निदेशक (वित्त) एके बेहुरा, निदेशक (तकनीकी) एएस बापट और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। 30 मई से 5 जून तक आयोजित सप्ताह भर का कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित था। इसमें पौधरोपण अभियान, सफाई अभियान, शैक्षिक कार्यशालाएं और प्रतियोगिताओं सहित गतिविधियों की एक श्रृंखला शामिल थी, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों, उनके परिवारों और स्थानीय समुदाय को पर्यावरण संरक्षण में शामिल करना था। समापन समारोह के दौरान सीएमडी उदय ए कोले ने एक प्रेरक भाषण दिया, जिसमें पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति एमसीएल की अटूट प्रतिबद्धता और जलवायु परिवर्तन से निपटने में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने हरित भविष्य को बढ़ावा देने में इस तरह की पहल के महत्वपूर्ण प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इसमें शामिल सभी लोगों की उत्साही भागीदारी और समर्पण को स्वीकार किया।

एमसीएल के निदेशकों और सीवीओ ने भी सभा को संबोधित किया और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरणीय प्रथाओं में निरंतर प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया। पूरे सप्ताह आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों और विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान करने के साथ समारोह का समापन हुआ।










## एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने सिपेट रांची में पौधरोपण के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/भुवनेश्वर।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय/एनएमएल, रांची में केंद्रीय पेट्रोरसायन इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआइपीइटी), रांची के नये परिसर में बड़े पैमाने पर फल देने वाले पौधों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब के सहयोग से पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर सामूहिक पौधरोपण का आयोजन किया गया। पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन ने फलदार पौधे लगाने की शुरुआत की, जिसके बाद शिखा रस्तोगी, उपाध्यक्ष, सुनीता पांडे, वरिष्ठ सदस्य, महासचिव, मनसा वर्मा, संयुक्त सचिव, दीपा कुमारी, कोषाध्यक्ष, स्निग्धा रानी मांझी और सपना पारीक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं, पकरी बरवाडीह, चट्टीबरियातु, केरनदारी, बादाम, बनारडीह, दुलंगा और तलाईपल्ली कोयला खनन परियोजनाओं की से बड़ी संख्या में छात्रों सह परियोजना प्रभावित व्यक्तियों द्वारा बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान में भाग लिया गया। ये छात्र सिपेट में प्लास्टिक प्रसंस्करण पाठ्यक्रमों पर कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जो की एनटीपीसी द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रायोजित है।





## अमृतसर के गोल्डन टेंपल में लगे खालिस्तानी नारे

- ऑपरेशन ब्लू स्टार की 40वीं बरसी पर भिंडरांवाले के पोस्टर

आजाद सिपाही संवाददाता

**अमृतसर।** पंजाब में गुरुवार को ऑपरेशन ब्लू स्टार की 40वीं बरसी मनायी गयी। इसके लिए अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल में काफी संख्या में सिख समुदाय के लोगों की भीड़ जमा हुई। यहां भीड़ ने हाथों में तलवारें लहराते हुए खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये। हाथ में ऑपरेशन ब्लू स्टार में मारे गये जरनैल सिंह भिंडरावाले के पोस्टर लेकर उसके समर्थन में भी नारे लगाये।

पंजाब में 2 दिन पहले आये लोकसभा चुनाव परिणाम में 2 खालिस्तान समर्थक रिकॉर्ड वोटों से जीते। इनमें असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल और इसी ऑपरेशन ब्लू स्टार के विरोध में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले उनके सिक्योरिटी गार्ड बेअंत सिंह का बेटा सर्बजीत सिंह खालसा शामिल है। गोल्डन टेंपल में अमृतपाल की मां और फरीदकोट से सांसद चुने गये सर्बजीत खालसा भी पहुंचे। अमृतपाल की मां बलविंदर कौर पहले ही वहां से चली गयीं, लेकिन सांसद खालसा गोल्डन टेंपल में रुके रहे। बरसी को देखते हुए पुलिस भी हाई अलर्ट पर रही। अमृतसर में पैरामिलिट्री और पुलिस की सुरक्षा तैनात की गयी। इस दौरान अमृतसर के बाजार बंद रहे। सिखों के सर्वोच्च श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघवीर सिंह के संबोधन के बाद समागम को खत्म कर दिया गया।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**